सुप्रभात
रांची, सोमवार
29.07.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

PARiS 2024

khabarmantra.net सावन, कृष्ण पक्ष, सप्तमी संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 20 | 12

इजरायल में फुटबॉल मैदान पर मिसाइल से हमला, 12 की मौत

## न्यूज डायरी

### महिला एशिया कप जीत कर श्रीलंका ने रचा इतिहास

**नयी दिल्ली।** महिला एशिया 2024 का खिताब श्रीलंका ने पहली बार जीत कर इतिहास रच दिया। भारत को एशिया कप के फाइनल में 8 विकेट से हराकर श्रीलंका ने हरमनप्रीत कौर के 9वां एशिया कप का खिताब उठाने का सपना तोड़ दिया है। इस मैच में भारत ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 165 रन बनाये थे। इस लक्ष्य को श्रीलंका ने 18.4 ओवर में 3 विकेट खोकर 167 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैच में भारत के लिए पारी की शुरूआत स्मृति मंधाना और शैफाली वर्मा ने की थी। इन दोनों ने 6.2 ओवर में 44 रन जोड़े। भारत के लिए सबसे ज्यादा रन (60) उपकप्तान और सलामी बल्लेबाजी स्मृति मंधान ने बनाये। श्रीलंका के लिए कविशा दिलहारी ने सबसे ज्यादा 2 विकेट हासिल किये।

### पदक दिलाने पर सीएम हेमंत ने दी मनु को बधाई

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने पेरिस ओलंपिक में अपने शानदार खेल से देश के लिए पहला पदक जीतने के लिए मनु भाकर को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत को पहला पदक दिलाने पर उन्हें बहुत-बहुत बधाई और जोहार। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर उन्हें बधाई दी है।

### महिला को जंगली हाथी ने कुचल कर मार डाला

**खूंटी।** ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। तपकारा थाना क्षेत्र के लोहाजिमी जंगल में रविवार को एक जंगली हाथी ने रूगड़ा चुनने गयी पोलो मुंडाइन (55) को कुचल कर मार डाला। वह लोहाजिमी मुखिया टोली की रहने वाली थी। जानकारी के अनुसार अन्य महिलाओं के साथ वह मवेशी चराने जंगल गयी थी। उसी बीच वह जंगल के अंदर रूगड़ा चुनने चली गयी। वहीं हाथी ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और उसे पटक दिया तथा पैरों से बुरी तरह कुचल दिया। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। हाथी ने उसके शव को बुरी तरह क्षत विक्षत कर दिया।

### सीसीएल को खान सुरक्षा में 2 पुरस्कार

**रांची।** सीसीएल ने 28 जुलाई को कोलकाता में आयोजित खान सुरक्षा पुरस्कार 2024 समारोह में दो पुरस्कार जीते। खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) के तत्वावधान में कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में सयाल डी ओपनकास्ट खदान को लघु ओपनकास्ट खदान श्रेणी में प्रथम पुरस्कार और अशोक ओपनकास्ट खदान को मध्यम ओपनकास्ट खदान में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार के इतिहास में पहली बार कोयला, धातु और तेल खनन कंपनियों के प्रतिभागियों ने एक साथ भाग लिया।

### सरायकेला के आसंगी घाट में दो बच्चे डूबे

**चाईबासा।** सरायकेला- खरसावां जिला के आरआईटी थाना अंतर्गत आसंगी घाट में नहाने गये इच्छापुर के दो बच्चे डूब गये। सूचना मिलते ही आरआईटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से बच्चों की तलाश में जुट गयी है। अबतक बच्चों का कोई अता-पता नहीं चल सका है। घटना रविवार दिन के लगभग 11:00 बजे के आसपास की है। बच्चों का नाम आदित्य महतो (15) और सुमित मोदी उर्फ भोलू बताया जा रहा है। दोनों के परिजन मौके पर पहुंच गये हैं। जहां सभी का रो- रोकर बुरा हाल है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 64700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 85000 रु./प्रति किलो |

# ओलंपिक में मनु ने दिलाया देश को पहला पदक



## निशानेबाजी में ब्रॉन्ज पर साधा निशाना

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में भारत का पदक का खाता खुल गया। भारतीय तीरंदाज मनु भाकर ने भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। रविवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत की स्टार शूटर मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल पर अपना कब्जा जमाय। मनु भाकर को कोरिया की शूटरों से कड़ा मुकाबला करना पड़ा। इस पदक के साथ ही मनु भाकर ने इतिहास रचा है। वह 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बन गयी हैं। उन्होंने पहले राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के खिताब भी जीते हैं। मनु ने फाइनल में 221.7 अंक हासिल किये और भारत को पेरिस ओलंपिक 2024 का पहला पदक दिलाया। दक्षिण कोरिया की ओह ये जिन ने 243.2 प्वाइंट्स के ओलंपिक रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। एक अन्य कोरियाई की येजिन ने 241.3 अंकों के साथ रजत पदक पर अपना कब्जा जमाया।

**मोदी ने की फोन पर बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनु भाकर के पदक जीतने पर खुशी अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, एक ऐतिहासिक पदक, बहुत बढ़िया, मनु भाकर के पेरिस में भारत के लिए पहला पदक जीतने और कांस्य पदक के लिए बधाई। यह सफलता और भी खास है क्योंकि वह भारत के लिए निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली महिला बन गयीं। एक अविश्वसनीय उपलब्धि! पीएम मोदी ने उनसे फोन पर भी बात की है।

**राष्ट्रपति ने कहा, मनु पर है गर्व**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी मनु भाकर को ब्रॉन्ज जीतने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा, भारत को मनु भाकर पर गर्व है। उनकी यह उपलब्धि कई खिलाड़ियों, खासकर महिलाओं को प्रेरित करेगी।

### अर्जुन बबूता दिलायेंगे दूसरा पदक



भारत के शीर्ष निशानेबाज अर्जुन बाबूता भारत की झोली में पेरिस ओलंपिक 2024 में दूसरा पदक दिला सकते हैं। अर्जुन ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। बबूता सोमवार को आठ निशानेबाजों के फाइनल में पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे। वहीं, रमिता जिंदल भी क्वालीफिकेशन राउंड में 5वें स्थान पर रहने के बाद महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल के फाइनल में पहुंच गयी हैं। भारतीय निशानेबाज अर्जुन बबूता (25) ने रविवार को यहां क्वालीफिकेशन में सातवें स्थान पर रहते हुए पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में जगह बनायी। रमिता जिंदल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाजी स्पर्धा में फाइनल में जगह बना ली हैं।

### दीपिका ने किया निराश

दीपिका कुमारी, अंकिता भक्त और भजन कौर और वाली भारतीय महिला तीरंदाजी टीम को रविवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में तीरंदाजी टीम स्पर्धा में नीदरलैंड के खिलाफ दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला तीरंदाजी टीम क्वार्टर फाइनल मैच में नीदरलैंड के खिलाफ 6-0 से हार गयी। अंकिता भक्त, भजन कौर और दीपिका कुमारी ने नीदरलैंड के खिलाफ इस मैच में बेहद खराब प्रदर्शन किया।

# विकसित भारत का लक्ष्य हर हाल में पा लेंगे : पीएम मोदी

## केंद्र और राज्यों से लोक कल्याण में मिल कर काम करने का आह्वान

**भाजपा मुख्यमंत्री परिषद की बैठक**

- बैठक में 13 सीएम, 15 उपमुख्यमंत्री पहुंचे
- विकास कार्यक्रमों में जन भागीदारी बढ़ाने पर जोर




**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने 'भाजपा मुख्यमंत्री परिषद' की बैठक में केंद्र और सभी राज्यों के मिलकर लोक कल्याण के लिए काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा है कि केंद्र और राज्य सरकारें अधिक मजबूती से लोक कल्याण के समन्वित प्रयासों में लगती हैं तो 'विकसित भारत' का लक्ष्य निश्चित तौर पर हासिल हो जायेगा।

रविवार को वह दो दिवसीय बैठक के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर काम करना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, विरासत का विकास और विकास की विरासत का निर्माण इन दोनों का हमारी विकसित भारत की संकल्पना में विशेष महत्व है। हमें इसका ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने से लेकर विकास कार्यक्रमों में जन भागीदारी पर बल दिया। उन्होंने आधिकारिक प्रयासों की आवश्यकता तथा सोशल मीडिया के जरिये लोगों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के उपायों की भी चर्चा की। साथ ही उन्होंने कहा कि गरीबों को योजनाओं का लाभ मिले, इसे ध्यान में रखना होगा।

**बड़े लक्ष्य के लिए बड़े प्रयास जरूरी**

भाजपा सुशासन प्रकोष्ठ के संयोजक विनय सहस्त्रबुद्धे ने बैठक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों से सरकार और संगठन में बेहतर समन्वय करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि बड़े लक्ष्य के लिए प्रयास भी बड़े होने चाहिए। सबको मिलकर और मजबूती से प्रयास करना होगा। सरकार के कामों को संगठन नीचे तक पहुंचाएगा और संगठन का ध्यान सरकार रखेगी। पीएम ने कहा, 'विरासत का विकास' और 'विकास की विरासत' का निर्माण, इन दोनों का हमारी 'विकसित भारत' की संकल्पना में विशेष महत्व है। इसका भी ध्यान हम सभी को निरंतर रखना चाहिए। बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य राष्ट्रीय नेताओं की उपस्थिति में हुई। मुख्यमंत्री परिषद' की बैठक में भाजपा शासित सभी राज्यों के 13 मुख्यमंत्री और पार्टी के 15 उपमुख्यमंत्री शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा के सुशासन के एजेंडे के तहत इस तरह की 'मुख्यमंत्री परिषद' का आयोजन समय-समय पर होता आया है। वर्तमान वर्ष 2024 का यह दूसरा आयोजन था। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने से लेकर विकास कार्यक्रमों में जनभागीदारी पर और अधिक बल देने की दृष्टि से अनेक प्रयासों की आवश्यकता तथा सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स का उपयोग करते हुए लोगों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के उपायों की भी विस्तार से चर्चा की। बैठक में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 'नई शिक्षा नीति' के क्रियान्वयन में राज्य सरकारों की भूमिका की चर्चा करते हुए यह भी विस्तार से बताया कि इसके क्रियान्वयन में राज्य सरकारों से क्या-क्या कदम उठाने की उम्मीद है।

## झारखंड विस का मॉनसून सत्र, दोनों पक्ष तैयार

# आज पेश होगा अनुपूरक बजट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मॉनसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन पटल पर अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा। सदन में सरकार को घेरने के लिए विपक्ष ने रणनीति बनायी है। वहीं, सत्ता पक्ष भी विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिये तैयारी कर ली है। इस सत्र में विपक्ष ने भ्रष्टाचार, कानून एवं व्यवस्था, बांग्लादेशी घुसपैठ और सरकार द्वारा वादों को पूरा न करने जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बनाई है। इसे देखते हुये कहा जा सकता है कि मॉनसून सत्र को गरम होगा। स्पीकर रबींद्र नाथ महतो के अनुसार सोमवार को 2024-25 के लिए पहला अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा। इसके साथ कई विधेयक भी पेश किये जायेंगे। उन्होंने सदस्यों के बीच मतभेद होने के बावजूद सदन में सभ्य तरीके से डिबेट होने की उम्मीद जतायी है। स्पीकर ने कहा कि जनता ने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को मौका दिया है।

यह सच है कि लोकतंत्र में सहमति और असहमति साथ-साथ मिलती है। उन्होंने कहा कि मानसूत्र सत्र थोड़ा छोटा, लेकिन महत्वपूर्ण है। झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के सहयोगियों ने विधानसभा सत्र के दौरान रमनीति तैयार करने के लिए गुरुवार को ही बैठक की थी। वहीं, भाजपा विधायक दल की बैठक रविवार शाम आहूत की गयी। बैठक में शामिल नेताओं ने सदन में अपनायी जानेवाली रणनीति पर चर्चा की।

# खोजे नहीं मिल रहे जीएसटी के जानकार आइएएस

## झारखंड में तीन माह से खाली है सेल टैक्स कमिश्नर का पद

- राजस्व हो रहा प्रभावित
- वित्त मंत्री ने सीएम से किया पोस्टिंग का आग्रह

**सुधीर**

**रांची।** राज्य सरकार की ओर से जीएसटी के जानकार आईएएस अधिकारी की खोज हो रही है, परंतु सरकार को खोजे नहीं मिल रहे हैं जीएसटी के जानकार आईएएस अधिकारी। नतीजा झारखंड का राजस्व प्रभावित हो रहा है। अगर जल्द जीएसटी के जानकार आईएएस नहीं मिले तो सरकार को 24 हजार करोड़ रुपये का टारगेट मुश्किल होगा।

**मंत्री कर रहे पोस्टिंग का आग्रह :** राज्य के वित्त एवं वाणिज्य कर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से वाणिज्य कर आयुक्त का पद खाली रहने से हो रही परेशानियों से अवगत कराया है। साथ ही इस पद पर किसी जानकार इस अधिकारी के पोस्टिंग की मांग की है। मंत्री ने सीएम को बताया है कि कमिश्नर के नहीं रहने से झारखंड का राजस्व प्रभावित हो रहा है।

**गत साल हुई थी ताबड़तोड़ वसूली :** राज्य में वाणिज्य कर आयुक्त का पद पिछले तीन माह से खाली है। इस पद पर राज्य वित्त सेवा के अधिकारी संतोष वत्स काबिज थे और राजस्व की ताबड़तोड़ वसूली कर रहे थे। बीते साल 21 हजार करोड़ रुपये का टारगेट हासिल किया था। 8 मई को प्रतिनियुक्ति खत्म होने के साथ ही हुए दिल्ली वापस लौट गए। तब से झारखंड में जीएसटी के जानकारी आईएएस अधिकारी की तलाश हो रही है। राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से जीएसटी के जानकार आईएएस अधिकारी की खोज की जा रही है।

**ओटीएस स्कीम को मिलेगा एक्सटेंशन :** बताया जा रहा है कि विभाग में सेल टैक्स कमिश्नर के नहीं होने से राजस्व वसूली में परेशानी हो रही है। साथ ही ओटीएस स्कीम भी सुस्त पड़ गया है। (शेष पेज 11 पर)

## मन की बात में मोदी - अपने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाइये

# मादक पदार्थों से लड़ाई में मानस बड़ा कदम

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में ओलंपिक का जिक्र करते हुए कहा, आप भी अपने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाइये। ओलंपिक, हमारे खिलाड़ियों को विश्व पटल पर तिरंगा लहराने का मौका देता है, देश के लिए कुछ कर गुजरने का मौका देता है। साथ ही उन्होंने लोगों से भारत को नशा मुक्त बनाने की अपील की। नशीले पदार्थों के सेवन से जुड़ी चिंताओं पर भी बात की। वहीं विश्व बाघ दिवस की पूर्व संध्या पर कहा है कि भारत में बाघों के संरक्षण के लिए इस समय अभूतपूर्व प्रयास चल रहे हैं। इससे देश में प्रति वर्ष इस वन्य प्राणी की संख्या बढ़ रही है।

**देश को नशामुक्त बनाने का आह्वान**

मन की बात की इस कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी ने नशीले पदार्थों के सेवन से जुड़ी चिंताओं पर भी बात की। उन्होंने लोगों से भारत को नशा मुक्त बनाने की अपील की और कहा कि नशे की लत के शिकार लोगों की मदद के लिए सरकार ने मानस नामक अभियान



की शुरूआत की है, जो ऐसे पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में बहुत बड़ा कदम है। कुछ दिन पहले ही मानस की हेल्पलाइन और पोर्टल को लॉन्च किया गया था और सरकार ने एक टोल फ्री नंबर 1933 भी जारी किया है। (शेष पेज 11 पर)

चराइदेव मोईदाम विश्व विरासत

### खादी की बिक्री 400 फीसदी बढ़ी

मन की मात में पीएम मोदी ने कहा कि खादी की बिक्री में 400 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो खुशी की बात है। खादी ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार डेढ़ लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। उन्होंने देशवासियों से खादी के कपड़े खरीदने का आग्रह भी किया। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि खादी ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार डेढ़ लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। जानते हैं, खादी की बिक्री कितनी बढ़ी है? 400 प्रतिशत। खादी और हैंडलूम उत्पादों की बढ़ती ब्रिक्री देश में रोजगार के नये अवसर भी पैदा कर रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे महिलाएं सबसे ज्यादा जुड़ी हैं, तो सबसे ज्यादा लाभ भी उन्हीं को हो रहा है।

## तीन साल में झारखंड को मिला तीसरा राज्यपाल

# पीएम ने जो जिम्मेदारी दी खरा उतरूंगा : गंगवार

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची।** झारखंड के मनोनीत राज्यपाल संतोष गंगवार ने शनिवार देर रात पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, मुझे जो नयी जिम्मेदारी मिली है, उस पर खरा उतरूंगा। शनिवार देर रात नये राज्यपालों से इससे संबंधित अधिसूचना जारी की गयी थी। संतोष गंगवार ने पीएम मोदी के प्रति आभार जताते हुए नयी जिम्मेदारी पर खरा उतरने की बात कही है।

झारखंड में उनकी नियुक्त उनके कार्यभार संभालने की तारीख से प्रभावी होंगी। श्री गंगवार के रूप में





झारखंड को तीन साल में तीसरा राज्यपाल मिला।

**भाजपा ने मुझे सब कुछ दिया**

संतोष कुमार गंगवार ने कहा पार्टी ने हमेशा बिना मांगे मुझे सब कुछ दिया। अब राज्यपाल बनाकर मेरे प्रति विश्वास व्यक्त किया है। इसके लिए पीएम मोदी का आभारी हूं। (शेष पेज 11 पर)

**राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने संथाल में बदलते डेमोग्राफी पर जताई चिंता**

# मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में भी ट्राइबल की हकमारी : आशा लकड़ा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने संथाल में डेमोग्राफी में बदलाव का आरोप लगाया है। आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज्य के कई हिस्सों में ट्राइबल समाज से जुड़ी घटनाओं का जिक्र करते कहा कि घुसपैठियों के कारण संकट बढ़ रहा है। संथाल परगना प्रमंडल की डेमोग्राफी तेजी से बदल रही है। बांग्लादेशी मुसलमान वहां की आदिवासी युवतियों से शादी कर उनकी जमीन हड़प रहे हैं। स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि बांग्लादेशी मुसलमानों के कारण वहां के आदिवासी समुदाय के लोग उनके खिलाफ न तो कुछ बोल पा रहे हैं और न ही उनके खिलाफ थाना में एसटी केस दर्ज करा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संथाल परगना की भोली-भाली आदिवासी युवतियों से शादी कर डेमोग्राफी को चेंज कर रहे हैं। इसमें यहां के सीएम हेमंत का विधानसभा क्षेत्र भी शामिल है, जहां एक पंचायत की मुखिया तो ट्राइबल है पर पति मुस्लिम। बांग्लादेशी मुसलमानों के कारण संथाल परगना में 25 से 30 प्रतिशत डेमोग्राफी चेंज हो चुका है। हालात ऐसे ही रहे तो वहां भी बंगाल जैसी स्थिति उत्पन्न हो जायेगी।

**यह रहे उदाहरण** : साहिबगंज के बरहेट प्रखंड स्थित कदमा पंचायत के संथाली उत्तर की मुखिया सोनाली हांसदा है, उनके पति का नाम मोहम्मद आजाद है। कदमा पंचायत की मुखिया एंजेलना हांसदा है, उनके पति का नाम जैनुल शेख है। गोपालडीह पंचायत की मुखिया सुनीता टुडू है, उनके पति का नाम समनु शेख है। इसी प्रकार दर्जनों उदाहरण हैं। इसके अलावा गुमला जिले के चैनपुर प्रखंड स्थित भीखमपुर में भी कई बांग्लादेशी मुस्लिमों ने आदिवासी समाज की युवतियों से शादी कर उनके नाम से जमीन खरीदी है। गोड्डा में पिछले सात माह से एसटी का एक भी केस दर्ज नहीं हुआ है। वहां के डीसी व एसपी को आयोग की ओर से निर्देश दिया गया है कि हर थाना में एसटी केस दर्ज करने की व्यवस्था और संबंधित एसटी केस को जिले में हस्तांतरित करने की व्यवस्था करें।

उन्होंने कहा कि पाकुड़ में दो दिन पहले आदिवासी हॉस्टल में 150 पुलिस कर्मियों ने बेरहमी से आदिवासी छात्रों की पिटाई कर दी। शराब के नशे में धुत एक पुलिस कर्मी घटना से पूर्व आदिवासी हॉस्टल पहुंचा और उसने एक गायब लड़की के हॉस्टल में होने की बात कही थी। इसके संबंधित पुलिस कर्मी ने 150 पुलिस कर्मियों को बुलाकर आदिवासी छात्रों की बेरहमी से पिटाई की। आयोग की ओर से इस मामले को संज्ञान में लेते हुए मुख्य सचिव, डीजीपी, डीसी और एसपी को नोटिस जारी कर तीन दिनों में विस्तृत जानकारी मांगी गई है।

### बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देना बंद करे राज्य की हेमंत सरकार : शशांक राज

**रांची।** भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा है कि बांग्लादेशी मुसलमानों के अवैध घुसपैठ को राज्य सरकार संरक्षण देना बंद करे। उन्होंने कहा कि संथाल परगना की डेमोग्राफी चेंज करने के दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो युवा मोर्चा चरणबद्ध आंदोलन चलाने को बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि घुसपैठ के खिलाफ आवाज उठाने वाले छात्रों पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक पिटाई की गई है। सरकार और प्रशासन निरंकुश हो चुकी है। गलत का विरोध करने पर निर्दोष छात्रों पर हमला किया गया है। भाजयुमो छात्रों के साथ खड़ी है।

# पाकुड़ में पुलिस-छात्रों के बीच हिंसक झड़प पर राष्ट्रीय एसटी-एससी आयोग ने लिया संज्ञान

**सीएस-डीजीपी से तीन दिन में मांगी रिपोर्ट, न मिलने पर भेजा जायेगा समन**

**झारखंड में पुलिस के साथ झड़प में 11 आदिवासी छात्र घायल**



फाइल फोटो

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पाकुड़ में पुलिस और छात्रों के बीच हिंसक झड़प को लेकर राष्ट्रीय एसटी-एससी ने आयोग ने संज्ञान लिया है। इसे लेकर आयोग ने रविवार को झारखंड के मुख्य सचिव, डीजीपी, पाकुड़ डीसी और एसपी को नोटिस भेजा है। नोटिस में कहा गया है कि समाचार पत्रों में प्रकाशित एक समाचार में लिखा गया है कि झारखंड में पुलिस के साथ झड़प में 11 आदिवासी छात्र घायल हुए हैं। आयोग ने इसके तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में मामले की जांच करने का निर्णय लिया है। आयोग के डिप्टी डायरेक्टर आरके दूबे ने नोटिस में कहा है कि आरोपों और मामलों पर की गई कार्रवाई के तथ्य और जानकारी इस नोटिस की प्राप्ति के तीन दिन के भीतर प्रस्तुत करें। कहा गया कि यदि आयोग को निर्धारित समय के भीतर आपसे उत्तर नहीं मिलता है, तो आयोग भारत के संविधान के अनुच्छेद 338-ए के तहत प्रदत्त सिविल न्यायालयों की शक्तियों का प्रयोग कर सकता है और आपकी व्यक्तिगत उपस्थिति के लिए समन जारी कर सकता है।

**ये है मामला :** गौरतलब हो कि 27 जुलाई को आदिवासी छात्र संगठनों ने आक्रोश रैली निकालने का ऐलान किया था। उनका कहना था कि महेशपुर थाना क्षेत्र के गाय बथान में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आदिवासियों की जमीन पर जबरदस्ती कब्जा कर लिया है। इसका विरोध करने पर आदिवासी परिवारों के साथ मारपीट भी की गई। जिसके विरोध में आदिवासी छात्र संगठन आक्रोश रैली निकालने वाले थे लेकिन देर रात बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और जवान के के एम कॉलेज के आदिवासी छात्रावास पहुंच गए। इस दौरान छात्रों और पुलिस के बीच झड़प हो गई।

#### छात्रों ने लगाया पुलिस पर दबाव बनाने का आरोप

छात्रों का आरोप है कि पुलिस आक्रोश रैली रोकने के लिए दबाव बना रही थी। मना करने पर उनके साथ मारपीट की गई। इसमें करीब 12 छात्र घायल हो गये। वहीं पुलिस का कहना है कि पहले कुछ छात्रों ने पुलिस के साथ मारपीट शुरू की। जिसमें एक सब इंस्पेक्टर, ड्राइवर और एक कांस्टेबल घायल हो गए। कॉलेज में अतिरिक्त पुलिस बल पहुंचा और आक्रोशित छात्रों पर बल प्रयोग किया।

## सीएम ने नये राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को दी बधाई



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बरेली के पूर्व सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष कुमार गंगवार झारखंड के नए राज्यपाल होंगे। झारखंड के पूर्व राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को महाराष्ट्र का गवर्नर नियुक्त किया गया है। संतोष गंगवार झारखंड के 12वें राज्यपाल के रूप में शपथ लेंगे। उनकी नियुक्ति पर राज्य के सीएम हेमंत सोरेन ने बधाई दी है। सीएम ने एक्स पर नवनियुक्त राज्यपाल को शुभकमनाएं दी है। बताते चलें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार की देर रात झारखंड सहित छत्तीसगढ़, असम, महाराष्ट्र, तेलंगाना, राजस्थान, सिक्किम, मेघालय और पंजाब के नये राज्यपालों की नियक्ति पर मुहर लगायी है। छह बार सांसद रह चुके गंगवार भाजपा में लंबे समय तक सक्रिय रहे हैं।

# 52 मृतक पुलिसकर्मियों के आश्रितों को दी गयी नौकरी और 19 बने बाल आरक्षी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय की अनुकंपा समिति ने 56 मृतक पुलिसकर्मियों आश्रितों को नौकरी देने के मामलों की समीक्षा की। जिनमें 52 आवेदनों पर नियुक्ति की मंजूरी दी गयी। अनुकंपा समिति द्वारा स्वीकृत आवेदनों में बाल सिपाही के 19, जबकि अन्य में आरक्षी और महिला आरक्षी के नियुक्ति की अनुशंसा की गई है। सभी को नियुक्ति पत्र निर्गत कर दिया गया है।

**आश्रितों को नौकरी देने की हुई की थी समीक्षा** : डीएसपी राम अवध सिंह, अजीत कुमार, राहुल मिश्रा, इंद्रदेव राम, सोमनाथ मुर्मू, प्रदीप तिर्की, अजय उरांव, मनोधन हांसदा, विजय भगत, प्रमोद कुमार सिंह, मो. शाहनवाज, हिंदू हेंब्रम, आरिफ अंसारी, अजय खलखो, शिवशंकर कुमार सिंह, शशि भूषण पासवान, बिरजू केवट, जय विजय शर्मा, संजय उपाध्याय, विकास, बंधु उरांव, जीवेश कुमार, सुकराम टुडू, जगई मांझी, पुरोषतम सरदार, अमित, जितेंद्र लोहरा, राधागोविंद उरांव, अमित सिंह, अलविस लुगुन, उमराव राय, जनार्दन प्रसाद, दारोगी सिंह, सोना राम गोप, मंटू कुमार, राम अयोध्या प्रसाद, अहिल्या, कृष्णा तामसोय, सलीम होरो, अनिल पांडेय, सुरेंद्र भगत, लालबहादुर सिंह, बाबूजन मरांडी, बाबूलाल किस्कू, गोविंद महतो, धूवा सुंडी, राम सागर मुरारी, अमीन कुमार बेसरा, दिलीप झा, जसमन कुजूर, योगेंद्र प्रसाद, जगमोहन मिस्त्री, सुनील, अनूप लकड़ा और मो. उस्मान अंसारी शामिल हैं।

## मेसर्स रूंगटा को औद्योगिक कार्य के लिए सरायकेला में 23 एकड़ भूमि आवंटित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने सरायकेला-खरसावां के राजनगर अंचल अंतर्गत मौजा आराहासा में 23 एकड़ भूमि औद्योगिक प्रयोजन के लिए मेसर्स रूंगटा माईन्स लिमिटेड को देने की स्वीकृति प्रदान की है। उक्त जमीन 30 वर्षों के लिए सशुल्क लीज बंदोबस्ती के तहत दी जायेगी।

इस संबंध में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। विभाग ने स्पष्ट कहा है कि आवंटन आदेश के पांच वर्ष के अंदर कंपनी को प्रयोजनार्थ कार्य कर लेना होगा अन्यथा जमीन की वापसी की जायेगी। साथ ही उक्त जमीन पर अवस्थित संरचना इत्यादि भी जब्त कर लिया जायेगा जिसका कोई मुआवजा भी नहीं दिया जायेगा। कंपनी को वृक्ष इत्यादि लगाने को कहा गया साथ ही प्रकृति संबंधी कोई बाधा उत्पन्न नहीं हो की भी चेतावनी इसके जरिये दी गयी है।

# मुस्लिम घुसपैठियों के खिलाफ चल रहे आंदोलन से बौखलाया झामुमो : प्रतुल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि संताल सहित झारखंड के दूसरे क्षेत्रों में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाये जाने के मुद्दे पर मुखरता के कारण झामुमो बदहवास हो गई है। दरसल,यही बांग्लादेशी घुसपैठिये इस गठबंधन के वोट बैंक की राजनीति का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि खुद इसी सरकार के स्पेशल ब्रांच में 2 जून, 2023 को सभी उपायुक्त को पत्र लिखा था कि संथाल परगना के मदरसों में इन मुस्लिम बांग्लादेशी घुसपैठियों के सरकारी दस्तावेज को बड़े पैमाने पर संगठित तरीके से तैयार किया जाता है। फिर इन्हें प्रदेश के दूसरे हिस्से में भेजा जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठ की आवाज को संथाल परगना से लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग तक मुखरता से उठाया है।अब गठबंधन को अपना घुसपैठियों का वोट बैंक खतरे में दिख रहा है। इसके कारण झामुमो के नेता बदहवास होकर अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायक शिल्पी तिर्की के द्वारा मुस्लिम घुसपैठियों और बिहारियों को एक तराजू में तौलने के मुद्दे पर झामुमो की सहमति शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि यह बेहद शर्मनाक और शर्मसार करने वाला वाकया है। जब आप देश के नागरिकों की तुलना जबरन देश में घुस आये घुसपैठियों के साथ करेंगे। देश में हुये बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठ के लिए पूर्णता केंद्र की पूर्व की कांग्रेस सरकारें जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह और बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स को घुसपैठ के लिये जिम्मेदार मानने वाले झामुमो को याद रखना चाहिए कि संथाल परगना या देश के जो भी जनगणना के आंकड़े उपलब्ध हैं वह 2011 तक के हैं। जब अंतिम जनगणना हुई थी। 1951 से 2011 के बीच संथाल परिणाम में आदिवासियों की आबादी 16 प्रतिशत घट गई। इस पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने खामोशी भर ली है।

## संस्कृति के साथ विकास और विरासत का संदेश है मन की बात कार्यक्रम : बाबूलाल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि प्रकृति-संस्कृति के साथ विकास व विरासत का संदेश मन की बात कार्यक्रम है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को यह कार्यक्रम बूथ स्तर पर सुना। अपने-अपने क्षेत्र में पार्टी के सांसद, विधायक, जिला, मंडल, बूथ के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सुना। बाबूलाल मरांडी, कर्मवीर सिंह के साथ पार्टी मुख्यालय में, महामंत्री आदित्य साहू, मनोज सिंह, बालमुकुंद सहाय, विकास प्रीतम, विधायक विरांची नारायण, नारायण दास ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सभी वर्गों के लिये लाभकारी है। विशेषकर युवाओं-बच्चों को भारत की महान विरासत और प्रगति के नये आयामों से भी परिचित कराता है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम जन जन की बात बन गयी है। उन्होंने कहा कि अब देश की जनता कार्यक्रम की प्रतीक्षा करती है।

# झारखंड को टुकड़े-टुकड़े करना चाहती है बीजेपी : सोनाल शांति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी झारखंड के टुकड़े-टुकड़े करने के साथ झारखंडी भावनाओं से खिलवाड़ करना चाह रही है। जिसे कांग्रेस कभी हाने नहीं देगी। उन्होंने सांसद निशिकांत दुबे द्वारा संसद में संथालपरगना, बिहार और पश्चिम बंगाल के कुछ भागों को मिलाकर केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग का विरोध करते हुए कहा कि भाजपा का असली चरित्र धीरे-धीरे उजागर हो रहा है। झारखंड में आदिवासी समुदाय का भाजपा से दूर होना उन्हें पच नहीं रहा है।

सोनाल शांति ने विधानसभा में भाजपा के सचेतक विरंची नारायण द्वारा केंद्र शासित प्रदेश का समर्थन करने पर कहा कि भाजपा नेताओं की पुरानी आदत है कि वह जिस थाली में खाते हैं उसी थाली में छेद करते हैं। अपने केंद्रीय आकाओं को खुश करने के लिए झारखंड को विभाजित करना चाह रही है बीजेपी। उन्होंने कहा कि बीजेपी का यह खेल झारखंड निर्माण के साथ ही शुरू हो गया था। यही कारण है कि विगत एक दशक से केंद्र के उदासीन रवैये के कारण झारखंड पर कर्ज का बोझ बढ़ गया है। विगत 5 वर्षों के दौरान केंद्र द्वारा झारखंड को दी जाने वाली अनुदान राशि में 5000 करोड़ रुपए की कमी की गई है। इसके अलावा डीवीसी की बकाया राशि केंद्र सरकार के इशारे पर लगातार झारखंड के खाते से काटी गई। उन्होंने कहा है कि झारखंड के प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग औद्योगिक घरानों के हाथों में सौंपने के लिए केंद्र सरकार इस राज्य की बागडोर केंद्र शासित प्रदेश के माध्यम से अपने हाथों में लेने का प्रयास कर रही है।

सोनाल शांति ने कहा है कि निशिकांत दुबे के रूप में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने उद्योगपतियों का बिचौलिया झारखंड में बिठा रखा है। मोदी सरकार अपने एजेंडे को पूरा करने घुसपैठ और धर्मांतरण का मामला उठाकर झारखंड को आशांत करना चाहती है ताकि संथाल क्षेत्र से जनजातीय समुदाय को विस्थापित कर अपने मंसूबों की ओर कदम बढ़ा सके।

**सरकार की ओर से पांच बार में 40 हजार रुपये तक दी जाती है आर्थिक सहायता**

# सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से 8 लाख से अधिक बेटियों को मिल रही सहायता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समाज कल्याण विभाग की एक आदर्श योजना के रूप में देखी जा रही है। इस योजना से 9 लाख किशोरियों को जोड़ने की योजना पर काम चल रहा है। फिलहाल लगभग 8 लाख छात्राओं को इसका लाभ मिल रहा है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कुल 5 बार में 40,000 तक आर्थिक सहायता सरकार की ओर से दी जाती है। यह सहायता वर्ग आठ से प्रारम्भ हो कर उनके 12वीं तक पहुंचने तक मिलती रहती है।

**क्या है योजना :** हेमंत सरकार के महिला प्रोत्साहन और उनके शिक्षा में बेहतरी के प्रयास के रूप में इस योजना को देखा जा रहा है। हेमंत सरकार की सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से अब तक लगभग 8 लाख किशोरियों को जोड़ा जा चुका है। वर्ष 2022-23 में जहां इस योजना के तहत 7,28,332 वर्ष 2023-24 में 7,15,061 वहीं वर्ष 2023-24 में 2,07,296 अब तक आवेदन स्वीकृत किये जा चुके हैं। सरकार का इस वित्तीय वर्ष में 9 लाख छात्राओं को इससे जोड़ने का लक्ष्य है। इस योजना के तहत सरकारी स्कूल में वर्ग 8 से 12वीं तक की प्रत्येक स्कूली छात्रा को कक्षा आठ में 2,500 हजार, नौवीं में 2,500 10 वीं में 5,000 ग्यारहवीं में 5,000 और बारहवीं में 5,000 रुपये की सहायता उनके बैंक खाते में दी जाती है। जब किशोरी की उम्र 18 की हो जाये और उसका मतदाता पहचान पत्र बन जाये तो उसे एकमुश्त 20,000 रुपये दिया जाते हैं। ताकि वो उस पैसे से आगे की पढ़ाई या कोई प्रशिक्षण ले कर स्वाबलंबी बन सके।




#### कैसे लाभकारी है यह कल्याणकारी योजना

हेमंत सरकार ने देखा आठवीं वर्ग से किशोरियों को पढ़ाई करने के लिए कई छोटी-छोटी जरूरतें होती हैं। उन जरूरत को पूरा करने के उद्देश्य से यह योजना लायी गई है। अपने खाते में आये इस सरकारी सहायता का लाभ छात्रायें खूब उठा रही हैं। पढ़ाई की छोटी-मोटी जरूरत खाते में आये पैसे से पूरी हो जाती है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि यह सहायता सरकार द्वारा स्कूलों को दिये जा रहे सहायता के अतिरिक्त है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि दूर दराज के गांव की किशोरियां अब विद्यालय नियमित रूप से आ रही है। इस योजना के कारण ड्रॉप आउट के मामले काफी कम हुये हैं।

## सुरक्षा मानकों के सफल अनुपालन के लिए सीसीएल ने जीते दो पुरस्कार




**सयाल डी ओपनकास्ट खदान को लघु ओसीपी श्रेणी में पहला और अशोक ओपनकास्ट खदान को मध्यम ओसीपी में दूसरा पुरस्कार मिला**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीसीएल ने रविवार को कोलकाता में आयोजित खान सुरक्षा पुरस्कार 2024 समारोह में दो पुरस्कार जीते। खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) के तत्वावधान में कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में सयाल डी ओपनकास्ट खदान को लघु ओपनकास्ट खदान श्रेणी में प्रथम पुरस्कार और अशोक ओपनकास्ट खदान को मध्यम ओपनकास्ट खदान में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार के इतिहास में पहली बार कोयला, धातु और तेल खनन कंपनियों के प्रतिभागियों ने एक साथ भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि खान सुरक्षा महानिदेशक प्रभात कुमार मौजूद रहे। मालूम हो कि सूारोह में डीजीएमएस, कोल इंडिया लिमिटेड और अन्य कंपनियों के सामूहिक प्रयासों ने खदानों में उच्च सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के महत्व को सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया।

### भाकपा माओवादी नक्सलियों के शहीदी सप्ताह शुरू

**रांची।** डीजीपी के निर्देश पर सुरक्षाबलों द्वारा भाकपा माओवादी नक्सली संगठनों पर कार्रवाई की जा रही है। संयुक्त सुरक्षाबलों के बढ़ते दबाव से नक्सली संगठन राज्य के कुछ जिलों में ही सक्रिय हैं। भाकपा माओवादी नक्सली संगठनों 28 जुलाई से तीन अगस्त तक शहीदी सप्ताह मनाया जा रहा है। नक्सलियों द्वारा पोस्टर और पम्पलेट के माध्यम दहशत फैलाने का प्रयास किया गया। इस दौरान पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है, ताकि नक्सलियों के द्वारा सरकारी संपत्ति सड़क और रेल की संपतियों को नुकसान पहुंचाने के प्रयास को विफल किया जा सके।

**नक्सली अब कुछ इलाकों में सिमट गये** नक्सली अब सिमट कर कुछ इलाकों में रह गये हैं, जिसमें चाईबासा के सारंडा, कोल्हान, सरायकेला, लातेहार, चतरा, गया बॉर्डर और पारसनाथ शामिल हैं। संयुक्त सुरक्षा बल द्वारा अभियान चलाये जा रहा है। नक्सलियों द्वारा विशेष कर रेल मार्ग और सड़कों पर जहां छोटी-मोटी घटनाएं घटित कर अपना अस्तित्व बचाने का प्रयास कर रहा है।

# 8,933 लोगों के लाइसेंस निलंबित करने के लिए डीटीओ को भेजा गया प्रस्ताव

**छह माह में एक लाख लोगों ने तोड़े ट्रैफिक नियम**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों में रांची के लोग अव्वल हैं। ट्रैफिक थाना में दर्ज रिकॉर्ड के मुताबिक, साल 2024 के शुरूआती छह महीने में ही ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों की संख्या लाख पार है। अबतक ट्रैफिक पुलिस के द्वारा काटे गए चालान और ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड करने के लिये डीटीओ को भेजा गया है। वर्ष 2023 से लेकर जून 2024 तक ट्रैफिक पुलिस के द्वारा 8,933 लोगों के लाइसेंस निलंबित करने के लिए रांची डीटीओ को भेजा गया है। वर्ष जून माह तक ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वाले लोगों की संख्या एक लाख 10 हजार हो गई है।



### हाई स्पीड कैमरा पकड़ रहा है लोगों को

राजधानी रांची में हाई स्पीड कैमरा के जरिए रेड लाइट वायलेशन, बिना हेलमेट, विपरीत दिशा में ड्राइव और रैश ड्राइविंग को लेकर चालान काटा जा रहा है। ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली के मुताबिक, ट्रैफिक नियमों को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। रोड सेफ्टी के कार्यकर्ता स्कूल-कॉलेजों में जाकर छात्रों और युवाओं को समझाने का काम कर रहे हैं।

**2024 में अब तक 1 लाख 10 हजार लोगों के कटा चालान**

- 2024 में अब तक तीन हजार डीएल और मार्च में 491 लोगों का ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड करने का प्रस्ताव।
- अप्रैल में 362 लोगों का ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड करने का प्रस्ताव।
- मई में 346 लोगों का ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड करने का प्रस्ताव।
- जून में 614 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड करने का प्रस्ताव।

# बाहरियों की नियुक्तियों पर बंधु की बोलती बंद : रमाकांत महतो

**कोर्ट से सजा पा चुके बंधु तिर्की को भाजपा पर आरोप लगाने से पहले राज्य में बाहरियों की हो रही नियुक्तियों में बारे में हेमंत सरकार को पूछने का हिम्मत करते तो अच्छा रहता**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने कहा कि स्थानीयता, जल, जंगल जमीन और आदिवासियत के नाम राजनीति चमकाने वाले आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोपी कोर्ट से सजा पा चुके बंधु तिर्की को भाजपा पर आरोप लगाने से पहले राज्य में बाहरियों की हो रही नियुक्तियों में बारे में हेमंत सरकार को पूछने का हिम्मत करते तो अच्छा रहता। उन्होंने कहा कि जेपीएससी और जेएसएससी में जिस तरीके से नियमों को ताक में रखकर, पेपर लीक एवं परीक्षा सेंटर सेटिंग्स कराकर खुलेआम नौकरियां बेची जा रही हैं।इसमें 70 प्रतिशत से अधिक राज्य के बाहर के अभ्यर्थी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति बनाने को राज्य एक लोकप्रिय सरकार को गिराने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ये पूछने का हिम्मत क्यों नहीं जुटा पाते कि सरकार के बनने के छह माह के अंदर 1932 आधारित स्थानीय और नियोजन नीति बनाने का दंभ भर रहे थे। स्थानीय युवाओं को संवेदक बनाकर 75 प्रतिशत विकास योजनाओं में भागीदारी सुनिश्चित करने, बेरोजगारों को भत्ता देने, निजी संस्थानों में 75 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को नियोजित करने जैसे कई बुनियादी मुद्दे आज गौण क्यों हो गये हैं। उन्होंने कहा कि बंधु तिर्की इस सरकार में नीति नियामक बॉडी यानी राज्य समन्वय समिति के सदस्य हैं। उन्हें मंत्री का दर्जा प्राप्त है। सरकारी सुख सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं। कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। सरकार के नुमाइंदे बने हुये हैं। राग अलाप रहे कि सीएनटी, एसपीटी और पेसा कानून का धज्जियां उड़ाकर आदिवासियों की जमीन कब्जा कर लूटी जा रही है। आखिर बंधु तिर्की इतना संवेदनशील ज्ञान किसे बांट रहे हैं। उन्होंने कहा है कि सरकार को सीएनटी एसपीटी का उल्लंघन कर जमीन लूट पर एसआईटी या आयोग गठित कर जांच कराने में किसने रोका है। मुख्यमंत्री पर ही सीएनटी का जमीन उल्लंघन का आरोप है। उसपर बंधु तिर्की का मुंह बंद क्यों है। टीएसी को कमजोर करने लिये विवादों के घेरे में रखा गया है। श्री तिर्की एचईसी में विस्थापन की बात करते हैं।उन्हें मालूम होना चाहिये कि ये विस्थापन का कैंसर का बीज कांग्रेस का ही रोपा हुआ है। एनआईसी में जमीन का हेराफेरी राज्य सरकार द्वारा संरक्षित है।

उन्होंने बंगलादेशी घुसपैठियों पर सीधा आरोप लगाते हुये कहा है कि एक ओर बन्धु तिर्की राज्य में घुसपैठ होने की बात स्वीकार करते हुये उस पर कार्रवाई की बात करते हैं। वही, दूसरी ओर कांग्रेसी कैबिनेट मंत्री इरफान अंसारी और स्पीकर घुसपैठ को सिरे से खारिज करते हैं। ये द्वैधात्मक और वोट बैंक राजनीति इस सरकार की नियति बन गयी है, जो ज्यादा दिन नहीं चलनेवाली है। उन्होंने कहा कि राज्य में घुसपैठ को लेकर संज्ञान लेते हुये हाईकोर्ट ने सरकार आदेश दिया था कि संथालपरगना में घुसपैठ को चिन्हित कर उपायुक्तों के से रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि श्री तिर्की मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। इसके कारण प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनाप-शनाप बयान दे रहें हैं।

**बंधु तिर्की ने घुसपैठ और डेमोग्राफिक चेंज को लेकर राज्य के राज्यपालों को निशाने पर लिया**

# झारखंड में हो रहे डेमोग्राफी चेंज के लिए अब तक के राज्यपाल भी जिम्मेवार : बंधु तिर्की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ और डेमोग्राफिक चेंज का मुद्दा अब थमने का नाम नहीं ले रहा है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और बंधु तिर्की ने घुसपैठ और डेमोग्राफिक चेंज को लेकर राज्य के अब तक के सभी राज्यपालों को निशाने पर लिया है।

रांची स्थित अपने आवास पर रविवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान बंधु तिर्की ने केंद्र और भाजपा के साथ साथ प्रदेश के अब तक नियुक्त सभी राज्यपालों को भी निशाने पर लिया है। बंधु तिर्की ने कहा कि शेड्यूल एरिया होने की वजह से इस राज्य के राज्यपालों की भी जिम्मेवारी बनती थी कि वह शेड्यूल एरिया में हो रहे डेमोग्राफिक चेंज की पूरी रिपोर्ट हर वर्ष भारत सरकार को भेजे और वहां से मिले आदेश निर्देश का सख्ती से पालन करवाएं। बंधु तिर्की ने कहा कि अब तक के किसी भी राज्यपाल ने अपने इस कर्तव्य का पालन नहीं किया।



### घुसपैठ और डेमोग्राफी चेंज, दोनों अलग-अलग मुद्दा

बंधु तिर्की ने कहा कि घुसपैठ और डेमोग्राफिक चेंज दो अलग-अलग शब्द ही नहीं है बल्कि राज्य के यह दो अलग-अलग मुद्दे भी हैं। भाजपा दोनों को एक करके चुनावी लाभ लेने के लिए गलत नैरेटिव सेट करने में लगी है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील करते हुए कहा कि इन मुद्दों को राजनीतिक चश्मा पहन कर नहीं देखें। क्योंकि इसका नुकसान झारखंड के आदिवासियों-मूलवासियों को ही उठाना पड़ेगा।

कांग्रेस नेता ने कहा कि घुसपैठ का विरोध होना चाहिए लेकिन यह भी बताना चाहिए कि किसकी गलती की वजह से दूसरे देश के लोगों का देश और फिर प्रदेश की सीमा में प्रवेश हो रहा है। केंद्र सरकार की पैनी नजर इस पर होनी चाहिए थी या नहीं। बंधु तिर्की ने भाजपा नेताओं को सलाह दी कि वह चुनाव के वक्त वोट का फायदा लेने के लिए इस मुद्दे को हिंदू मुस्लिम का रूप देकर समाज को बांटने का काम न करें। उन्होंने कहा कि चाहे राज्य में घुसपैठियों की मामला हो या फिर डेमोग्राफिक चेंज की अगर यह नहीं रुका तो आने वाली पीढ़ी हमें माफ नहीं करेगी।

### भाजपा के सांसद द्वारा केंद्र शासित प्रदेश की मांग दुखद

इस दौरान बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड का निर्माण लंबे संघर्ष के बाद हुआ है और इस राज्य को अलग नजरिया से देखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रदेश के कुछ हिस्सों को अलग कर केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग करते हैं, यह न सिर्फ दुखद है बल्कि फालतू भी है। ऐसी मांग करने वाले लोगों को सबक सिखाया जाएगा।

### असम के मुख्यमंत्री से पूछा- हू आर यू...

**बंधु तिर्की ने भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर निशाना साधा।**

बंधु तिर्की ने भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झारखंड की महिलाओं की रक्षा-सुरक्षा की बात करने वाले आप कौन होते हो, हु आर यू। बंधु तिर्की और झारखंड के नेता इसके लिए सक्षम हैं। उन्होंने वर्ष 2008-09 के एक वाक्या का जिक्र करते हुए कहा कि किस तरह से असम में आदिवासी महिलाओं के साथ अमानवीय हरकत की गई थी। उस समय हिमंता बिस्वा सरमा क्या कर रहे थे, यह किसी से छुपा हुआ नहीं है।

### डेमोग्राफी चेंज का जिम्मेवार कौन

कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने सवालिया लहजे में कहा कि भाजपा संथाल में डेमोग्राफिक चेंज की बात करती है लेकिन रांची में हुए डेमोग्राफिक चेंज पर चुप हो जाती है। उसे पूरे तथ्य और आंकड़े के साथ बताना चाहिए कि रांची में आदिवासियों मूलवासियों की जमीन किसने नियमों को ताक पर रख कर हड़प ली, इसके लिए जिम्मेदार कौन है।

### विधायक बेटी के बयान पर नो कमेंट

मांडर से कांग्रेस विधायक और बंधु तिर्की की बेटी शिल्पी नेहा तिर्की ने बयान दिया था कि डेमोग्राफिक चेंज का प्रभाव यह है कि रामगढ़ में बिहार से आया बिहारी ही मुखिया बनता है। शिल्पी नेहा का यह बयान चुनावी है या सामान्य बयान है। इस सवाल के जवाब में बंधु तिर्की ने कहा कि इसका जवाब विधायक ही से ले लीजिएगा।

## एसपीडी का वायरल वीडियो गलत, खेद जताया, शिक्षकों का आंदोलन स्थगित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन के आग्रह पर रविवार को जेईपीसी सभागार में विभिन्न शिक्षक संगठनों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता राजेंद्र शुक्ल ने की। बैठक में राज्य परियोजना निदेशक ने वायरल वीडियो के संदर्भ में बताया कि मेरा वक्तव्य शिक्षकों को लेकर नहीं था, बल्कि कार्यक्रम के दौरान मैं बचपन में अपने साथ घटित घटना का जिक्र कर रहा था। इसके पहले के वीडियो को काटकर साजिश के तहत वायरल किया गया है। बावजूद इसके इस वीडियो से किसी भी शिक्षक के सम्मान को ठेस पहुंचा है तो मैं इस पर खेद प्रकट करता हूं। बताते चलें कि वायरल वीडियो को लेकर शिक्षक संगठनों में एसपीडी के प्रति उबाल था। वह इसे लेकर आंदोलन भी कर रहे थे। मौके पर जेईपीसी के ओएसडी जयंत कुमार मिश्र भी उपस्थित थे। साथ ही सभी शिक्षक संगठनों ने सर्वसम्मति से इस विषय को यहीं विराम देने का निर्णय लिया और कहा कि विभाग एवं शिक्षक प्रतिनिधियों के बीच सकारात्मक माहौल की जरूरत है। इसे अकारण तुल नहीं दिया जाए। मौके पर रविंद्र कुमार चौधरी, रविंद्र प्रसाद सिंह, गंगा यादव, योगेंद्र प्रसाद ठाकुर, विक्रांत सिंह, बलजीत सिंह, राम मूर्ति ठाकुर, अमित महतो, उज्जवल तिवारी, निखिल मंडल, यशवंत विजय, अमरनाथ झा, समीर चौधरी, डॉक्टर रंजीत सिंह, डॉक्टर सुधांशु सिंह, डॉक्टर सरिता सिंह, नसीम अहमद, अजय ज्ञानी, अनूप केसरी, मुन्ना प्रसाद कुशवाहा, रामविलास पासवान, राकेश कुमार, शशिकांत गुप्ता, उदित गोरी आनंद माझी, भानु प्रताप मांझी, रामचरित्र पासी, अमरेंद्र मिश्रा, प्रभात कुल्लू, सत्यजीत कुमार, अमित सिंह, विमलेश पंकज आदि थे।

## हटिया और रांची समेत कम से कम 10 यादव विधायक बनाने का लक्ष्य

**रांची।** श्रीकृष्ण विकास परिषद यादव समाज के तत्वावधान में श्रीकृष्ण संदेश यदुवंशी संकल्प महासम्मेलन रविवार को पुराना विधानसभा हॉल सेक्टर में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि राजद महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि यादव समाज से अनेकों राजनेता हुए और आगे भी होंगे लेकिन प्रधानमंत्री के पद तक नहीं पहुंच सके। बिहार, यूपी, मध्यप्रदेश हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, उड़ीसा, गुजरात, बंगाल और झारखंड में यादव समाज लगभग 12 से 15 फीसदी के आबादी है। महासम्मेलन के माध्यम से संकल्प लेने की जरूरत है कि झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में यादव समाज को 81 में कम से कम 10 विधायक जिताना है। जयसिंह यादव ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में सामाजिक एकता बनाने की जरूरत है प्रत्येक माह में रूटीन बनाकर दौरा करना चाहिये। अध्यक्ष सुरेश राय ने कहा कि रांची जिला में सभी प्रखंड और वार्ड स्तर पर श्रीकृष्ण विकास परिषद द्वारा कमिटी बनाई जायेगी। कार्यक्रम में कई प्रस्ताव पारित किए गए।

## सरकारी स्कूलों की तरह निजी विद्यालयों के बच्चों को भी स्कूल ड्रेस भत्ता मिले : आलोक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने रविवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्कूली शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम को बधाई दी। कहा कि सर्वप्रथम तो झारखंड के सरकारी स्कूल में नामांकित आठवीं, नौवीं दसवीं, 11वीं तथा 12वीं के बच्चों को पोशाक राशि अर्थात स्कूल ड्रेस के लिए व्यय की जाने वाली राशि जो पहले प्रति बच्चा 600 मिलती थी, उसे बढ़ाकर 2000 प्रति बच्चा देने के प्रस्ताव पर मुहर लगाने के लिए और भविष्य में स्वेटर और ब्लेजर के लिए अतिरिक्त 2000 अर्थात कुल 4000 रुपया प्रति बच्चा देने के प्रस्ताव के लिए शिक्षा के प्रति जागरूकता दिखाने के लिए सीएम और मंत्री बधाई के पात्र हैं। साथ ही मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से यह मांग की है कि यू डायस प्राप्त निजी विद्यालयों के भी क्लास 8, क्लास 9 और क्लास 10 के बच्चों को भी स्कूल ड्रेस के लिए भी झारखंड सरकार को सरकारी स्कूलों की तरह निजी स्कूलों जिन्हें यू डायस प्राप्त है को भी ड्रेस भत्ता प्रदान किया जाना चाहिए क्योंकि निजी विद्यालयों के भी लाखों गरीब, आदिवासी,दलित और पिछड़े वर्ग के बच्चे सरकार के द्वारा दिए गए प्रोत्साहन राशि के हकदार हैं।

उन्होंने सरकार से अपील की है कि जल्द से जल्द पोशाक राशि और सरकार द्वारा दी गयी अन्य प्रोत्साहन राशि के लिए यूआइडीएआइ प्राप्त सभी विद्यालयों के बच्चों को भी यह सुविधा मुहैया कराया जाए। श्री दूबे ने कहा है कि निश्चित रूप से पोशाक राशि में बढ़ोतरी का यह प्रस्ताव पूर्व शिक्षा मंत्री स्वर्गीय जगन्नाथ महतो के द्वारा ही लाया गया था किंतु उसे अमली जामा अब पहनाया जा पाया है।

उन्होंने बताया कि बहुत जल्द सरकार कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के लिए भी पोशाक राशि में बढ़ोतरी का प्रस्ताव ला रही है, जो स्वागत योग्य है लेकिन सरकार इस बात के लिए संज्ञान ले कि झारखंड में पढ़ रहे निजी विद्यालयों के लाखों गरीब, दलित, आदिवासी पिछड़े वर्ग, के बच्चे भी निश्चित रूप से झारखंड सरकार के ही बच्चे हैं और उन्हें भी सरकार के द्वारा दी गई इस प्रोत्साहन राशि का इंतजार है।

## सीएम आवास के समक्ष पांच अगस्त से शिक्षक करेंगे आमरण अनशन

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ रांची इकाई की बैठक कचहरी परिसर स्थित बीआरसी रांची के सभागार में अध्यक्ष सलीम सहाय तिग्गा की अध्यक्षता में हुई। इसमें प्रदेश कार्यसमिति के आह्वान पर प्राथमिक व मध्य विद्यालय के शिक्षकों की मांगों के लेकर आगामी पांच अगस्त को मुख्यमंत्री के समक्ष राजभवन स्थित आमरण अनशन करेंगे। राज्यकर्मियों की तरह शिक्षको के लिए सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना (एमएसीपी) लागू करने, स्नातक प्रशिक्षित और प्रधानाध्यापक के पदों पर प्रोन्नति देने, छठे वेतनमान की विसंगति दूर करना, अंतर जिला स्थानांतरण में गृह जिला में स्थानांतरण का विकल्प देने, स्वास्थ्य बीमा लागू करने, मांग को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष 5 अगस्त से राज्य के शिक्षक आमरण अनशन करेंगे। बैठक में अनूप केसरी, मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद, हरे कृष्णा चौधरी, राकेश कुमार, प्रदीप गुप्ता, अजय ज्ञानी, संतोष कुमार, सलीम सहाय, कृष्णा शर्मा, रंजित, योगेंद्र द्विवेदी, कल्लू तिर्की, अफसरुल आबेदीन, सतीश बड़ाईक, धनेश्वर राव, सहदेव, शमीम अहमद, अशोक आदि थे।

## मुख्यमंत्री से मिलेगा सचिवालय सेवा का प्रतिनिधिमंडल, लंबित मांगों को बतायेगा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को नेपाल हाउस में ध्रुव प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सचिवालय सेवा संघ द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात कर उन्हें स्थिति से अवगत कराने का निर्णय लिया गया।

विदित हो कि पिछले कार्यकाल में मुख्यमंत्री श्री सोरेन द्वारा 2016 की आवश्यकता के आधार पर सचिवालय सेवा के उप सचिव एवं संयुक्त सचिव स्तर के पदों को बढ़ाने पर सहमति दी थी परंतु कार्मिक विभाग द्वारा उसे दरकिनार करते हुए सभी विभागों से पुनः पदों की आवश्यकता प्राप्त करने का आदेश जारी कर दिया। सचिवलय सेवा संघ के पदाधिकारियों में कार्मिक विभाग के इस निर्णय को लेकर रोष है। इसके अतिरिक्त कार्मिक विभाग द्वारा निर्गत कलावधि संबंधी संकल्प के आलोक में सभी रिक्त पदों पर असमय प्रोन्नति दिए जाने को मांग भी संघ द्वारा को जा रही है। इन मांगों को लेकर सचिवालय सेवा के पदाधिकारी आंदोलनरत हैं। वस्तुस्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराने के बाद संघ आगे की कार्रवाई पर शीघ्र निर्णय लेगा। बैठक में महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा के साथ मुकेश कुमार, अमिता तिर्की, पीयूष कुमार, रितेश, रजनीश, दीप्ति आदि उपस्थित थे।

# गोड्डा सासंद निशिकांत दुबे के बयान पर झामुमो बिफरा कहा, झारखंड का विभाजन करना चाहती है भाजपा

**झामुमो ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा संसद में दिये गये बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झामुमो ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा संसद में दिये गये बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। भाजपा को जमकर खोरी खोटी सुनाते हुए कई संगीन आरोप लगाये हैं। झामुमो के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि देश और समाज में विभाजनकारी राजनीति की नयी बुनियाद भाजपा ने रखी। उसका प्रतिफल बहुत विकट होने वाला है। भाजपा ने जब विधानसभा के लिए अपने चुनावी अभियान की शुरूआत की, तो प्रभारी केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और दूसरे सह प्रभारी असम के सीएम हिमंत बिश्व सरमा बनाए गए।

**समाज में धर्म और जाति के नाम पर घोला जा रहा जहर** : सुप्रियो रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि जिस दिन से हिमंत का यहां प्रवेश हुआ, उस दिन से समाज में धर्म और जाति के नाम पर एक जहर घोला जा रहा है। उस जहर का असर यह है कि पिछले दिनों गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने संसद में एक बयान दिया। निशिकांत ने कहा कि झारखंड का संथाल परगना प्रमंडल, बिहार का कोशी प्रमंडल और बंगाल के मालदा और मुशीर्दाबाद जिले को अलग कर यूनियन टेरेटेरी बनाया जाए। ये अचानक से दिया गया बयान नहीं, बल्कि एक सोची-समझी साजिश के तहत न केवल झारखंड को विखंडित करने के लिए, बल्कि बिहार और पश्चिम बंगाल को विखंडित करने के लिए भाजपा की एक दूरगामी सोच है। क्योंकि झारखंड में इस साल चुनाव होना है, वहीं, 2025 में बिहार और 2026 में बंगाल में चुनाव होने हैं।

### झारखंड की शहादत और पहचान मिटाना चाहती है भाजपा

भट्टाचार्य ने कहा कि ये लोग संथाल को झारखंड से अलग करके क्या सिदो-कान्हू के नाम को मिटा देना चाहते हैं? भाजपा के लोग चाहते हैं कि तेलंगा-खड़िया का नाम मिटाने के लिए कोल्हान को उड़ीसा के साथ मिलवा दें। नीलांबर-पीतांबर, शेख भिखारी, जतरा भगत, बुधु भगत का नाम मिटाने के लिए दक्षिणी छोटानागपुर को छत्तीसगढ़ में मिला दिया जाए। मालभूम, सिंहभूम, ढालभूम को प पश्चिम बंगाल में मिला दिया जाए। हजारों की शहादत, कुबार्नी और त्याग के बाद हमे जो झारखंड मिला, जो पहचान मिली, उसे मिटा दिया जाए। ये झारखंडी पहचान को समाप्त करने की साजिश कर रहे हैं।

# हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा का 217वां सालाना उर्स 19 से 23 सितंबर तक

**ईद मिलादुन्नबी और हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा के 217वें सालाना उर्स की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा दरगाह कमेटी द्वारा 16 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी और 19 से 23 सितंबर तक होने वाले बाबा का 217वां सालाना उर्स को लेकर रविवार को बैठक हुई। बैठक मे यह तय किया गया की ईद मिलादुन्नबी जो 16 सितंबर को मनाया जाना है उसे सफलतापूर्वक और शांतिपूर्वक कैसे संपन्न किया जाए उस पर चर्चा की गई। वही 19 सितंबर से शुरू हो रहे हजरत कुतुबुद्दीन रिसालाबाद बाबा का ऐतिहासिक सालाना उर्स मुबारक जो 23 सितंबर तक चलेगी उसको लेकर भी विशेष चर्चा की गई। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर पूरे शहर मे जुलूस निकाला जाता है जो बाबा की दरगाह पहुंच कर चादर पोशी करते हैं। उस दिन दरगाह कमिटी द्वारा जुलूस के स्वागत के लिए कैंप लगाया जाता है और लंगर का भी इंतजाम किया जाता है। दूसरी तरफ उर्स के मौके पर झारखंड के कोने-कोने के आलावा छत्तीसगढ़, बिहार, उड़ीसा आदि राज्य से बाबा के दरबार मे हाजरी के लिए आते है। उसकी तैयारी पर भी चर्चा की गई।

बैठक में कमेटी के सदर अय्यूब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर, उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन और बेलाल अहमद, उप सचिव जुल्फिकार अली भुट्टो और मो. सादिक, कोषाध्यक्ष जैनुल आबेदीन, नसीम गद्दी, अनीश गद्दी, संपा, बबलू साजिद, बबलू पंडित, खलीकुल आदि उपस्थित थे।

## डीएसपीएमयू के संस्कृत विभाग का श्रावण महोत्सव-सह-सौप्रस्थानिक समारोह

# जिसकी वाणी में नियंत्रण, माधुर्य और सौंदर्य हो वह महत्तम लक्ष्य को कर सकता है प्राप्त : डॉ मिश्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के संस्कृत विभाग की ओर से रविवार को श्रावण महोत्सव-सह-सौप्रस्थानिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर तथा स्नातक षष्ठ सेमेस्टर के छात्रों को विदाई दी गई। श्रावण महोत्सव-सह-सौप्रस्थानिक समारोह में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इनमें शास्त्रीय नृत्य, संगीत एवं नाट्य प्रस्तुति शामिल थे। संस्कृत श्लोकों का सस्वर पाठ एवं भक्ति गीतों ने कार्यक्रम को आध्यात्मिकता से ओतप्रोत कर दिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया और सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनकी प्रशंसा की। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को जीवंत बना दिया। शास्त्रीय नृत्य में




विद्यार्थियों ने अपनी नृत्यकला का अद्भुत प्रदर्शन किया जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। संगीत प्रस्तुति में विद्यार्थियों ने संस्कृत के श्लोकों और भजनों को सुरम्य धुनों में गाकर समां बांध दिया। नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों को हर्षोल्लास से भर दिया और कार्यक्रम की समग्रता में चार चांद लगा दिए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्कृत महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेश कुमार मिश्र ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपने जो ज्ञान प्राप्त किया है, उसकी सुरभि सम्पूर्ण समाज में बिखेरते रहें। उन्होंने आगे कहा कि जिसकी वाणी में नियंत्रण, माधुर्य और सौंदर्य रहता हो, वह संसार में महत्तम लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने छात्रों को परामर्श दिया कि स्वाध्याय जीवन के अंतिम श्वास तक होना चाहिए। उन्होंने संस्कृत भाषा की महत्ता एवं उसके संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, बल्कि यह भारतीय ज्ञान-विज्ञान की मूलाधार भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को संस्कृत के अध्ययन में निरंतर लगे रहने की प्रेरणा दी और विभागीय गतिविधियों की सराहना की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद मारवाड़ी महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. राहुल कुमार ने कहा कि महान लोगों ने जिस मार्ग का आचरण करते हुए श्रेष्ठता को प्राप्त किया। हमें भी अपने जीवन में उसी मार्ग का अनुवर्तन करना चाहिए। डॉ. कुमार ने संस्कृत भाषा के प्रति युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने संस्कृत विभाग के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में संस्कृत के प्रति रुचि और समर्पण की भावना जागृत होती है। सम्मानित अतिथि अमिताभ कुमार ने कहा कि जीवन का नाम तालाब के समान स्थिरता नहीं है, अपितु नदी के समान गतिशीलता ही जीवन है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप जीवन के प्रत्येक सोपान पर सदैव आगे बढ़ते रहें। विभागीय शिक्षिका डॉ. श्रीमित्रा कुमारी ने छात्रों को शुभकामना देते हुए कहा कि बाधाओं से लड़ते हुए सदैव अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि संस्कृत विभाग सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयत्नशील रहता है। उन्होंने विद्यार्थियों को विदाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि विदाई केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि यह एक नवीन यात्रा का प्रारम्भ है। विभागीय शिक्षक डॉ. जगदम्बा प्रसाद ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि विद्यार्थी जहां भी जाएं, संस्कृत भाषा और संस्कृति का प्रचार-प्रसार करें और इसे अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। समारोह का शुभारम्भ वेदपाठ एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। वैदिक मंगलाचरण छात्र तनु सिंह तथा लौकिक मंगलाचरण सुरेंद्र पवन और लालेश्वर ने किया। मंच का संचालन विभाग के छात्र आयुष कुमार तथा डोली कुमारी ने किया।

## अधिकार के सवाल पर आक्रोश सभा सितंबर में : एस अली

**रांची।** झारखंडी युवाओं के अधिकार और मुस्लिम समुदाय की न्याय के सवाल पर सितंबर में आक्रोश सभा का आयोजन आमया संगठन के द्वारा किया जाएगा। केन्द्रीय कार्यालय में रविवार को आयोजित बैठक में एस अली ने कहा कि झारखंड राज्य का उद्देश्य, आदिवासी मूलवासी भावना व मांग राज्य में लागू नहीं हो रही है। सरकारी नियुक्तियों में बड़े पैमाने पर दूसरे राज्य के लोग बहाल हो रहे हैं। मॉब लिंचिग विधेयक संशोधन कर विधानसभा से पारित करने का मामला दो वर्षों से लटका है। उन्होंने कहा कि सितम्बर में होने वाली आक्रोश सभा के माध्यम से स्थानीय नीति व नियोजन नीति लागू करने, 4401 उर्दू सहायक शिक्षक के बैकलॉग 3712 पदों को झारखंड अल्पसंख्यक आयोग वाद संख्या 174/2015 में दिए निर्देश बहाली शुरू करने, +2 विद्यालयों में उर्दू विषय, जनजातीय क्षेत्रीय भाषा सहित अन्य विषयों में शिक्षक बहाली करने, मदरसा आलिम फाजिल डिग्री की परीक्षा यूनिवर्सिटी से कराने, मदरसा बोर्ड, उर्दू एकेडमी, वक्फ बोर्ड, हज कमेटी का गठन एवं नियमावली बनाने की मांगो पर विचार किया जाएगा।

## खबर एक नजर में

### खादगढ़ा बस स्टैंड से अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

रांची। राजधानी रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र स्थित खादगढ़ा बस स्टैंड से अफीम के साथ एक तस्कर को एसएसपी की क्यूआरटी टीम ने गिरफ्तार किया है। सिटी डीएसपी के नेतृत्व में लोअर बाजार थाना प्रभारी और क्यूआरटी टीम ने यह कार्रवाई की। जानकारी के मुताबिक पकड़ा गया तस्कर अफीम की खेप चौपारण ले जाने के फिराक में था। हालांकि इसकी भनक पुलिस को लगी तो बस स्टैंड में छापेमारी कर तस्कर को दबोच लिया। वहीं अफीम भी बरामद किया गया है। फिलहाल तस्कर से पुलिस पूछताछ कर रही है।

### सीयूइटी यूजी का रिजल्ट जारी

रांची। सीयूईटी यूजी रिजल्ट का इंतजार कर रहे छात्रों के लिए बड़ी खबर आई है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-अंडरग्रजुएट 2024 का परिणाम रविवार को घोषित कर दिया है। एनटीए ने सीयूईटी यूजी परीक्षा हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन और ऑफलाइन) में 15, 16, 17, 18, 21, 22, 24 और 29 मई को 26 अंतरराष्ट्रीय स्थानों सहित 379 शहरों के कई परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की थी। सीयूईटी यूजी की पुनः परीक्षा 19 जुलाई को आयोजित की गई थी। परीक्षा के लिए लगभग 13.48 लाख उम्मीदवार उपस्थित हुए थे। सीयूईटी अनंतिम उत्तर कुंजी 7 जुलाई को जारी हुई थी, और उम्मीदवार 9 जुलाई तक आपत्तियां उठा सकते थे।

### कंट्री क्रिकेट क्लब की विशेष आम सभा में हंगामें के बीच संशोधन को मंजूरी

**रांची।** राज्य क्रिकेट संघ के कंट्री क्रिकेट क्लब की विशेष आम सभा में भारी हल्ला हंगामे के बीच मात्र छह मिनट में आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन में संशोधन को मंजूरी की घोषणा कर दी गई। रविवार को आम सभा की शुरूआत होते ही कंट्री क्लब के अध्यक्ष राजेश वर्मा बॉबी ने डायरेक्टरों की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव वापस लेने की घोषणा की। इसके बाद पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार ने तमाम विषयों पर तार्किक तरीके से अपनी बात रखनी उसी बीच दोनों पक्षों की ओर से हल्ला हंगामा शुरू हो गया। एक ग्रुप की ओर से जेएससीए के संयुक्त सचिव पी एन सिंह और दूसरी ओर से संजय विद्रोही का अमर्यादित व्यवहार देख सदस्य हैरान परेशान दिखे। इसी बीच एक सदस्य ने अध्यक्ष राजेश वर्मा बॉबी का गम्पा पकड़ माइक छीनने की कोशिश भी की। इसी हंगामें के बीच प्रस्ताव पास हो गया।

### नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड सोशल कौंसिल ने अनाथ बच्चों को भोजन कराया

**रांची।** निवारणपुर डोरंडा स्थित आदिम जाति सेवा मंडल राजेन्द्र आश्रम में रविवार को नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड सोशल कौंसिल ने अनाथ बच्चों को भोजन कराया। इसमें मुख्य अतिथि गुरु कुमार आनंद रंजन के द्वारा साईं आरती की गई और आरव सिंह का प्रथम जन्मदिन बनाया गया। अनाथ बच्चों के बीच कपड़ा भी बांटा गया। मौके पर संस्था के सिद्धार्थ, अर्णव, अर्पण, अभिषेक सिंह, राजेश सिंह, मनीष सिंह, मुक्ति पाठक, पवन वर्मा, रविश रोशन, मंगल सिंह, विशाल, नमन भारतीय, अलोक सिन्हा शामिल थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी नमन भारतीय ने दी।

### महारुद्राभिषेक का भव्य आयोजन

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार को श्रावण अधिकमास के पावन अवसर पर मंदिर में विराजमान शिव लिंग के महारुद्राभिषेक का विधि विधान से भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर भोले बाबा के सभागृह को मनभावन स्वरूप प्रदान किया गया तथा पूरे शिव परिवार का भव्य शृंगार किया गया। प्रारंभ में मण्डल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला ने सपत्निक संकल्प पूजन कराया तथा इस रूद्राभिषेक का कार्य कार्यक्रम प्रधान आचार्य पंडित श्याम सुंदर भारद्वाराज के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर मण्डल के सभी सदस्य एवम उपस्थित भक्तजन ने रूद्राभिषेक में भाग लिया तथा उपस्थित भक्तजनों द्वारा ॐ नमः शिवाय के जाप से पूरा मंदिर परिसर शिव मय हो उठा। रूद्राभिषेक के संपन्न होने पर भोले बाबा का महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में धीरज बंका, राजेश सारस्वत, विवेक ढांढनीयां, प्रदीप अग्रवाल, विकाश पाडिया, अजय साबू, महेश सारस्वत, प्रियांश पोद्दार, नितेश लाखोटिया, अभिषेक डालमिया का सहयोग रहा।

### लायंस क्लब ऑफ रांची ग्रेटर ने अमर ज्योति स्कूल फॉर ब्लाइंड में किया सामग्री का वितरण

रांची। लायंस क्लब ऑफ रांची ग्रेटर ने रविवार को अमर ज्योति स्कूल फॉर ब्लाइंड चान्हो में स्कूल के बच्चों के बीच टीवी, फ्रीज, म्यूजिकल इंट्रूमेंट, ट्रंक, सेनेटरी पैड, स्पोर्ट्स सामग्री, स्टैंड फैन, चेयर, चटाई, इत्यादि का बितरण किया। इस मौके पर पौधरोपण सह पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ, क्लब के सदस्यों ने 50 फलदार एवं ज्यादा ऑक्सीजन देने वाले पौधे लगाए। इस अवसर पर झारखण्ड की जीएसटी कमिश्नर कंचन लाल, पूर्व जिलापाल लायन राजेश गुप्ता पवन, अभिषेक रंजन सिंह सहित सहित अन्य अतिथि मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत लायन धर्मेंद्र सिन्हा के स्वागत भाषण से हुई। मौके पर अध्यक्ष लायन संजीव चौधरी ने बच्चों को संबोधित किया। कार्यक्रम में लायन अंतू अग्रवाल, संजय अग्रवाल नारायण सिघानिया, सुरेश भगत, मनोज काबरा, राकेश चौधरी, गणेश सिंह, सुजीत चौधरी, प्रेमशंकर मिश्रा, सुनील वर्मा, राकेश अग्रवाल, विजय गुप्ता, विजय पाठक, धर्मेंद्र सिंह, बिनोद सिंह, बरनाली डे, पुष्पलता वर्मा, चंद्रकांता सिन्हा, अपर्णा झा, रश्मि सिंह, बाला सिंह एवम अमर ज्योति ब्लाइंड स्कूल की प्राचार्या सिस्टर अशु मौजूद थी।

## एनआईबीएम में नया बैच 2 अगस्त से

**रांची।** प्रत्येक वर्ष लाखों युवा स्नातक पास करते हैं तथा उनके लिए बैंकिंग, आईबीपीएस, एसबीआई, आरबीआई, नाबार्ड, एसएससी रेलवे, स्टेट लेवल एसएससी में लाखों की नौकरियों के लिए प्रत्येक वर्ष रिक्तियां की घोषणा की जाती है। इस वर्ष भी रिक्तियां की घोषणा कर दी गई है। 10+2, स्नातक, बीटेक पढ़ाई कर रहे युवा के लिए पिछले 26 वर्ष पुरानी सर्कुलर रोड स्थित एनआईबीएम में इन सभी रिक्तियों के लिए विशेष बैच हिंदी तथा अंग्रेजी माध्यम में 2 तथा 5 अगस्त से प्रारंभ की जा रही है। इस संस्थान में पढ़ाई गई प्रश्न विभिन्न परीक्षाओं में लगभग हूबहु पूछे जाते हैं तथा यहां फ्री लाइब्रेरी रीडिंग रूम के साथ शिक्षकों के द्वारा प्रतिदिन नई पैटर्न पर पढ़ाई करवाई जाती है तथा संबंधित डाउट को प्रतिदिन क्लियर भी किया जाता है। निदेशक द्वारा चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता है तथा सम्मान समारोह के दिन तैयारी कर रहे संस्थान के युवाओं को मोटिवेट किया जाता है। विद्यार्थी संस्थान के यूट्यूब, फेसबुक, वेबसाइट कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं।

## रिसालदार शाह बाबा दरगाह कमिटी ने मंत्री को उर्स का दिया निमंत्रण



**कमिटी ने दीपिका पांडेय सिंह को मंत्री बनने पर बधाई दी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रिसालदार शाह बाबा दरगाह कमिटी के पदाधिकारीगण ने शनिवार को झारखंड सरकार की कृषि मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह से उनके आवासीय कार्यालय मे मिलकर सरकार मे उन्हें मंत्री बनाए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें गुलदस्ता और शॉल देकर स्वागत किया और बधाई दी। वही रिसालदार शाह बाबा के आगामी 19 सितंबर से 23 सितंबर तक चलने वाले 217वां सालाना उर्स मुबारक में अति विशिष्ठ अतिथि के लिए भी आमंत्रित किया। मुलाकात मे मंत्री जी से उर्स के सफल आयोजन को लेकर भी विस्तृत चर्चा की।

मंत्री ने कहा कि उर्स मुबारक में वे जरूर शामिल होंगी और बाबा से राज्य की तरक्की और खुशहाली की दुआ करेंगी। मौके पर कमिटी के सदर अय्यूब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर, उप सचिव जुल्फिकार अली भुप्तो,शाहिद खान एवम सैय्यद समीर हेजाजी उपस्थित रहे।

## श्री जीण माता का शक्ति मंगल पाठ एवं सिंधारा महोत्सव 11 अगस्त को

**रांची।** श्री जीण माता परिवार की एक बैठक रविवार को मारवाड़ी भवन में हुई। जिसमें आदि शक्ति श्री जीण माता का शक्ति मंगल पाठ एवं सिंधारा महोत्सव 11 अगस्त को स्थानीय अग्रसेन भवन में मनाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष दिलीप पटवारी ने बताया कि महोत्सव की शुरूआत मुख्य यजमान प्रदीप सिंघानिया द्वारा सपत्नी गणेश पूजन के साथ होगी। इसके बाद श्री जीण माता का महा अभिषेक होगा। इस महोत्सव में दोपहर 1:00 बजे से कोलकाता से पधार रहे मंगल पाठ वाचक बाल किशन जी शर्मा एवं विनोद शर्मा के सानिध्य में 351 महिलाओं के द्वारा राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा में मंगल पाठ किया जाएगा। मंगल पाठ के दौरान जन्मोत्सव, मेहंदी महोत्सव, चूनड़ी महोत्सव एवं गजरा महोत्सव भी मनाया जाएगा। महोत्सव के दौरान श्री जीण माता को विशेष रूप से बनाई गई 151 फीट की चुनरी भी उढाई जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियां एवं उप समितियां का समितियां का गठन किया गया है।

## जनजातीय कॉन्क्लेव अपने निष्कर्षों तक पहुंचने में सफल : डॉ शांडिल्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय और हेरीटेज सोसायटी, पटना के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय ट्राइबल हेरिटेज रविवार को संपन्न हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि यह दो दिवसीय ट्राइबल कॉन्क्लेव अपने सार्थक निष्कर्षों तक पहुंचने में सफल रहा। यह निश्चित है कि आगामी चौथे कॉन्क्लेव तक यह राष्ट्रीय परिदृश्य में अपना संदेश देने में कामयाब हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जनजातीय अपनी विरासत को संरक्षित करने की कला में काफी पारंगत हैं और यह हमारी विरासत को न केवल सुरक्षित रखेंगे, बल्कि उसे आनेवाली पीढ़ी तक स्थानांतरित भी करेंगे। इसके उपरांत वीसी और अन्य अतिथियों द्वारा अपना रिसर्च प्रस्तुत करने वाले विद्वानों, प्रतिभागियों और विशेषज्ञों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो संजय पासवान ने कहा कि हमारी संस्कृति और धरोहर को बचाने की आवश्यकता है, जो कि हेरीटेज सोसायटी कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्सव के आयोजन में उमंग होना चाहिए न कि उन्माद। इस अवसर पर प्रोफेसर नरेश कुमार वत्स, प्रो. राजकुमार वर्मा, मधु मंसूरी हसमुख एवं हेरीटेज सोसायटी के महानिदेशक डॉ. अनन्ताशुतोष द्विवेदी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। भारत के बाहर के कई विद्वानों ने भी अपने-अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये। उन देशों ने नेपाल, जर्मनी, बांग्लादेश, नीदरलैंड आदि प्रमुख हैं। भारत के प्रमुख राज्यों में उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, केरल, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, बिहार, दिल्ली के भी कई विद्वानों ने जनजातीय धरोधर विषयक शोध पत्र विद्वानों के समक्ष रखें। उड़ीसा के विद्वान डॉ. अजय कुमार सेठी का जगन्नाथ एवं जनजातीय संस्कृति विषयक शोध को विद्वानों ने खूब सराहा। यह यह जानकर प्रो पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## गुरु नानक सेवक जत्था ने 72 लोगों को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गुरु नानक सेवक जत्था ने मानव सेवा करने वाले 72 लोगों को शहीद भगत सिंह सम्मान से सम्मानित रविवार को किया। सभी जिलों से चिन्हित 72 मानवता वादियों को गुरु नानक सेवक जत्था एवं गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा शहीद भगत सिंह सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले सभी व्यक्तियों द्वारा की जा रही सेवा और उपलब्धियां का जिक्र करते हुए उन्हें सम्मान स्वरूप मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए. इसके साथ ही सभी अतिथियों को शहीद भगत सिंह की तस्वीर भेंट की गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शहर के प्रख्यात मधुमेह विशेषज्ञ एवं चिकित्सक डॉक्टर अजय छावड़ा, गुरु नानक सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल,सचिन अर्जुन देव मिढ़ा,मनीष मिढ़ा, श्री राधा कृष्ण मंदिर कमेटी के चंद्रभान तलेजा, सचिव केसर पपनेजा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन से हुई।

## ग्रैंड पैरेन्टस डे वात्सल्यम पर आकर्षक कार्यक्रम




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दादा-दादी को सम्मानित करने के लिए, सरला बिरला पब्लिक स्कूल के केजी-2 के छात्रों ने प्रवाहिनी- द रीवर सागा विषय पर एक आकर्षक कार्यक्रम-वात्सल्यम 2024 का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद स्वागत गीत-नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में अपना घर वृद्धाश्रम से विशेष अतिथि भी उपस्थित थे। विद्यालय के वाइस हेड ब्वॉय द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा कई आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्राचार्या परमजीत कौर ने दादा-दादी के प्रति आभार व्यक्त किया और वर्तमान पीढ़ी पर उनके अमूल्य प्रभाव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन स्थायी यादें बनाते हैं और आपसी संबंधों को मजबूत करते हैं।

## डीएवी स्पोर्ट्स संपन्न विजेता हुए सम्मानित




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में चल रहे दो दिवसीय डीएवी स्पोर्ट्स क्लस्टर स्तर का कल समापन हुआ। प्रतियोगिता में 10 विद्यालयों के 929 खिलाड़ियों ने भाग लिया। डीएवी कपिल देव, गांधीनगर, सेक्टर-4 बोकारो, आनंद स्वामी, भंडारीदाह, तेनुघाट, चतरा, टंडवा, बचरा तथा नीरजा सहाय के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल्स जोन बी के एआरओ श्री एमके सिन्हा ने बच्चों को प्रोत्साहित किया तथा कहा कि खेलों से शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है। मौके पर प्राचार्या किरण यादव ने विजयी खिलाड़ियों को जोनल स्तर पर खेलने की शुभकामनाएं दीं।

प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे -वॉलीबॉल अंडर 14 (लड़कों) प्रथम नीरजा सहाय द्वितीय भंडारीदा, अंडर 14 (लड़कियों) प्रथम नीरजा सहाय, अंडर 17 (लड़कों ) प्रथम नीरजा सहाय, द्वितीय बोकारो सेक्टर -4, अंडर 17 (लड़कियों) प्रथम नीरजा सहाय। इसके अलावा खो-खो, योगा, जूडो, कराटे, उसू आदि खेलों में नीरजा सहाय का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। सात खेलों में श्रेणी के अनुसार 42 इवेंट हुए। दो दिनों तक 1200 शिक्षक /शिक्षिका खिलाड़ी एस्कॉर्ट सभी ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। सात खेलों में नीरजा सहाय के खिलाड़ियों ने कुल 101 स्वर्ण, 22 रजत और 14 कांस्य पदक हासिल किए ।

## डीएवी बरियातू का क्लस्टर स्तरीय डीएवी स्पोर्ट्स संपन्न




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु में पहले चरण का दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय डीएवी स्पोर्ट्स का समापन हो गया। रविवार को खेले गए अंडर 17 क्रिकेट के फाइनल में डीएवी हेहल की टीम ने विजयी रही, वहीं, उपविजेता डीएवी बरियातु की टीम रही। इसी तरह अंडर-14 क्रिकेट फाइनल में डीएवी पुन्दाग की टीम विजयी रही। विजेताओं को प्राचार्य डा. तापस घोष ने मेडल प्रदान किया।

स्कूल के प्राचार्य डॉ तापस घोष ने समापन कार्यक्रम के संबोधित करते हुए कहा कि जो जीता वह खिलाड़ी हैं और जो हारा वह भी खिलाड़ी है। खेल भावना को अपने जीवन में उतारकर खिलाड़ी पढ़ाई में भी स्वंय को उत्कृष्ट साबित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कलस्टर स्तरीय दूसरा चरण 30, 31 जुलाई और 1 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। इस तीन दिवसीय इवेंट में बैडमिंटन और एथलेटिक्स के विद्यार्थी खिलाड़ी जोनल लेवल की पात्रता के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## बीएयू के खरीफ अनुसंधान परिषद की दो दिवसीय बैठक प्रारंभ

# मवेशी पालन से लाभ के लिए बेहतर प्रजनन प्रबंधन की है जरूरत : डॉ अमरीश त्यागी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नयी दिल्ली के सहायक महानिदेशक डॉ अमरीश कुमार त्यागी ने मवेशी पालन से समुचित लाभ के लिये प्रजनन प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि मवेशियों में हीट की एक भी अवधि मिस करने पर लाखों का नुकसान हो सकता है। सही प्रजनन प्रबंधन से इन पशुओं से वर्ष में 300 दिन तक दुग्ध प्राप्त किया जा सकता है।जबकि ध्यान नहीं देने से इसकी आधी अवधि में ही दुग्ध मिल पायेगा।

डॉ त्यागी रविवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के खरीफ अनुसंधान परिषद की दोदिवसीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पशुपालन में 70-80 प्रतिशत लागत उनके चारा-दाना पर आती है। इसलिये स्थानीय रूप से उपलब्ध पोषकता से भरपूर चारा एवं औषधीय पौधों का इस्तेमाल उनके आहार में




करना चाहिये। उन्होंने कहा कि प्रसंस्कृत उत्पाद की पोषकता एवं विशिष्टता की बढ़िया से ब्रांडिंग और मार्केटिंग की जानी चाहिये। वन उत्पादकता संस्थान के निदेशक डॉ अमित पांडेय ने वैसे अनुसंधान को प्राथमिकता देने की वकालत की जिससे समाज में परिवर्तन आ सके तथा किसान उसे आसानी से अपना सकें। बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने देशी पशु नस्लों के आनुवंशिक सुधार, पशु रोगों के सिस्टेमेटिक सर्वेक्षण, जांच एवं टीकाकरण, पशुओं को दिये जा रहे खाद्य पदार्थों के सुरक्षा पहलुओं एवं पोषण संवर्धन पर अनुसंधान कार्यक्रम सुदृढ़ करने पर जोर दिया। अनुसंधान निदेशक डॉ पीके सिंह ने शोध उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। मौके पर कांके के किसान विश्वनाथ मुंडा तथा खूंटी की महिला कृषक प्रिय मिंज को सम्मानित किया गया।

स्पीड न्यूज

## खलारी से कांवरियों का जत्था बाबाधाम रवाना

**खलारी।** सावन की पावन महीना में शिव जी की कृपा पाने के लिए मैक्लुस्कीगंज के कोंनका व खलारी के करकट्टा से कांवरियों का जत्था रविवार को बाबाधाम के लिए रवाना हुए। इससे पूर्व कांवरियों ने स्थानीय शिवालयों व खलारी पहाड़ी मंदिर में जाकर पूरे विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना की। इस संबंध की जानकारी देते हुए कांवरिया ने बताया कि सुल्तानगंज से गंगा जल लेकर बाबाधाम में भगवान शिव को जल अर्पित करेंगे। बाबाधाम जाने वाले शिवभक्तों में प्रदीप पाण्डेय,शक्ति सिंह, सरिता कुमारी, साधना देवी,सुमन कुमारी,बिलासो देवी, सविता कुमारी, पूनम देवी,ललिता कुमारी एवं प्रवीण कुमार का सेहत अन्य रवाना हुए।

## कांग्रेस ने की सूदखोरों पर कार्रवाई की मांग

**खलारी।** प्राइवेट सूदखोरों के डर से खलारी के कई घरों में लटका ताला की खबर प्रमुखता से खबर मन्त्र में छपने के बाद झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव इंदिरा तुरी ने माइक्रो फाइनेंस के नाम पर खलारी प्रखण्ड में गरीब आदिवासी,असहाय महिलाओं को सूद में लोन देकर अपमानित करते है तो बहुत ही बड़ा घोर अपराध कर रहे है। किसी भी गरीब असहाय महिलाओं को प्रताड़ित कर घर से बेघर करा देना। आत्महत्या करने पर विवश करना रिकवरी एजेंट को पुलिस सबक सिखाये नही तो ऐसी कंपनियों को खलारी प्रखण्ड क्षेत्र से मार मार कर भगाया जाएगा। साथ ही कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का काम करेगी। बताना चाहते है कि प्रवेट लोन दाताओं के टार्चर से प्रखण्ड के अनपढ़, आदिवासी, दलित सहित अन्य महिलाओं का जीना मुहाल हो गया है। खलारी सहित अन्य गांव टोला से परिवार के कई घर सूदखोरों के डर और अपमानित करने की भय से बेघर हो गये।

## किसानों के बीच बीज का वितरण

**पिस्कानगड़ी।** कृषि विभाग के सौजन्य से नगड़ी प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत-देवरी के ग्राम-देवरी एवं बसिला के 32 किसानों के बीच आठ-आठ किलोग्राम मक्का प्रभेद एनएमएच-803 बीज का वितरण शत प्रतिशत अनुदान में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सुश्री दीपाली भगत, जिला परिषद सदस्य पूनम देवी एवं उप प्रमुख अफसाना प्रवीण ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर दर्जनों ग्रामीण किसान उपस्थित थे।

## हुल झारखंड क्रांति दल का सम्मेलन

**सिकिदिरी।** हुल झारखंड क्रांति दल का दो दिवसीय सम्मेलन का रविवार को सिकिदिरी में समापन हो गया है। उदघाटन प्रदेश अध्यक्ष कामरेड बिरसा हेमब्रोम ने किया। अंतिम दिन के सत्र का उदघाटन झारखंड कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महासचिव साहेबराम भोगता ने किया। मुख्य वक्त के रूप में कामरेड शैलेन्द्र कुमार उपस्थित थे। साहेबराम भोगता ने कहा कि सम्राज्यवादी शक्ति देश का आर्थिक दोहन कर कर रही है। सरकार हमारे संसाधनों को छीनकर विकास के नाम पर कोरपोरेट और बहुराष्ट्रीय कंपनी को सौंप रही है।

# चटकपुर में जर्जर सड़क पर धनरोपनी

## आजसू कार्यकर्ताओं ने सरकार को दी आंदोलन की चेतावनी

- वर्षों से जर्जर पड़ी है सड़क
- मलेरिया फैलने की आशंका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** आजसू ने हटिया विस क्षेत्र की जन समस्याओं को गंभीरता से लिया है। लोगों की मौलिक सुविधा के लिये पार्टी की ओर से चरणबद्ध आंदोलन किये जा रहे हैं। भरत कांसी और जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत के नेतृत्व में कार्यकत्ताओं ने चटकपुर की जर्जर आरईओ पथ पर धनरोपनी कर न केवल विरोध जताया, बल्कि राज्य सरकार को आंदोलन की चेतावनी भी दी। उन्हें पंचायत प्रतिनिधियों का भी साथ मिला। छठ पूजा में व्रतियों की सुविधा के लिये कांसी ने निजी कोष से गढ्ढे भरवाये थे, लेकिन सड़क फिर से जानलेवा हो गया है। किंतु, सांसद संजय सेठ और विधायक नवीन जायसवाल को इसकी कोई चिंता नहीं है।



सड़क पर धनरोपनी करते आजसू पार्टी के कार्यकर्ता।

### सुख-दुःख के साथी हैं कांसी

चटकपुर, शांति नगर, सोसो व धनई सोसो के ग्रामीणों ने भरत कांसी को सुख-दु:ख का साथी बताया और कहा कि वह सामाजिक सरोकार के लिये संघर्ष कर रहे हैं। विस चुनाव में श्री कांसी को ही वोट देने का ऐलान करते हुये जनप्रतिनिधियों को कटघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने विधायक पर जनता को ठगने का आरोप लगाया।

### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

केंद्रीय सदस्य राजीव रंजन मिश्र, मुखिया विक्की लोहरा व लीला तिर्की, सरपंच राकेश कुमार, जितेंद्र कांसी, वार्ड सदस्य मुन्नी देवी, उप मुखिया सुनीता सिंह, वार्ड सदस्य संतोष शर्मा, निशा देवी, अंजली देवी, सुनीता देवी, बेबी देवी, जितेंद्र शर्मा, शंकर राणा, अजय शर्मा, दिलीप विश्वकर्मा, रंजन सिंह, संजय वर्मा, पूनम कुमारी, भूपल साहु, लक्ष्मण वर्मा, बबलू पाठक, रोजी लिंडा, मीना गाड़ी, वीणा सिंह, कोमल देवी, कांति सिंह, संजय तिर्की, शंकर उरांव, राजन तिर्की, रमाकांत ठाकुर, सरिता देवी, अनामिका देवी, अनिल लोहरा, दिनेश बैठा, किशन कांसी, मोहित जायसवाल, रंजीत कुमार व दानिश कांसी आदि।

## पक्की सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों में हर्ष

**सिकीदीरी।** प्रखंड के कुच्चू पंचायत के कामता पिपराटोली टोली से मुंडा टोली तक पक्की पथ निर्माण की स्वीकृति मिलने से ग्रामीणों के बीच खुशी की लहर है। पंस सदस्य जॉन तिग्गा की नेतृत्व में ग्रामीणों ने पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटी। खिजरी विधायक राजेश कच्छप के प्रयास से उक्त सड़क मिली है। 1.6 किलोमीटर लंबी इस सड़क को दो करोड़ नौ लाख रुपए की लागत से बनाया जाएगा। रविवार को ग्रामीण पंचायत समिति सदस्य जॉन तिग्गा के नेतृत्व में खिजरी विधायक राजेश कच्छप से मिलकर उन्हें बधाई दी और आभार व्यक्त किया। राजेश कच्छप ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता में शामिल है। मौके पर सुशील लिंडा, नरेश तिर्की, बरतीला तिर्की वार्ड, बब्लू बेदिया, शांति तिर्की, हरिशंकर बेदिया, सुशांति सुरीन, संजय तिर्की आदि शामिल थे।

# रातू में पत्रकार के परिवार पर हमला, दुकान में की तोड़फोड़

## कीया ब्लैक कार में जेएमएम का झंडा लगा कर आये थे हमलावर, 9 पर मामला दर्ज

- पत्रकार की पत्नी व बच्चों को आयी चोटें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के हुरहुरी में रहने वाले दैनिक खबर मंत्र के प्रतिनिधि शेख मुजिबुल के परिजनों पर इटकी और मांडर के गोरे गांव से ब्लैक कीया कार जेएच 01 एफए 1337 पर सवार और हरवे हथियार से लैश होकर आये 9 लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया और दुकान के शीशे तोड़ डाले। उनके पुत्र मोनाजिर हसन के गले से सोने का चेन भी लूट लिया। मारपीट में उनकी पत्नी अजिदा बेगम का बायां पैर फ्रेक्चर हो गया है। वहीं बेटी शबाना परवीन, रोजी परवीन, पुत्र तनवीर और मोनाजिर हसन के शरीर में अंदरूनी चोटें आई है। कार में जेएमएम का झंडा लगा था। मामले को लेकर मोनाजिर हसन के बयान पर रातू थाने में कार चालक समेत 9 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस जांच में जुट गयी है। कार को जब्त कर लिया गया है।

### क्या है मामला

घर के एक कमरे में रोजी श्रृंगार स्टोर नामक दुकान चलता है। यहां बिस्कुट, कोल्ड्रिंक, मिनरल वाटर आदि की भी बिक्री की जाती है। 27 जुलाई की दोपहर दुकान में रोजी थी। पड़ोसी स्व ललकु खान का पुत्र वहां आया और गल्ले से रुपये चोरी कर भागने लगा। रोजी के चिल्लाने पर मोनाजिर दौड़ कर आया और बच्चे को पकड़ लिया। उसकी मां को बुलाकर घटना की जानकारी दी गयी। बच्चे को डांट फटकार कर अपने साथ ले गयी और मायका वालों को गलत सूचना दी कि चोरी के आरोप में बच्चे के साथ मारपीट की गयी है। इससे बौखलाकर आये लोगों ने पत्रकार परिवार पर हमला कर दिया। दुकान में तोड़फोड़ की और मोनाजिर के गले से सोने की चेन लूट लिये।

# स्मार्ट मीटर के त्रुटिपूर्ण बिजली बिल से भड़के ग्रामीण, विधायक को सुनाया दुखड़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नामकुम।** टाटीसिलवे सहित नामकुम के ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगने के त्रुटिपूर्ण बिजली बिल आने पर आक्रोशित ग्रामीण रविवार को झामुमो नेता मुकेस कुमार महतो के नेतृत्व में खिजरी विधायक राजेश कच्छप के आवास पहुंचे इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने के बाद विभाग के द्वारा बिल नहीं दिया जा रहा है,ग्रामीणों द्वारा बिल की जानकारी लेने पर चार कमरे के आवासिय भूखंड में रहने वाले परिवार के 6 महीने में पचास हजार रुपए, किसी का साठ हजार रुपए का बिल दिया जा रहा है। इसकी जानकारी लेने पर विभाग द्वारा बताया जाता है कि पूर्व में आपका बिल इस्तेमाल से कम का आता था उसी सब को मिला कर यह बिल दिया गया है। ग्रामीणों ने विधायक से स्मार्ट मीटर की जाँच करा कर सही स्मार्ट मीटर लगाने, सभी त्रुटिपूर्ण बिल को जांच कर माफ करने और प्रीपेड सेवा शुरू करने की मांग रखी। मौके पर ही विधायक श्री, कच्छप ने बिजली विभाग के जीएम से बात कर मामले में उचित कारवाई करने की बात कही। विधायक श्री, कच्छप ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही हर क्षेत्र में कैम्प लगाकर त्रुटियों को सुधारा जाएगा।



### जीएम से की कार्रवाई की मांग

विधायक राजेश कच्छप ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से त्रुटिपूर्ण बिजली बिल आने की शिकायते मिल रही है। साथ ही विभाग के द्वारा ग्रामीणों का भयादोहन भी किया जा रहा है। मामले में उन्होने जीएम को उचित कारवाई करने का निर्देश दिया है। श्री, कच्छप ने बताया कि आगामी मानसून सत्र में वे इस मामले को विधानसभा में भी उठायेंगे ताकि भोले भाले ग्रामीणों को विभाग की मानमानी से राहत मिल सके।

## ट्रक यूनियन नेताओं में बाहरी-भीतरी के मुद्दे पर बनी सहमति

**खलारी।** एनके एरिया खलारी ट्रक यूनियन और अशोका ट्रक यूनियन नेताओं की बैठकअशोका कांटा घर के पास किया गया। बैठक में विशेष रूप से आपसी भाईचारा और दोनों यूनियन के बीच ट्रक मालिकों का हक अधिकार के लिए संयुक्त साझा कार्यक्रम बनाकर ट्रक मालिकों पर काम करने का सहमति बनी। बैठक में सर्वप्रथम मुद्दा उठाया गया कि एनके एरिया के अंदर जो भी कोलियरी है वहा पर गाड़ी मालिकों का लोडिंग के नाम पर जो लीफटर द्वारा खर्चा लिया जा रहा है। इस बात पर दोनों यूनियन ने आपसी सहमति से उस खर्च को कम करने पर जोर दिया गया। यूनियन के लोगों ने कहा किसी भी कोलियरी में ट्रक ऑनरो के साथ बाहरी भीतरी का भेदभाव होता है तो ट्रक मालिक सबसे पहले एरिया में यह बात आती है।

# रेसलिंग में अनूप ने जीता रजत, सम्मानित

- स्कूल प्रबंधन समिति ने उज्जवल भविष्य की कामना की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** थाईलैंड में आयोजित एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप अंडर 15 आयु वर्ग, 38 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतने वाले लुपूंग जारा, अनगड़ा, रांची के दिहाड़ी मजदूरी करने वाले किशोर महतो के पुत्र अनुप कुमार महतो अपने मामा धर्मनाथ महतो, गागी में रहकर कमलनाथ मेमोरियल पब्लिक स्कूल, गागी, रांची जो 2016 से सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सुकूरहुटू से फिर जेएसएसपीएस द्वारा प्रशिक्षण ले रहे दसवीं के छात्र ने रजत पदक जीतकर अपने माता-पिता, मामा एवं स्कूल प्रबंधन सहित रांची, झारखंड एवं देश का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रबंधन ने सम्मान समारोह आयोजित करके चैंपियन खिलाड़ी अनूप कुमार महतो को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रधानाचार्य किशोर महतो ने कहा कि अनूप महतो ने हमारे स्कूल एवं रांची सहित झारखंड एवं देश का नाम रोशन किया है। इससे अन्य बच्चों को प्रेरणा लेने की दरकार है। वहीं फुलेश्वर बैठा जेबीकेएसएस नेता ने शुभकामना देते हुए कहा कि सभी बच्चों को रजत पदक विजेता से सीख लेनी चाहिए। बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल पर भी ध्यान देना चाहिए। सम्मान समारोह को संबोधित करने वालों में रामवृक्ष महतो, प्रशिक्षक योगेंद्र महतो, रॉबर्ट महतो, राजेश मुंडा, जहांगीर अंसारी, अनुज महतो, मुमताज अंसारी शामिल हुए।



### स्कूल प्रबंधन करे सहयोग : रामेश्वर प्रसाद

रामेश्वर प्रसाद ने अनूप कुमार महतो एवं मामा धर्मनाथ महतो को इस बड़ी उपलब्धि के लिए जन जागृति मंच की ओर से बधाई दी है और अनूप के उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा के साथ-साथ स्कूल/कॉलेज प्रबंधकों द्वारा आर्थिक सहयोग करने की जरूरत है।

## अवैध बालू माफियाओं का सेफ जोन बना ठाकुरगांव, पिठोरिया थाना क्षेत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव और पिठोरिया थाना क्षेत्र अवैध बालू माफियाओं का इन दिनों सेफ जोन बन गया है। ठाकुरगांव थाना क्षेत्र में सक्रिय बालू माफिया छापर, राय से बुढ़मू थाना क्षेत्र होते हुए अवैध बालू का परिवहन करते हैं। इन माफियाओं द्वारा ठाकुरगांव थाना में कई जगहों पर अवैध डंप बनाया गया है। इन डंपों से माफियाओं द्वारा दिन के उजाले में भी पिठोरिया थाना क्षेत्र के जिदु, कोनकी, पिठोरिया, बालू, सुतियाम्बे, कुम्हरिया, चंदवे, बुकरू, पिरुटोला, मालश्रृंग, मारवा, कोकदोरो आदि जगहों में ट्रैक्टर और टर्बो गाड़ी से अवैध बालू की तस्करी आम है। सूत्रों के अनुसार इस अवैध धंधे में प्रशासन की मौन स्वीकृति इन माफियाओं को मिली हुई है। विदित हो कि अभी बालू घाटों में एनजीटी के तहत बालू उत्खनन पर पूर्ण प्रतिबंध है, लेकिन इन क्षेत्रों में एनजीटी के रोक के बावजूद बालू की तस्करी निरंतर जारी है जो कि खनन विभाग व स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत को दर्शाता है। वहीं मामले पर पिठोरिया थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने कहा कि मेरे द्वारा दो दिनों पूर्व में ही अवैध बालू का परिवहन करते ट्रैक्टर को पकड़ा गया है। आगे भी अवैध बालू के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## मेलादी नदी के निकट मिला युवक का शव

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के मेलानी नदी के निकट रविवार सुबह बत्तीस वर्षीय लुंडरी निवासी उपेंद्र उरांव का शव लवरिस हालत में मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार लुण्डरी गांव का ही एक व्यक्ति शौच के लिए गांव से थोड़ी दूर बहने वाली नदी की ओर गया था तो उसने नदी किनारे शव को पड़े हुए देखा। ग्रामीण शव को नहीं पहचान पाए थे। घटना की जानकारी मिलने पर चान्हो पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। शव की पहचानी को लेकर सोशल मीडिया का सहारा लिया गया तब शाम लगभग बजे शव की पहचान लुंडरी निवासी उपेंद्र उरांव के रूप में हो पाई। चान्हो पुलिस के अनुसार शव के शरीर पर किसी भी प्रकार के जख्म के निशान नहीं थे। उसके मुंह से झाग निकला हुआ था जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि हो सकता है किसी जहरीले जीव के काटने से इसकी मौत हुई हो।

## कारगिल विजय दिवस पर गोविंदम वैंक्वेट हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नामकुम।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिक संघ रांची के द्वारा गोबिंदम बैंक्वेट हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल एसके सिंहा वीएसएम थे। कार्यक्रम के दौरान परमबीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के पुत्र विंसेट एक्का,उनकी पत्नी रजनी एक्का,नायक विश्वा केरकेट्टा कीर्ति चक्र की पत्नी उर्मिला केरकेट्टा, ले कर्नल संकल्प शुक्ला शौर्य चक्र की पत्नी प्रिया शुक्ला, पिता शैलेंद्र शुक्ला,माता सुषमा शुक्ला,नायक राजकुमार महतो की पत्नी जया महतो,नायक मनोज पाल की पत्नी ममता देवी तथा युद्व के दौरान नौगांव सेक्टर में 10 दिनों तक बर्फ में दबे रहने के बाद भी अकेले जिंदा बचे हवलदार एके कुशवाहा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष कर्नल बीके सिंह ने कहा कि संघ पूर्व सैनिको और उनके परिजनों के लिए हमेशा आगे बढकर कार्य करता रहेगा वहीं उपाध्यक्ष संजीत सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में कार्यक्रमों का विस्तार किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें।

### कार्यक्रम में ये लोग थे मौजूद

कर्नल पीएन यादव, ले कर्नल एसके कर्णा, ले कर्नल पीके झा, रवि सौरभ, अनीश राजगरिया, शौर्य प्रताप सिंह, एसके सिंहा, चंदन कुमार, आरपी सिंह, रणविजय सिंह,रणधीर कुमार, विशाल कुमार, दीपक कुमार, अनिल श्रीवास्तव,मुकेश कुमार, मोहन कुमार सहित पूर्व सैनिक और उनके परिजन मौजूद थे।

## एक नजर में

### मांडर : मस्जिद-ए-उमर की रखी गई बुनियाद



**मांडर।** प्रखंड के बहेरा टोली में रविवार को मस्जिद-ए-उमर की बुनियाद रखी गई। हाफिज गुलजार के कुरान तिलावत के साथ मस्जिद की संगे बुनियाद रखी गई। बुनियाद के मौके पर लोगों ने बढ़ चढकर मस्जिद निर्माण के लिए चंदा दिया। संगे बुनियाद के मौके पर डॉ. परमेश्वर भगत भी उपस्थित होकर धार्मिक सद्भावना का प्रतीक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उन्होंने समुदाय की एकता और सामाजिक समरसता पर बल दिया। समारोह में स्थानीय नागरिकों और धर्मगुरुओं ने उनकी इस पहल की सराहना की। मौके पर मुख्य रूप से जिपस प्रतिनिधि रबूल अंसारी, मौलाना रफीक, मौलाना तबरेज बुखारी, मौलाना मुस्तफा, मौलाना तैयब, मौलाना अमीरूल अंसारी, हाजी महफूज अंसारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी को लेकर बैठक



**ओरमांझी।** विश्व आदिवासी दिवस को लेकर रविवार को आदिवासी सरना 22 पड़हा समिति के अध्यक्ष बाबूलाल महली की अध्यक्षता में समाज के लोगों की एक बैठक हुई। बाबूलाल महली ने उपस्थित 22 पड़हा व समाज के पदाधिकारियों को नौ अगस्त विष्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील करते हुए कहा कि सदमा स्कूल मैदान में आदिवासी विष्व दिवस हषोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसमें क्षेत्र के सभी लोग अपने बच्चों के साथ शामिल हो व गांव के महिला पुरुष व बच्चे अपने आदिवासी परंपरिक भेष भूषा में आने से अपनी आदिवासी संस्कृति को जानने का अवसर मिलेगा। बैठक में संरक्षक रमेशचंद्र उरांव, संरक्षक सह सह जिप ससदस्य कमिश्नर मुंडा, रवि मुंडा, खुदन मुंडा, विजय उरांव, भगत उरांव, ललिता पाहन अजय टोप्पो, दीपक मुंडा आदि उपस्थित थे।

### नुक्कड़ नाटक से नशे के खिलाफ लोगों को किया गया जागरूक

डीएवी खलारी के बच्चों ने चलाया अभियान

**खलारी।** डीएवी स्कूल खलारी में केंद्रीय माध्यमिक विद्यालय शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा निर्देशित शिक्षा सप्ताह के अंतिम दिन नशे के खिलाफ अभियान चलाया गया। विद्यालय के बच्चों ने खलारी बैंक चौक एवं जानकी रमण मंदिर चौक पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों के द्वारा लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। वही विद्यार्थियों के द्वारा नशे के खिलाफ एसीसी कॉलोनी में प्रभात फेरी भी निकली गई। मौके पर प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि इन छोटे छोटे बच्चों ने समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया है हमें पूरा विश्वास है कि यह प्रयास अवश्य सफल होगा। इस कार्य में विद्यालय के इको क्लब की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जैविक उद्यान कर्मी की मौत के बाद कर्मचारियों की हड़ताल

- पशुओं को नहीं मिला भोजन, सैलानी लौटे
- मेदांता के मर्चरी में 10 घंटे पड़ा रहा शव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** भगवान बिरसा जैविक उद्यान कर्मी संतोष महतो 54 वर्ष की मौत रविवार को हो गई। जिसके बाद साथी कर्मियों द्वारा उद्यान प्रषासन पर उपचार कराने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हड़ताल कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कर्मियों द्वारा उद्यान प्रषासन के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से टिकट काउंटर व प्रवेश द्वार बंद रहा। जिसके कारण जैविक उद्यान पहुंचे सैलानी अंदर नही जा सके। वहीं दूर-दूर से अपने बच्चों के साथ घुमने आये सैलानी भी परेशान रहे। वहीं उद्यान के अंदर की साफ सफाई प्रभावित रही। वहीं उद्यान के सभी पषु पक्षी भुखे प्यासे रहे। बताया गया कि गुरूवार को जैविक उद्यान के हिप्पो ने पशुपाल संतोषा महतो पर हमला कर दिया था। घायल कर्मी को उपचार के लिए मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। सुबह सात बजे उपचार के दौनान ही उसकी मौत हो गई। इधर जैसे ही मौत की जानाकरी हुई, सभी उद्यान कर्मी मेदांता हॉस्पिटल व उद्यान पहुंचे और मुआवजा सहित विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्षन करने लगे। कर्मियों ने उद्यान प्रशासन पर कई आरोप लगाते हुए कहा हॉस्पिटल की बिल जमा नही किया गया। जिसके कारण साथी कर्मी की मौत हो गई। बिल जमा करने वोलने पर बोकारो बैंक का चेक दे दिया गया वह भी बाउंस हो गया। उद्यान कर्मी की मौत होने के बाद स्वजन उद्यान प्रषासन से शव लाकर देने की मांग कर रहे थें, लेकिन कोई पदाधिकरी नहीं पहुंचे। जिसके कारण मेदांता के मरर्चरी में मृतक कर्मी का शव दस घंटा तक पड़ा रहा। जिसे लेकर स्वजन व कर्मी काफी नाराज थे।




मृतक कर्मी के स्वजनों से बात करते निदेशक जबर सिंह और मृतक कर्मचारी की फाइल फोटो।

### जानवर के हमले से हुई दूसरी मौत

जैविक उद्यान के जानवर के हमले से कर्मी संतोष महतो की मौत की यह पहली घटना नही है। इससे पूर्व 2018 में जैविक उद्यान के पशुपालक (महावत) महेंद्र सिंह को सम्राट हाथी ने कुचल कर मार दिया था। वहीं नौ जनवरी को 2020 को कर्मी राजेंद्र महतो ने उद्यान प्रशासन पर पड़ताड़ना का आरोप लगाते हुए जैविक उद्यान के अंदर जहर खाकर आत्म हत्या कर लिया था। उद्यान आए एक सैलानी की स्कूटी चोरी होने पर राजेंद्र महतो से पैसा दिलवाया गया था। वहीं घटना से दो दिन पूर्व एक बोलेरो की चोरी हो जाने पर पड़तारित किया जा रहा था। पड़ताड़ना व बोलेरों के लिए सात लाख देने के डर से आत्महत्या कर लिया था।

### वन क्षेत्र पदा. के स्वजन करते हैं ठेकेदारी

जैविक उद्यान के प्रवेष द्वार पर स्वजन कर्मी सुबह से जमे थे। बार-बार अधिकरियों को बुलाने की मांग कर रहे थें। शाम 4.30 बजे के करीब उद्यान के निदेशक जबर सिंह पहुंचे, और स्वजनों के साथ कर्मियों से वार्ता किया। उन्हें बताया गया कि उद्यान के वन क्षेत्र पदाधिकारी के स्वजन खुद को पदाधिकारी बताकर ठेकेदारी करते हैं। वहीं निदेशक को नौ सूत्री मांग पर कार्रवाई करने की मांग करते हुए बताया कि एक पशुपालक को पांच-छह पशुओं के केज में कार्य करने को लगाया जाता है। निदेशक ने उद्यान में ठेकेदारी व वन क्षेत्र पदाधिकरी बताने वालों पर त्वरित कार्रवाई करने व पांच लाख रुपया तत्काल देने के साथ मृतक के एक सदस्य को नौकरी, सरकारी प्रवधान अनुरूप 20 लाख रुपया मुआवजा व योजना का लाभ दिलाने का आश्वासन के बाद स्वजनों व कर्मी मार्चरी से शव निकलवा कर पोस्टर्मोटम के लिए रिम्स ले गए।

# भाजपा का बेस बजट

हम इस बजट को बेस प्रभाव वाला बजट कह सकते हैं। या फिर सलमान खान की फिल्म सुल्तान के एक गाने से प्रेरणा लेते हुए कहा जा सकता है कि ह्यभाजपा को बेस पसंद हैह्न। यहां बेस से तात्पर्य है बिहार, आंध्र प्रदेश, सोशलिज्म (समाजवाद) और एंप्लॉयमेंट (रोजगार)। इससे पहले कि हम 2024 के बजट के राजनीतिक संदेश की गहराई में जाएं, हमें इस बात को समझना होगा कि राजनीति को कभी अर्थव्यवस्था से अलग नहीं किया जा सकता है। बजट के विभिन्न वित्तीय, राजकोषीय और कराधान संबंधी पहलुओं पर काफी कुछ लिखा और पढ़ा जा चुका है। यह पूरे वर्ष में सरकार द्वारा दिया जाने वाला सबसे अहम राजनीतिक वक्तव्य होता है। यह राजनीतिक अर्थव्यवस्था के बारे में अपनी बात ही नहीं कहता है बल्कि यह भी दिखाता है कि सरकार किस दिशा में जा रही है और वह कहां से आ रही है। इस वर्ष के बजट में दूसरी वाली बात कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण है। यह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का पहला बजट है। यही वजह है कि केवल इन दो राज्यों को इतना अधिक धन आवंटन किया गया है जबकि इनकी आबादी देश की कुल आबादी के 15 फीसदी से भी कम है। दोनों राज्यों का अतीत में विभाजन हो चुका है जिससे उनके आकर्षक हिस्से अलग हो गए और दोनों विशेष राज्य का दर्जा मांग रहे थे। किसी ने उनकी नहीं सुनी। कई महत्त्वपूर्ण वादे किए गए जिनमें मेडिकल कॉलेज, एयरपोर्ट, एक्सप्रेसवे और आंध्र प्रदेश के पोलावरम में स्थित करीब-करीब रद्द मेगा हाइड्रो प्रोजेक्ट शामिल है। पहले के दो अवसरों की तरह इस बार गठबंधन सरकार है। हमने जिस बेस का जिक्र किया है उसका बी और ए यही दोनों राज्य हैं। जो राज्य साथ खड़ें हुए उन्हें सहयोग से देश का ही एक हिस्सा विकसित होगा यह समझ विकसित करने की आवश्यकता है।

# सैन्य बल में महिलाओं

अब भारतीय सेना ने देश सेवा का सपना देख रही युवतियों-महिलाओं के लिए महिला सैन्य पुलिस में सैनिकों के रूप में भर्ती का अवसर मिलेगा। अभी तक शॉर्ट सर्विस कमीशन के जरिए सेना की मेडिकल, सिग्नल, एजुकेशन और इंजीनियरिंग कोर में भर्ती की जाने वाली महिलाओं को सीधे मोर्चे पर लड़ाकू भूमिका में भेजने से परहेज था। पूछा जाता था कि क्या महिलाएं दुश्मन से मोर्चा लेने के लिए सरहद पर जाने और सीमा पर वापस आते ताबूतों को देखने के लिए तैयार हैं (संदर्भ- पिछले वर्ष सेना प्रमुख बिपिन रावत का बयान)। महिलाओं की दृढता पर सवाल उठाती आशंकाओं का ही प्रतिफल है कि थल सेना में महिलाओं की हिस्सेदारी सिर्फ 3.80 फीसद, वायु सेना में 13.09 फीसद और नौसेना में 6 फीसद है। करीब 14 लाख सशस्त्र बलों के 65 हजार अफसरों के कैडर में देखें तो थल सेना में 1500, वायु सेना में 1600 और नौसेना में मात्र 500 महिलाएं हैं। बेशक, सेना में महिलाओं को अब से दो की बजाय दस शाखाओं में परमानेंट कमीशन देने पर तो सहमति है, लेकिन उन्हें कमांड भूमिकाओं में अब भी नहीं लाया जाएगा। तात्पर्य यह कि महिलाओं को किसी यूनिट के नेतृत्व का मौका नहीं मिलेगा। कमांडिग अफसर बनने की बजाय परमानेंट कमीशन मिलने के बावजूद कर्नल के पद तक ही पहुंच सकेंगी। वैसे हर साल सशस्त्र सुरक्षा बलों की तीनों शाखाओं में करीब 3300 महिलाओं की भर्ती होती है, लेकिन वे सीधे दुश्मन से नहीं भिड़ती हैं। महिलाओं को लड़ाकू भूमिका नहीं देने को लेकर कुछ बाधाओं की बात कही जाती रही है। लेकिन वर्तमान समय में उनकी बहादुरी और होशियारी के साथ विश्व के विकसित देशों में जिस प्रकार की उन्हें जिम्मेदारी दी जा रही है उसकी चर्चा कम ही होती है। आज भारतीय परिवेश में उनकी भी एक समृद्ध परम्परा है।

# शिक्षा, संस्कार और स्वत्व चेतना के केंद्र हैं मंदिर

**मंदिर** केवल पूजा, उपासना, प्रार्थना या आराधना के स्थल भर नहीं है?। ये अंतरिक्ष की अनंत ऊर्जा से प्रकृति और प्राणियों से समन्वय बिठाकर मानव जीवन के विकास का आधार, शिक्षा संस्कार, स्वत्व एवं साँस्कृतिक चेतना का केन्द्र होते हैं। भारत यदि विश्व गुरु और सोने की चिड़िया रहा है, तो इसमें मंदिरों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है ।

भारत में मंदिर निर्माण की परंपरा असाधारण है । यह सभ्यता के विकास के साथ आरंभ हुई । अतीत में जहाँ तक दृष्टि जाती है वहाँ आत्म चेतना जागृति स्थल के रूप में मंदिरों का संदर्भ मिलता है । लेकिन इसे समझने के लिये हमें सभ्यता विकास क्रम पर पश्चिमी अवधारणा से परे होकर सोचना होगा । पश्चिमी दर्शन में मानव विकास क्रम केवल पांच हजार वर्ष के भीतर मानी जाती है। जबकि भारत में मंदिर और मूर्तियों के प्रमाण इस कालावधि से बहुत पहले आठ और दस हजार वर्ष पूर्व भी मिलते हैं। उस काल-खंड में मंदिरों की वास्तु उत्कर्ष रही है । यह दो प्रकार की थी । एक ऋषि परंपरा में दूसरी नगर एवं ग्राम्य परंपरा के समाज जीवन में। ऋषि आश्रम वनों में हुआ करते थे । जो शिक्षा, चिकित्सा और अनुसंधान और आध्यात्मिक साधना स्थल थे । वहाँ यज्ञ, तप, और साधना समाधि परम् ब्रह्म की उपासना होती थी । कुछ ऋषि आश्रमों में ध्यान और एकाग्रता के लिये प्रतीक की स्थापना भी होती थी । जैसी पार्वती जी ने वन में जाकर पार्थिव शिवलिंग स्थापित किया और अपनी आत्म चेतनासे शिवजी का आव्हान किया ।जबकि नगर और ग्राम का जीवन सांसारिक होता है । भौतिक आवश्यकता का आधिक्य होता है । इसलिये सीधे साधना कठिन होती है ।

इसे दो आयामों में बांटा गया । साधना के पहले चार आयाम यम नियम संयम आहार और प्रणायाम घर में भी हो सकते हैं लेकिन धारणा ध्यान और समाधि के लिये मंदिर होते हैं । रामायण काल में दोनों उदाहरण मिलते हैं। रावण ने एकांत वन में जाकर शिवजी के प्रतीक की स्थापना करके आव्हान किया जबकि सीताजी ने मंदिर में जाकर पूजन करके आह्वान किया । महाभारत काल में अर्जुन और सुभद्रा का मिलन भी मंदिर में होता है । ये मंदिर साधारण भवन निर्माण भर नहीं होता । इनकी निर्माण कला अंतरिक्ष की अनंत ऊर्जा के केन्द्रीकरण का अद्भुत विज्ञान है । महाभारत काल ईसा से तीन हजार दो वर्ष पूर्व माना जाता है । यह निर्धारण कुरुक्षेत्र की खुदाई और द्वारिका के समुद्रतल से मिले चिन्हों के आधार पर किया गया है । इसका अर्थ है कि पश्चिमी जगत में जब सभ्यता का अंकुरण हो रहा था, तब भारत की सभ्यता इतने उन्नत स्वरूप में थी कि उसे आत्मशक्ति एकाग्र करके और अंतरिक्ष की अनंत ऊर्जा से साक्षात्कार करने की क्षमता अर्जित कर ली थी ।





–रमशे शर्मा

> भाषा विज्ञान के अनुसार मंदिर शब्द रचना हुई और उस विशिष्टता के अनुरूप ऊर्जा संपन्न बनाने केलिये मंदिर निर्माण की वास्तु कला का विकास हुआ । जिस प्रकार आरंभिक यम से समाधि तक भक्ति के नौ आयाम होते हैं उसी प्रकार मंदिर निर्माण कला के भी कुल नौ आयाम होते हैं। मंदिर वास्तु के इन नौ आयामों सबसे प्रथम है।

मंदिरों की निर्माण कला में यह ज्ञान स्पष्ट झलकता है । जिसे भूखंड विशेष के चयन, दिशाओं की गणना करके ऊर्जा केन्द्र केन्द्र का निर्धारण, आकाश की ऊर्जा का संवाहन करने की तकनीक होती है । इस उन्नत स्वरूप की झलक ₹मंदिर₹ नाम और इनके निर्माण की वास्तु में मिलती है ।

## मंदिर शब्द से संबोधन और निर्माण का विज्ञान

मंदिर शब्द साधारण नहीं है और न इसका आशय केवल पूजा, उपासना या आराधना केलिये बनाई गई किसी भवन आकृति के संबोधन तक सीमित है । मंदिर₹ शब्द रचना में ही अंतरिक्ष की अनंत ऊर्जा का आव्हान करके व्यक्ति परिवार, समाज के संवर्धन और प्रकृति के संरक्षण का संदेश स्पष्ट हो जाता है । मंदिर शब्द संस्कृत की दो धातुओं से बनता है । एक धातु मन्‌ और दूसरी द । जब मन्धातु में द ॅधातु की इकार अर्थात (छोटी इ की मात्रा) के साथ प्रत्यय के रूप में संधि की जाती है तब शब्द बनता है मंदिर । मन, मनन, मन्नत, मान और मनुष्य जैसे शब्द मन्‌ धातु से बनते हैं । जबकि दृश्य, दृष्टि, द्रव्य, दर्शन जैसे शब्द द ॅधातु से बनते हैं। दोनों धातुओं की संधि में इकार का प्रयोग शक्ति रूप में होता है । तब मंदिर शब्द का अर्थ हुआ मन और मनन को शक्तिमय दृष्टि देने वाला। मन की सकारात्मक दृष्टि, मनन की सृजनात्मक दिशा से ही जीवन उत्कृष्ट बनता है । मन बहुत शक्तिशाली होता है और सदैव गतिमान रहता है। मन की गतिशीलता यदि संकल्पशील और सृजनात्मक न हो तो मन की समस्त ऊर्जा नकारात्मक परिणाम देती है। मन को एकाग्र करके विशिष्ट दिशा में गमन करने की प्रेरणा देने का स्थल मंदिर होते हैं ।

भाषा विज्ञान के अनुसार मंदिर शब्द रचना हुई और उस विशिष्टता के अनुरूप ऊर्जा संपन्न बनाने केलिये मंदिर निर्माण की वास्तु कला का विकास हुआ । जिस प्रकार आरंभिक यम से समाधि तक भक्ति के नौ आयाम होते हैं उसी प्रकार मंदिर निर्माण कला के भी कुल नौ आयाम होते हैं। मंदिर वास्तु के इन नौ आयामों सबसे प्रथम है अधिष्ठान इसे हम नींव भी कह सकते हैं । यह सम्पूर्ण भवन का आधार होता है। दूसरा आयाम है मसूरक। यह नींव और दीवार का मध्यभाग होता है । तीसरा जगती, यह वह धरातल होता है जिसपर गर्भ गृह का निर्माण होता है । चौथा दीवार । पाँचवा कपोत, यह दीवारों में द्वार, वातायन अथवा अन्य उपलंबों का भाग कहलाता है । छटवां आयाम शिखर है, यह मंदिर का वह शीर्ष है जो गर्भगृह के मध्य में ठीक ऊपर होता है । सातवाँ भाग आमलक है, शिखर के आरंभ और कलश के मध्य का वतुर्लाकार भाग होता है । आठवाँ कलश है, जो शिखर का शीर्ष होता है । और नौवां उत्तुंग जो कलश के ऊपर एक बारीक सूत्र नुमा होता है इन सभी भागों में परस्पर लम्बाई चौड़ाई और ऊँचाई का एक निश्चित अनुपात होता है । अंतरिक्ष से केवल बिजली ही कड़क कर धरती पर नहीं आती। सदैव अदृश्य अनंत ऊर्जा बरसती है जो धरती, जल, अग्नि, आकाश और वायु को चैतन्य रखती है ताकि प्रकृति जीवन्त रहे और प्राणी सक्रिय रहें। मंदिर का यह उत्तुंग विशिष्ट धातु का बनता है और मंदिर शिखर के शीर्ष पर स्थापित किया जाता है । यह उत्तुंग जहाँ विद्युत प्रवाह को खींचकर सीधा भूमि में पहुंचा देता है।

## खास बात

### अग्निपथ पर मोदी

मोदी ने करगिल युद्ध में जीत की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर यहां आयोजित करगिल विजय दिवस पर अपने संबोधन में कहा कि कुछ लोग राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े एक संवेदनशील मुद्दे पर भी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने उन दावों को भी खारिज कर दिया कि पेंशन के पैसे बचाने के लिए अग्निपथ योजना शुरू की गई थी।

अग्निपथ योजना से देश की ताकत बढ़ने के साथ ही हमें सामर्थ्यवान युवा भी मिलेंगे।

उन्होंने कहा, अग्निपथ का लक्ष्य सेनाओं को युवा बनाना है, अग्निपथ का लक्ष्य सेनाओं को युद्ध के लिए निरंतर योग्य बनाकर रखना है। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इस तरह के संवेदनशील मुद्दे को कुछ लोगों ने राजनीति का विषय बना दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना सेना द्वारा किए गए आवश्यक सुधारों का एक उदाहरण है। उन्होंने कहा, दशकों से संसद और विभिन्न समितियों में सशस्त्र बलों को युवा बनाने पर चर्चा होती रही है। भारतीय सैनिकों की औसत आयु वैश्विक औसत से अधिक होना चिंता का विषय रहा है।

इस मुद्दे को कई समितियों में वर्षों तक उठाया गया लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा की इस चुनौती को हल करने की इच्छाशक्ति पहले नहीं दिखाई गई। उन्होंने कहा, देश ने अग्निपथ योजना के माध्यम से इस चिंता का समाधान किया है।

विपक्ष पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा, ये वही लोग हैं जिन्होंने सेनाओं में हजारों करोड़ के घोटाले करके हमारी सेनाओं को कमजोर किया। ये वही लोग हैं जो चाहते थे कि वायुसेना को कभी आधुनिक फाइटर जेट ना मिल पाएं। ये वही लोग हैं जिन्होंने तेजस फाइटर प्लेन को भी डिब्बे में बंद करने की तैयारी कर ली थी।

प्रधानमंत्री ने उन दावों को भी खारिज कर दिया कि पेंशन के पैसे बचाने के लिए अग्निपथ योजना शुरू की गई थी। उन्होंने कहा, कुछ लोग ऐसा भ्रम फैला रहे हैं कि सरकार पेंशन के पैसे बचाने के लिए ये योजना लेकर आई। मुझे ऐसे लोगों की सोच पर शर्म आती है लेकिन ऐसे लोगों से पूछा जाना चाहिए, जरा कोई मुझे बताये आज मोदी के शासनकाल में जो भर्ती होगा क्या आज ही उसको पेंशन देनी है?

# संसारिक जीवन

## धर्म-प्रवाह

**महर्षि अरविंद**

**पात्रता** के अभाव में सांसारिक जीवन में किसी को शायद ही कुछ विशेष उपलब्ध हो पाता है। अपना सगा होते हुए भी एक पिता मूर्ख गैर जिम्मेदार पुत्र को अपनी विपुल सम्पत्ति नहीं सौंपता। कोई भी व्यक्ति निर्धारित कसौटियों पर खरा उतरकर ही विशिष्ट स्तर की सफलता अर्जित कर सकता है। मात्र मांगते रहने से कुछ नहीं मिलता, हर उपलब्धि के लिए उसका मूल्य चुकाना पड़ता है। बाजार में विभिन्न तरह की वस्तुएं दुकानों में सजी होती हैं, पर उन्हें कोई मुफ्त में कहां प्राप्त कर पाता है? अनुनय विनय करने वाले तो भीख जैसी नगण्य उपलब्धि ही करत ।लगत कर पाते हैं। पात्रता के आधार पर ही शिक्षा, नौकरी, व्यवसाय आदि क्षेत्रों में भी विभिन्न पात्रता विकसित हो जाने पर बिना मांगें ही वे साधक पर बरसती हैं। उन्हें किसी प्रकार का अनुनय विनय नहीं करना पड़ता है। दैवी शक्तियां परीक्षा तो लेती हैं, पर पात्रता की कसौटी पर खरा सिद्ध होने वालों को मुक्तहस्त से अनुदान भी देती हैं। यह सच है कि अध्यात्म का, साधना का चरम लक्ष्य सिद्धियां-चमत्कारों की प्राप्ति नहीं है, पर जिस प्रकार अध्यवसाय में लगे छात्र को डिग्री की उपलब्धि के साथ-साथ बुद्धि की प्रखरता का अतिरिक्त अनुदान सहज ही मिलता रहता है, उसी तरह आत्मोत्कर्ष की प्रचण्ड साधना में लगे साधकों को उन विभूतियों का भी अतिरिक्त अनुदान मिलता रहता है, जिसे लोक-व्यवहार की भाषा में सिद्धि एवं चमत्कार के रूप में जाना जाता है। पर चमत्कारी होते हुए भी ये प्रकाश की छाया जैसी ही हैं।

**दुनिया** भर के गंजों को समर्पित.. आज से 40 साल पहले जब मैं मुंबई फि ल्मों में अपनी कि स्मत आजमाने आया था तो मेरे बाल झड़ रहे थे और अस्त व्यस्त थे। लोग इसे मेरी किस्मत कहते थे और मैं इसे अपनी खासियत कहता था।

**–अनुपम खेर अभिनेता**

## रोचक ट्वीट

मुख्यमंत्री आवास में रसोईया के रूप में कार्यरत श्री लक्ष्मण छेत्री जी की सड़क हादसे के पश्चात मृत्यु हो गई थी।

दिवंगत लक्ष्मण जी के डोरंडा स्थित आवास पर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की।

**– हेमंत सोरेन**





**दुनिया** की आबादी सात अरब से ज्यादा है। इसमें से कोई भी कष्ट उठाना नहीं चाहता और न ही कोई समस्याओं का सामना करना चाहता है। इसके बावजूद हम कई सारी समस्याओं का सामना कर रहे हैं जो खुद हमने खड़ी की हैं।

**–दलाई लामा**

# अर्धसैनिक बलों के जवान हत्या-आत्महत्या के शिकार क्यों

## समस्या

**अर्धसानिक** बलों के जवान उचित खानपान न मिलने, छुट्टियां न मिलने जैसी शिकायतें सोशल मीडिया पर भी करते रहे हैं। झारखंड के सरायकेला में एक जवान ने अपने असिस्टेंट कमांडेट सहित छह जवानों को मार डाला था। हत्यारोपी जवान अवसाद से पीड़ित था।

कुछ दिन पहले नक्सल प्रभावित राज्य छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी) के एक जवान ने अपने ही छह साथी जवानों की गोली मार कर हत्या कर दी थी। दो दिन पहले झारखंड में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों में संघर्ष के दौरान गोलियां चलीं, जिसमें दो जवान मारे गए। ये घटनाएं विचलित करने वाली हैं। इन घटनाओं के कारण जो भी रहे हों, लेकिन इतना तय है कि हमारे अर्धसैनिक बलों की हालत अच्छी नहीं है। ये घटनाएं बता रही हैं कि सुरक्षा बलों के ज्यादातर जवान बुरी तरह अवसादग्रस्त और मानसिक दबाव में हैं, इसलिए इनके भीतर कहीं न कहीं गहरा असंतोष पनप रहा है। इसके कारण चाहे पारिवारिक हों अथवा विभागीय, लेकिन गौर करें तो साथी जवानों पर हमले और हत्याओं की घटनाएं नई बात नहीं हैं। कुछ साल पहले औरंगाबाद में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) के एक जवान ने अपने ही चार साथियों को गोलियों से उड़ा दिया था। इसी तरह झारखंड के सरायकेला में एक जवान ने अपने असिस्टेंट कमांडेट सहित छह जवानों को मार डाला था। हत्यारोपी जवान अवसाद से पीड़ित था।

आमतौर पर आत्महत्या की प्रवृत्ति उन जवानों में सर्वाधिक देखी जाती है जो सीमा पर पहरा देते हैं या जोखिम भरे क्षेत्रों में काम करते हैं। अक्सर इन कार्यों में जवानों को अपनी जान भी गंवानी पड़ती है। आंकड़ों पर गौर करें तो भारत-पाक सीमा पर गोलीबारी, आतंकवादी और उग्रवादी गतिविधियों के कारण पिछले तीन वर्षों में सुरक्षा बलों के तकरीबन चार सौ से अधिक जवानों ने जान गंवाई है। इनमें सबसे अधिक जवान सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के शहीद हुए हैं। इस बल ने 2015 से 2017 के दरम्यान एक सौ सड़सठ जवानों को खोया है। अपने साथी जवानों की शहादत को देख कर अन्य जवानों का विचलित होना स्वाभाविक है। मनोवैज्ञानिकों की मानें तो इनमें से कुछ जवान अवसाद में चले जाते हैं। गृह मंत्रालय ने एक रिपोर्ट में जवानों की आत्महत्या और अवसाद के कई कारण गिनाए थे, जिसकी वजह से पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न अर्ध सैनिक बलों के चार सौ से अधिक जवानों ने आत्महत्या की और साथ ही अपने साढ़े तीन दर्जन से अधिक साथियों को निशाना बनाया। आमतौर पर अर्धसैनिक बलों के उच्चाधिकारी यह दलील देते हैं कि जवानों में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति का मूल कारण उनका पारिवारिक तनाव है, न कि नौकरी के दौरान उपजने वाला मानसिक दबाव। इसमें कोई दो राय नहीं कि जवानों के आत्महत्या करने और नौकरी छोड़ने के पीछे पारिवारिक तनाव बड़ा कारण है। लेकिन दूसरे कारण भी हैं जो जवानों को विचलित करते रहते हैं। सच तो यह है कि नौकरी की कठिन सेवा शर्तें भी जवानों की परेशानी और आत्महत्या की बड़ी वजह है। कुछ वर्षों से सेना द्वारा नौकरी की सेवा-शर्तें एवं वेतन में व्याप्त विसंगतियों को लेकर सवाल उठाया जाता रहा है। कठिन सेवा शर्तें कई किस्म की परेशानियां खड़ी कर रही हैं। केवल सीआरपीएफ की ही बात करें तो अस्सी प्रतिशत जवानों को पिछले दो दशक से एक जगह पर स्थायी रूप से नियुक्ति नहीं मिल पाई है और वे समय-समय पर मिलने वाली प्रोन्नति से भी वंचित हैं। सच कहें तो उनका जीवन खानाबदोशों की तरह हो गया है। सरकार को समझना होगा कि वे भी समाज का हिस्सा हैं और उन्हें भी मानवीय संवेदनाएं प्रभावित करती हैं।

## कॉटून वर्ल्ड



कोरोना ने बदला हमारा तौर तरीका

## लेटर टू एडिटर

### ममता की नीति

**ममता** बनर्जी ने यह सब मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के तहत किया है। ऐसे नेता जो देश में विकास करने की जगह हिंदू-मुस्लिम करने की कोशिश करते हैं, इनसे देश कैसे उम्मीद रख सकता है? हमारे नेताओं को ऐसी हरकतों से बाज आना चाहिए। भारतीय कानून ने भले ही मतदान के वैयक्तिक अधिकार दिए हों, परन्तु व्यवहार में ऐसा नहीं होता है। ममता बनर्जी को नीति बदलना ही होगा।

**–रविकांत झा, खूंटी**

### महिलाओं का उत्पीड़न

**परिवार** और समाज के अन्य सदस्य, जिसे मतदान करते हैं, उसी को मतदान करने के लिए अन्य सदस्यों पर दबाव डालते हैं। हाल ही में झारखंड में एक महिला द्वारा अपने मनचाहे प्रत्याशी को मतदान करने पर उनके परिजनों ने प्रताड़ित किया। ऐसे कृत्यों पर रोक लगाना लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है। साथ ही, ऐसा किए जाने से मतदाताओं का किसी खास जाति-धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण पर भी रोक लगेगी। **-रवि, रांची**

# साइबर अपराध के बुरी तरह फंसते युवा

**अभिषेक कुमार**

## अपराध

कंप्यूटर और इन्टरनेट के माध्यम से किये जानेवाले सभी प्रकार के गैर - कानूनी और धोखाधड़ी की एक्टिविटीज साइबर क्राइम की श्रेणी में शामिल किये जाते हैं । सूचना तकनीक के रूप में कंप्यूटर, मोबाइल और इन्टरनेट के बढ़ते प्रयोग के फलस्वरूप साइबर क्राइम का दायरा भी बड़ी तेजी से बढ़ता जा रहा है। किसी यूजर के कंप्यूटर से इन्टरनेट की मदद से उनके पर्सनल डाटा की चोरी से लेकर इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी के कॉपीराइट का गैरकानूनी प्रयोग, चाइल्ड पोर्नोग्राफी, बुल्लियंग (डराना और ब्लैकमेलिंग), वित्तीय धोखाधड़ी से लेकर कई अन्य अपराध भी साइबर क्राइम के अंतर्गत आते हैं । इसके अतिरिक्त स्पैम मेल के द्वारा अपने वस्तु और सेवा का प्रमोशन करना, फिशिंग के माध्यम से किसी यूजर के प्राइवेट डाटा में सेंध लगा कर बैंकों से धन की निकासी करना, ड्रग ट्रैफिकिंग करने के अतिरिक्त कई अन्य गैरकानूनी कार्य भी साइबर अपराध की केटेगरी में सम्मिलित की जाती हैं । आज हम टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट के उस स्टेज पर पहुँच चुके हैं जहाँ पर हम इन्टरनेट और कंप्यूटर के बिना अपना काम बिलकुल नहीं चला सकते हैं ।

लिहाजा यह अनिवार्य है कि जब हम कंप्यूटर और इन्टरनेट का यूज कर रहे हों तो हमें कुछ ऐसी सावधानियों का अवशय ध्यान रखना चाहिए जिससे हम साइबर क्राइम की घटनाओं से खुद की रक्षा कर पायें

**अपने कंप्यूटर के लिए एक स्ट्रौंग पासवर्ड सबसे अनिवार्य**

वैसे तो यह सामान्य - सी बात है कि जब आप अपने कंप्यूटर पर इन्टरनेट चला रहे हों तो आप अपने पीसी को एक स्ट्रौंग पासवर्ड से सिक्योर कर लें । किन्तु जब भी आप अपने कंप्यूटर को किसी पासवर्ड से सिक्योर करें तो इस बात का ध्यान रखें कि पासवर्ड हमेशा ही स्ट्रौंग होना चाहिए । पासवर्ड का क्रिएशन लेटर्स, सिम्बल्स और नुमेरल्स का मिक्सचर हो तो यह बहुत इफेक्टिव माना जाता है । इसके साथ-साथ आप पासवर्ड के लिए लोअर केस लेटर्स और अप्पर केस लेटर्स का भी यूज कर सकते हैं। यदि आप एक से अधिक एकाउंट्स का यूज कर रहे होते हैं तो आपको उन सब एकाउंट्स के लिए एक कॉमन पासवर्ड का यूज कभी नहीं करना चाहिए, क्योंकि ऐसी स्थिति में साइबर क्राइम का खतरा बढ़ जाता है । आप अपने मोबाइल नंबर, व्हीकल नंबर, हाउस नंबर, बर्थडे जैसे नंबर्स का भी यूज अपने पासवर्ड के लिए नहीं करें क्योंकि इस प्रकार के पासवर्ड को गेस करना कठिन कार्य नहीं होता है ।

**सोशल मीडिया के यूज के बारे में आपकी सतर्कता जरुरी**

सोशल मीडिया के रूप में फेसबुक, ट्विटर, ब्लॉग इत्यादि के यूज के बारे में हमें सावधान रहने की जरुरत है । सोशल मीडिया के इन साइट्स पर कुछ भी अपलोड करने पर वे सभी दुनिया भर के यूजर्स के लिए हमेशा के लिए पोस्ट हो जाते हैं । इसीलिए हमेशा इस बात की सावधानी रखनी चाहिए कि हम ऐसा कुछ भी पोस्ट नहीं करें जो हमारे लिए बेहद प्राइवेट और सेंसिटिव इनफार्मेशन वाला हो और जिनके लीक हो जाने पर हमें किसी खतरे का सामना करना पड़े।

**सेंसिटिव और पर्सनल इनफार्मेशन का प्रोटेक्शन जरुरी**

कई बार हमें ऑनलाइन शॉपिंग के अतिरिक्त इन्टरनेट बैंकिंग के यूज के लिए कई पर्सनल इनफार्मेशन शेयर करनी होती है । खासकर यूजर के एड्रेस, ईमेल और मोबाइल नंबर, बैंक्स अकाउंट नंबर इत्यादि की प्राइवेसी के बारे में ध्यान रखने की जरुरत है ।

यदि आपके ईमेल इनबॉक्स में ऐसे मेल्स आते हैं जिसकी स्पेलिंग और ग्रामर शुद्ध नहीं है तो यह मान लेनी चाहिए कि ऐसे ईमेल फेक हैं और इसीलिए इन सभी मेल्स को एंटरटेन नहीं करना चाहिए । बेहतर हो कि इस प्रकार के मेल्स को कभी भी ओपन नहीं करें।

**ईमेल आइडी को भी हैक होने से बचाएं**

फास्ट तकनीक और इन्टरनेट के तेजी ो बढ़ते प्रयोग के वर्तमान युग में ईमेल आइडी का प्रचलन अब एक सामान्य-सी बात हो गयी है । लेकिन यूजर के द्वारा अपने ईमेल आइडी को सिक्योर और सेफ रखने के बारे में लापरवाही बड़ी चिंता का विषय है।

## स्पीड न्यूज

### चौकीदार बहालीः परीक्षा केन्द्रों का डीसी और एसपी ने किया निरीक्षण



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत चौकीदार बहाली के तहत रविवार को रामगढ़ शहर के अलग-अलग आठ केन्द्रों पर चल रही लिखित परीक्षा को लेकर रविवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के साथ विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।
इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने रामगढ़ उच्च विद्यालय कोयरीटोला, छावनी मध्य विद्यालय नईसराय रामगढ़, छावनी मध्य विद्यालय सुभाष चौक एवं गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ का निरीक्षण कर चल रही लिखित परीक्षा का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने सभी केंद्र अधीक्षकों सहित परीक्षा कार्य में लगे सभी संबंधित दण्डाधिकारियों, अधिकारियों आदि को चौकीदार बहाली के तहत निर्धारित नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ लिखित परीक्षा पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर एसडीओ आशीष गंगवार, नजारत उप समाहर्ता रविंद्र गुप्ता, एसएमपीओ विक्रम सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन




**भुरकुंडा।** सेवा मंच ने रविवार को भुरकुंडा साप्ताहिक हाट में ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले को भोजन कराया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने करीब 150 गरीबों और बच्चों के बीच पुरी-सब्जी व जलेबी का वितरण किया। सिंह ने कहा की गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है और यही मानव धर्म भी है। उन्होंने बताया कि पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा जन सहयोग के माध्यम से गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, रिंकू वर्णवाल, दिलीप गंझू, शिवकुमार यादव, लालू उरांव, सुकरा करमाली सहित कई लोगों का विशेष योगदान रहा।

### अनूप ठाकुर ने 110 छात्रों को खिलाया खाना



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारत सरकार के आदेशानुसार पीएम पोषण के तहत रविवार को लंपगा पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय में विद्यार्थियों को भाजपा के भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप कुमार ठाकुर ने खिलाया खाना। 110 छात्र-छात्राओं ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाया। ठाकुर ने बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का अनमोल रत्न है। इसके बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि बच्चों को पठन-पाठन में किसी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जायेगी। श्री ठाकुर ने अभिभावकों से बच्चों को प्रत्येक दिन स्कूल भेजने और शिक्षकों के साथ-साथ उन्हें भी बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेखा कुमारी, शिक्षिका बबीता कुमारी, सुहाना खातून, मालती कुमारी, पूनम किंडो, संगीता देवी सहित विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा।

### दि झाकोमयू ने कुआं में डाला ब्लीचिंग



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल आर्दश क्षेत्रिय अस्पताल भुरकुंडा के सीएमओ डॉ. अनुप टोप्पो के सौजन्य से उपलब्ध कराये गये ब्लीचिंग पाउडर का रविवार को सौंदा डी के कुंआ और नालियों में छिड़काव किया गया। ब्लीचिंग छिड़काव अभियान के तहत बरसात के मौसम को देखते हुए मच्छरों से बचाओ और पानी की शुद्धता को लेकर सीएमओ डॉ. अनुप टोप्पो द्वारा दि झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय अध्यक्ष सचिव अनिल कुमार सिंह को ब्लीचिंग पाउडर दिया गया था। इसी कड़ी में दि झाकोमयू के बरका-सयाल क्षेत्रिय सचिव अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में सौंदा डी क्षेत्र के कई कुंआ और नालियों में ब्लीचिंग का छिड़काव किया गया। मौके पर अनिल सिंह ने कहा कि बरसात के मौसम में मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ जाता है। जिसके चलते लोगों में संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। मच्छरों के प्रकोप को कम करने के लिए ही ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया है। अभियान में यूनियन के बरका-सयाल सह सचिव नीरज कुमार, सयाल अध्यक्ष त्रिलोकीनाथ सिन्हा, उपाध्यक्ष मो. यसुफ खान, सुरेश यादव, दीनानाथ पटेल, रोशन प्रसाद, शाहिल अंसारी सहित कई लोग शामिल थें।

# सड़क दुर्घटना में हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष जख्मी

## सांसद जायसवाल ने विवेकानंद सिंह का जाना कुशलक्षेम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानन्द सिंह की गाड़ी अनियंत्रित होने से कटकमसांडी के कंचनपुर पंचायत स्थित ग्राम हेडलाग के मोहडर के समीप रविवार को सड़क दुर्घटना हो गया। वे कटकमसांडी प्रखंड में आयोजित भाजपा के बूथ अध्यक्षों के सम्मान समारोह में भाग लेकर लौट रहे थे। गाड़ी खुद भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ड्राइव कर रहे थे और उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाशपति ओझा, सुमन कुमार पप्पू, मनोज गिरी और विवेक जोशी गाड़ी में बैठे थे। दुर्घटना में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानन्द सिंह के सिर पर चोट लगी और मनोज गिरी का हाथ डिस्लोकेट हो गया बाकी लोगों को चोट नहीं आई है। घायल अवस्था में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानन्द सिंह सहित अन्य घायल को तत्काल शहर के हरनगंज रोड़ स्थित वीणा जेनरल हॉस्पिटल में इलाज के लिए हुए भर्ती कराया गया जहां भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह का स्टिच लगाकर छुट्टी कर दिया गया। रेस्ट के लिए उन्हें तत्काल उनके घर ले जाया गया। रविवार को ही हजारीबाग से लोकसभा सत्र के लिए दिल्ली के लिए रवाना हुए सांसद मनीष जायसवाल को जैसे ही सूचना मिली, तत्काल उन्होंने अपने प्रतिनिधि के रूप में रंजन चौधरी को अस्पताल भेजा। रंजन चौधरी ने घायल विवेकानन्द सिंह, मनोज गिरी सहित अन्य का कुशलक्षेम जाना और इसकी सूचना सांसद मनीष जायसवाल को दी। जायसवाल ने भी अध्यक्ष विवेकानन्द सिंह और अन्य घायलों से मोबाइल के जरिए बात करके उनका कुशलक्षेम जाना एवं ईश्वर का शुक्रिया जताया कि सड़क दुर्घटना होने के बावजूद भाजपा जिला अध्यक्ष सहित अन्य भाजपा नेता सुरक्षित हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने ईश्वर से भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानन्द सिंह सहित अन्य घायलों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की ।



# रामगढ़-पतरातू फोरलेन सड़क धंसने से अवागामन प्रभावित

- **बासल के गेगदा महुआ मोड़ के निकट एक लेन पर वाहनों का हो रहा है परिचालन**



भुरकुंडा (रामगढ़)। गेगदा महुआ मोड़ के निकट शनिवार देर शाम रामगढ़-पतरातू फोरलेन सड़क धंसने से अवागामन प्रभावित हो गया। जानकारी के अनुसार रामगढ़-पतरातू फोरलेन सड़क धंसने से लगभग दो फीट व्यास का गहरा होल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा मामले की जानकारी बासल थाना पुलिस और जेएआरडीसीएल के पेट्रोलिंग अधिकारी को दी गई।

सूचना के बाद पहुंचे बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार और और पेट्रोलिंग अधिकारी अरविंद सिंह ने सुरक्षा को देखते हुए होल के दोनों तरफ बैरिकेटिंग कर एक तरफ की लेन को बंद कर दिया। सड़क धंसने के बाद से जेएसपीएल बी गेट से लबगा पंचबहिनी मंदिर तक एक तरफ की लेन पर ही आने-जानेवाले वाहनों का परिचालन हो रहा है।

अरविंद सिंह ने बताया कि रामगढ़ से पतरातू डैम तक कुल 40 कल्वर्ट बने हैं। जिसमें 12 पाइप कल्वर्ट है और 28 बॉक्स कल्वर्ट है। जिस जगह सड़क धंसी है वह पाइप कल्वर्ट है। सड़क निर्माण करानेवाली मोंटे कार्लो कंपनी को निर्माण के दौरान एक पाइप से दूसरे पाइप को जोड़ना चाहिए था। जबकि उसने ढाई फीट का गैप छोड़ दिया है। वहीं कल्वर्ट के दोनों तरफ लोगों ने खेती करने और मकान निर्माण के क्रम में ब्लॉक कर दिया है। पानी की सही से निकासी नहीं होने से सड़क खोखली होकर धंस गई है। उन्होंने कहा कि फिलहाल सुरक्षा के मद्देनजर सड़क पर बैरिकेटिंग कर दी गई है। जल्द से जल्द सड़क की मरम्मति होगी।

### लिफ्ट से गिरकर व्यवसायी मौत, बिल्डर पर प्राथमिकी

**हजारीबाग।** बंशीलाल चौक रोड हरिहर कॉलोनी स्थित सिटी सेंटर के लिफ्ट से गिरकर प्लाईवुड व्यवसायी अजय कार्तिक की मौत मामले में सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मृतक के भाई अमरेंद्र आजाद ने यह मामला दर्ज कराया है। जिसमें सिटी सेंटर का निर्माण करने वाले बिल्डर रवि कुमार और लिफ्ट संचालक को आरोपी बताया बनाया गया है। सूचक अमरेन्द्र आजाद पिता प्रिय रंजन शर्मा ने पुलिस को बताया कि उनके भाई की लिस्ट में गिरने से मौत हुई है या हत्या का मामला है। इसकी जांच करें। प्रथम दृष्टया वहां कोई भी जाकर उस बिल्डिंग में जाकर लिफ्ट की जांच कर सकता है। बिल्डिंग अधूरा तैयार हुआ है। अंडर कंस्ट्रक्शन है। वही घटिया क्वालिटी का लिफ्ट लगाकर चालू कर दिया गया है। इससे कोई भी आदमी लिफ्ट से सीधे जमीन पर जंप कर जाएगा। उन्होंने इसके लिए बिल्डर सीधे बिल्डर को दोषी ठहराया है।

## अंतरजिला ट्रांसफर को लेकर जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक आज

### 95 शिक्षकों की पदस्थापना पर लगेगी मुहर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

हजारीबाग। अंतरजिला ट्रांसफर को लेकर सोमवार को जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक होने वाली है। इसे लेकर चर्चाओं का बाजार भी गर्म है। वहीं दूसरी ओर सब की निगाहें जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय पर जा टिकी हैं। 95 शिक्षक विभिन्न जिलों से हजारीबाग में मनचाहे विद्यालयों में पदस्थापना के लिए साम-दाम-दंड-भेद की जुगत में हैं।

सूत्रों की माने तो मनचाहे विद्यालयों में किसी भी कीमत पर पदस्थापना के लिए ये शिक्षक कार्यालयकर्मियों के संपर्क में हैं। बता दें कि टीचर ट्रांसफर पोर्टल के जरिये जिलों में स्थानांतरण के लिए आवेदन मंगाए गए थे। आंकड़ों के अनुसार जिले में लगभग 63 ऐसे प्रारंभिक विद्यालय हैं जिसमें एक भी सरकारी शिक्षक पदस्थापित नहीं हैं। ऐसे विद्यालय सहायक अध्यापकों (पारा शिक्षक) के भरोसे संचालित हैं। वहीं 78 विद्यालय ऐसे हैं जहां सिर्फ एक सरकारी शिक्षक कार्यरत हैं। दूसरी ओर सरकार का रूख स्पष्ट है कि सरकारी विद्यालय सरकारी शिक्षक विहीन न हो। अब देखना दिलचस्प होगा कि इन विद्यालयों में सरकारी शिक्षक पदस्थापित किए जाते हैं या नहीं।

**अवैध वसूली के खिलाफ शिक्षक संघ ने लिखा पत्रः** पदस्थापना को लेकर झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मो अतिकुज्मा ने डीएसई कार्यालयकर्मियों पर अवैध वसूली का आरोप लगया है।

उन्होंने स्थापना समिति के अध्यक्ष उपायुक्त समेत सदस्यों को पत्र लिखकर इस पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही कहा है कि सरकारी शिक्षक विहीन व एक शिक्षकीय विद्यालयों में शिक्षकों की पदस्थापना की जाए।

### रामगढ़ : भारत विकास परिषद ने बांटा छाता

**रामगढ़।** सुभाष चौक, बस स्टैंड एवं सब्जी मंडी में रविवार को जरूरत मंदो के बीच भारत विकास परिषद् रामगढ़ शाखा द्वारा छाता का वितरण किया गया। मौके पर अध्यक्ष हरीश चौधरी ने कहा निर्धन महिलाओं के बीच छाता वितरण करना सुखद अनुभव है। भारत विकास परिषद् अपने सामाजिक उतरदायित्व का निर्वहन करता रहा है। कार्यक्रम मे सचिव प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि आज लगभग 50 लोगों के बीच छाता वितरण किया गया। आगामी दिनों में रिक्सा चालकों के बीच रेन कोर्ट एवं छाते का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष अनिल गोयल, कोषाध्यक्ष रामप्रवेश गुप्ता, मनोज मोदी, प्रकाश अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, दीपक खंडेलवाल, अजय कुमार अग्रवाल, वरुण बगड़िया, रामप्रवेश गुप्ता, उमेश राजगढ़िया इत्यादि अनेकों मेंबर मौजूद थे।

### अंबा प्रसाद के प्रयास से बुढ़वा महादेव मंदिर में विद्युतीकरण जारी

**बड़कागांव।** सावन के महीने में विधायक अंबा प्रसाद द्वारा बड़कागांव बुढ़वा महादेव मंदिर तक विद्युतीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। लगातार प्रयासों के बाद विधायक अंबा प्रसाद के निर्देशानुसार कार्य धरातल पर उतर गया है, बिजली के खंभे लगने शुरू हो गए हैं, ऊपर मंदिर में ट्रांसफार्मर भी उपलब्ध कराया जायेगा। विधायक कार्यालय के कर्मचारी स्वयं स्थल पर मौजूद होकर अपने देख रेख में कार्य करवा रहे है। विधायक ने कहा कि बुढ़वा महादेव मंदिर को पर्यटन क्षेत्र घोषित करने का कार्य किया गया है जिसके बाद मंदिर में मूल भूत सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य तेजी से जारी है वही मंदिर के विकास के लिए रूपरेखा तैयार की जा रही है विगत दिनों जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समेत कई अधिकारियों ने बुढ़वा महादेव मंदिर में विकास कार्यों को लेकर निरीक्षण एवं प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया है. वहीं बुढ़वा महादेव मंदिर तक बिजली पहुंचाने के नेक कार्य के लिए स्थानीय विधायक सुश्री अंबा प्रसाद का शिव भक्तो ने आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालों में पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे,मनोज ठाकुर, पंचम कुमार, विक्की कुमार,परमेश्वर मेहता, अनुराग बसु,भीमदेव,गणेश महतो, कुलदीप राणा,रोहित ठाकुर,संजीत राम,अनिल राणा,बनवारी राम,महेश राम सहित कई लोग शामिल थे।

## क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 का चैंपियन बना बुद्धा सदन

- **ए ला एंग्लाइज विद्यालय में चल रहे अंतर सदनीय टूर्नामेंट में करमाली बने मैन ऑफ द मैच**
- **पढ़ाई के साथ हर क्षेत्र में बच्चों को अव्वल बनाना विद्यालय का उद्देश्य : विजयंत कुमार**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में चल रहे अंतर सदनीय क्रिकेट टूनार्मेट सीजन-2 का फाइनल मैच शनिवार को बुद्धा सदन बनाम आर्यभट्टा सदन के बीच खेला गया। बुद्धा सदन की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आर्यभट्टा सदन की टीम ने 72 रनों का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी बुद्धा सदन की टीम ने इस कड़े मुकाबले में 8 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर जीत हासिल कर फाइनल कप पर कब्जा जमा लिया। बेहतर प्रदर्शन के लिए सूरज करमाली को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सूरज ने 23 रनों की पारी खेल कर सदन को जीत दिलाई। इस जीत पर बुद्धा सदन की प्रमुख शिक्षिका सीमा मुंडा और सुनील कुमार साहू ने खुशी का इजहार करते हुए जीवन में इसी तरह सफल होने का आशीर्वचन दिया। वहीं हारे गए आर्यभट्टा सदन के प्रमुख शिक्षक अजीत शर्मा ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान बच्चों और शिक्षकों के बीच मैत्री मैच हुआ। जिसमें शिक्षको की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। बच्चों ने 6 ओवर में 35 रनों का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी में शिक्षकों ने तीन ओवर में 10 विकेट से जीत हासिल की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच कंचन सोनी रहें। जिन्होंने अपनी दोनों पारी अर्थात बोलिंग एवं बैटिंग में अपना बेहतर प्रदर्शन दिया। इसके पूर्व फाइनल मैच का उद्घाटन प्राचार्य विजयंत कुमार ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद प्राचार्य विजयंत कुमार ने बल्लेबाजी कर मैच का शुभारंभ कराया। प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि जीत के लिए निरंतर परिश्रम जरूरी है। चाहे वह क्रिकेट मैच हो या जीवन की कोई भी समस्या। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाना विद्यालय का उद्देश्य है। प्राचार्य ने कहा कि हार और जीत खेल का पहलू होता है। हारने वाला टीम परिश्रम के बल पर एक न एक दिन जीत का असली सवाद जरूर चखता है। टूर्नामेंट को सफल बनाने में शिक्षक धर्मेश सोनी, गौरव साहू, अंपायर सह खेल शिक्षक कंचन सोनी, अजीत शर्मा, सुनील कुमार साहू, मिथिलेश बेदिया, अंपायर विभांशु, रुचि सिंह एवं शिक्षकों के साथ-वैभव कुमार, सागर कुमार का योगदान रहा।

## एक नजर में

### कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ : योगेंद्र यादव



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मेन रोड भुरकुंडा स्थित पार्टी कार्यालय में रविवार को झामुमो युवा मोर्चा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगेंद्र यादव और संचालन मुमताज अंसारी ने किया। बैठक में मोर्चा की मजबुती पर बल देते हुए युवा मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। साथ ही नव-नियुक्त पदाधिकारीगण को प्रखंड कमेटी के विस्तार एवं पंचायत का विस्तारीकरण एक माह के अंदर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में कहा गया कि झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उताकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचाने का प्रयास झामुमो द्वारा किया जायेगा। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय पतरातू में युवा मोर्चा के बैनर तले आम-आवाम के जन समस्याओं के समाधान के लिए जनता दरबार लगाया जायेगा। विस्थारित कमेटी में पतरातू प्रखंड अध्यक्ष आजद राय, उपाध्यक्ष चन्द्रनाथ सोरेन व मकसूद अंसारी, सचिव सन्नी मुंडडा, सह सचिव हेसल रजा व कोषाध्यक्ष राजदेव सिंह चुने गये। मौके पर युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगेंद्र यादव ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी पार्टी के रीढ़ होते हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो में सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखते हुए सबों को एक समान मान-सम्मान दिया जाता है। श्री यादव ने कार्यकताओं को झामुमो के नीति-सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाते हुए पार्टी हित में निस्वार्थ भाव से कार्य करने का आहवान किया। बैठक में झामुमो के जिला उपाध्यक्ष आजाद अंसारी, मनसा बेदिया, किशोर प्रजापति, वारीश अहमद, महादेव करमाली, सुरेन्द्र उरांव, प्रमोद ठाकुर, शत्रुंजय कुमार, मुश्ताक आलम, सुबोध ठाकुर, रूस्तम अंसारी, भोला प्रसाद, कुणाल यादव, रहमत अंसारी, हरि पांडेय, देवानंद माहतो, सोमर मुंडा, अजय मुंडा, चंदन मांझी, मनउर अंसारी, शहबाज अंसारी, लालु प्रसाद यादव, जितेंद्र यादव, विकाश यादव, ईश्वर प्रसाद, पंकज मुंडा आदि मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में घायल महिला की मौत

**चरही।** शनिवार देर शाम को चरही थाना क्षेत्र के बहेरा पुल के पास एक अज्ञात वाहन के चपेट में आ जाने से महिला की हाथ कटकर अलग हो गया था।जिस कारण गंभीर से घायल हो गई थी।पुलिस को सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचकर उक्त महिला को इलाज के लिए मांडू के सरकारी अस्पताल भेज दिया गया।जहां पर इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।ज्ञात हो कि चरही थाना क्षेत्र के तापिन के पिंडरा निवासी 40 वर्षीय महिला संजू देवी पति राजेंद्र रविदास एक टेंपू पर सवार होकर अपने घर की ओर जा रही थी।इसी बीच तेज रफ्तार में आ रही एक अज्ञात वाहन ने टेंपू को चपेट में ले लिया।जिस कारण महिला की हाथ कटकर अलग हो गई।पुलिस ने मृतक महिला को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौप दिया गया।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कामगारों को अंग वस्त्र देकर स्वागत

**विष्णुगढ़।** अलपिटो पंचायत के हेठली बोदरा में पुष्पा पाठक के बगीचे में बिरसा कूप निर्माण कार्य पूर्ण होने पर निर्माण में लगे कामगारों को मिठाई खिलाकर तथा शाल ओढ़ाकर मेठ लक्ष्मीकांत पाठक द्वारा स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि कामगारों की बदौलत ही किसी भी तरह का निर्माण कार्य संभव है। लिहाजा उनका सम्मान निहायत जरूरी है। इसी निमित कूपमें खुदाई से लेकर बंधाई में लगे मिस्त्री और मजदूरों को सम्मानित किया गया। कामगार सम्मानित होकर काफी गदगद दिखे।

### चानो : जेएलकेएम का पंचायत कमिटी गठित

**विष्णुगढ़।** चानो पंचायत में शनिवार को जेएलकेएम पंचायत कमिटी का विस्तार प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो की उपस्थिति में की गई। इसकी अध्यक्षता चुरामन महतो एवं संचालन दीपचंद महतो ने की । जेएलकेएम कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से अपनी बात रखते हुए संगठन मजबूती के साथ साथ विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने पर जोर दिया। सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष सुजीत कुमार महतो ,उपाध्यक्ष किशुन करमाली,सचिव रामेधर महतो , सह सचिव कामेश्वर सिंह ,कोषाध्यक्ष चुरामान महतो,मीडिया प्रभारी धानेश्वर कुमार झारखंडी समेत कई अन्य सदस्यों को मनोनीत किया गया . प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो ने नव नियुक्त पंचायत प्रभारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जितने भी सरकारें आयी सबों ने झारखंडियों को ठगने के साथ साथ यहां के जल, जंगल,जमीन ,नौकरी को बेचने का काम किया है। अब झारखंडी जाग चुके हैं , ऐसे सरकार को आगामी विधानसभा में जेबीकेएसएस उखाड़ फेंकने का काम करेगी साथ ही खइडरर केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम दादा के विचारो को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। जिस प्रकार लोकसभा चुनाव में जेबीकेएसएस ने पूरे प्रखंड में बेहतर प्रदर्शन किया, उस मत को दोगुना करने के लिए दिन रात प्रयासरत हैं,सभी साथी बूथ स्तर पर कार्य करे । बैठक में बैजनाथ महतो, दिनेश कुमार,बिशेश्वर महतो,दीपचंद महतो,भगीरथ,मुकेश महतो, फलजीत गंझू, डेगलाल, धर्मेंद्र,कामेश्वर, करन, कैलाश,खिरोधर ,सुरेश,सुनील, पिंटू समेत भारी संख्या में जेबीकेएसएस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### संत कोलंबा कॉलेज के छात्रावास में पौधरोपण

**हजारीबाग।** विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर संत कोलंबा कॉलेज के विद्यार्थियों ने श्रमदान करके रविवार को पीपल, महोगनी, गुलमोहर, छतनी आदि दर्जनों पौधे छात्रावास के प्रांगण में रोपण किया गया। विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि छात्रावास परिवार के तत्वावधान में चलाए जा रहे श्रमदान, स्वच्छता , पौधारोपण, प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान को और भी सक्रिय रूप से चलाया जाएगा। मौके पर छात्रावास अधीक्षक डॉ राजकुमार चौबे ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन को लेकर विस्तार से चर्चा की। कहा कि छात्रावास के विद्यार्थियों के इस अभियान से कॉलेज के अन्य विद्यार्थियों को भी जोड़ा जाएगा। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की स्वतंत्रता दिवस के महापर्व के पूर्व 7 दिवसीय श्रमदान स्वच्छता एवं पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशाल कुमार मिश्र, दीपक महतो, आकाश ठाकुर, रितेश कुमार यादव, सचिन जायसवाल अंशु कुमार, शिव महतो, सूरज यादव आदि ने योगदान दिया।

### कबड्डी प्रतियोगिता में पटना ओवरऑल चैंपियन

**हजारीबाग।** जवाहर नवोदय विद्यालय बोंगा में आयोजित तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का रंगारंग समापन रविवार को हो गया। अतिथि शहर जिला खाद्य निरीक्षक प्रकाशचंद्र ने विजेता टीम पटना के खिलाड़ियों और उपविजेता वर्तमान के खिलाड़ियों को शील्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल में हार जीत मायने नहीं रखता। जीतता वही टीम है, जो खेलना जानता है। हार में ही जीत है। इसलिए खिलाड़ियों को जिंदगी में कभी हार नहीं माननी चाहिए। स्वागत भाषण उपप्राचार्य एसएन सिंहा और मंच संचालन श्वेता और अनिका कुमारी ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन अरुण कुमार अभिताभ ने किया।

माना जाता है, क्योंकि ये शिवजी की भक्ति का महीना है। सावन के नाम से चर्चित श्रावण मास में मान्यता है कि जो लोग इस माह में शिवजी की पूजा करते हैं, उनके सभी दु:ख दूर हो जाते हैं। कार्यों में आ रही मुश्किलें खत्म हो जाती हैं और देवी-देवताओं की कृपा प्राप्त होती है। इसी वजह से देशभर के सभी शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रहती है। ये भक्ति का महीना है, इस कारण इन दिनों के लिए शास्त्रों में माना जाता है, क्योंकि ये शिवजी की भक्ति का महीना है। सावन के नाम से चर्चित श्रावण मास में मान्यता है कि जो लोग इस माह में शिवजी की पूजा करते हैं, उनके सभी दु:ख दूर हो जाते हैं। कार्यों में आ रही मुश्किलें खत्म हो जाती हैं और देवी-देवताओं की कृपा प्राप्त होती है। इसी वजह से देशभर के सभी शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रहती है। ये भक्ति का महीना है, इस कारण इन दिनों के लिए शास्त्रों में माना जाता है, क्योंकि ये शिवजी की भक्ति का महीना है। सावन के नाम से चर्चित श्रावण मास में मान्यता है कि जो लोग इस माह में शिवजी की पूजा करते हैं, उनके सभी दु:ख दूर हो जाते हैं। कार्यों में आ रही मुश्किलें खत्म हो जाती हैं और देवी-देवताओं की कृपा प्राप्त होती है।

# परिवार के देवता हैं भोलेनाथ

बासुकीनाथ पाण्डेय

भगवान शिव सही अर्थों में परिवार के देवता हैं, क्योंकि ये एकमात्र ऐसे देवता हैं, जिनका परिवार संपूर्ण है। भगवान शिव के पुत्र कार्तिकेय व श्रीगणेश के बारे में तो सभी जानते हैं, लेकिन उनकी पुत्री और उनके पोतों यानी श्रीगणेश के पुत्रों के बारे में कम ही लोग जानते हैं। आइये जानते हैं संपूर्ण शिव परिवार के बारे में।

भगवान शिव परिवार के मुखिया हैं। शिव को सृष्टि का प्राण माना जाता है। अगर शिव नहीं हों तो सृष्टि शव के समान हो जाती है। इस कारण शिव को कालों का काल यानी महाकाल भी कहा गया है। शिव प्राण देते हैं, जीवन देते हैं और संहार भी करते हैं।

## माता पार्वती

भगवान शिव की पत्नी जगदंबा पार्वती हैं। शिवपुराण के अनुसार, ये पर्वतराज हिमालय व मैना की पुत्री हैं। पार्वती को ही शक्ति माना गया है। शरीर में शक्ति ना हो तो शरीर बेकार है। शक्ति तेज का पुंज है। मानव को हर काम में सफलता की शक्ति पार्वती यानी दुर्गा देती हैं। भगवान शिव ने अर्द्धनारीश्वर स्वरूप में स्वयं शक्ति के महत्व को सिद्ध किया है।



**अशोक सुंदरी :** भगवान शिव की पुत्रीभगवान शिव की पुत्री का नाम अशोक सुंदरी है। पौराणिक कथाओं और कुछ लोक मान्यताओं के अनुसार, माता पार्वती ने अपने अकेलेपन को दूर करने के लिए कल्प वृक्ष (सबकी इच्छाएं पूरी करने वाला पेड़) से कन्या प्राप्ति का वरदान मांगा, जिसके फलस्वरूप अशोक सुंदरी का जन्म हुआ। अशोक सुंदरी का विवाह परम पराक्रमी राजा नहुष से हुआ था। माता पार्वती के वरदान से अशोक सुंदरी ययाति जैसे वीर पुत्र तथा सौ रूपवती कन्याओं की माता बनीं।

**कार्तिकेय :** ये भगवान शिव के बड़े पुत्र हैं। कार्तिकेय के पास देवताओं के सेनापति का पद है। वे साहस के अवतार हैं। कम आयु में ही अपने अदम्य साहस के बल पर उन्होंने तारकासुर का नाश किया था। इसलिए आत्मविश्वास और आत्मबल की प्राप्ति कार्तिकेय से होती है। शिवपुराण के अनुसार, कार्तिकेय ब्रह्मचारी हैं, वहीं ब्रह्मवैवर्त पुराण में इनकी पत्नी का नाम देवसेना बताया गया है।





**श्रीगणेश :** ये भगवान शिव के छोटे पुत्र हैं। इनका मुख हाथी का है इसलिए इन्हें गजमुख भी कहा जाता है। श्रीगणेश को प्रथम पूज्य की उपाधि प्राप्त है। किसी भी शुभ कार्य से पहले इनका पूजन किया जाता है। ग्रंथों में इन्हें परम शक्तिशाली व बुद्धिमान बताया गया है। इनके पूजन से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। गणेश पुराण के अनुसार, श्रीगणेश ने अनेक अवतार लेकर दुष्टों का अंत किया है।

**बहू :** भगवान शिव की दो बहुएं हैं। श्रीगणेश की पत्नी सिद्धि और बुद्धि। शिवपुराण के अनुसार, ये प्रजापति विश्वरूप की पुत्रियां हैं। कुछ स्थानों पर रिद्धि और सिद्धि का नाम मिलता है, लेकिन अधिकांश ग्रंथों में सिद्धि और बुद्धि को ही गणपति की पत्नी माना गया है। सिद्धि कार्यों में, मनोरथों में सफलता देती है। बुद्धि ज्ञान के मार्ग को प्रशस्त करती हैं।

**पौत्र :** ग्रंथों के अनुसार, भगवान गणेश के दो पुत्र हैं क्षेम और लाभ। क्षेम हमारे अर्जित पुण्य, धन, ज्ञान और ख्याति को सुरक्षित रखते हैं। सीधा अर्थ है हमारी मेहनत से कमाई गयी हर वस्तु को सुरक्षित रखते हैं, उसे कम नहीं होने देते और धीरे-धीरे उसे बढ़ाते हैं। लाभ का काम निरंतर उसमें वृद्धि देने का है। लाभ हमें धन, यश आदि में निरंतर बढ़ोत्तरी देता है।

# रांची पहाड़ी मंदिर पर लगती है शिवभक्तों की भीड़



रांची रेलवे स्टेशन से 7 किलो मीटर की दूरी पर 'रांची हिल' पर शिवजी का अति प्राचीन मंदिर स्थित है जिसे की पहाड़ी मंदिर के नाम से जाना जाता है। यह मंदिर धार्मिकता के साथ साथ देशभक्तो के बलिदान के लिए भी जाना जाता है। यह मंदिर देश का इकलौता ऐसा मंदिर है जहां 15 अगस्त और 26 जनवरी को राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' शान से फहराया जाता है। यह परंपरा यहां पर 1947 से ही चली आ रही है।

## पहाड़ी बाबा मंदिर परिसर में मुख्य रूप से सात मंदिर है

1. भगवान शिव मंदिर 2. महाकाल मंदिर 3. काली मंदिर 4. विश्वनाथ मंदिर
5. हनुमान मंदिर 6. दुर्गा मंदिर और
7. नाग मंदिर

पहाड़ी पर जितने भी मंदिर बने है उनमें नागराज का मंदिर सबसे प्राचीन है। माना जाता है की छोटा नागपुर के नागवंशियों का इतिहास यही से शुरू हुआ है।

पहाड़ी के नीचे, जहां से की मंदिर की चढ़ाई शुरू होती है, एक झील थी, जिसे 'रांची लेक' कहते थे, जिसका निर्माण 1842 में एक अंग्रेज कर्नल ओन्सेल ने करवाया था। झील पर नहाने के लिए पक्के घाट बने हुए थे। वहां पर भक्त मंदिर की चढ़ाई शुरू करने से पहले स्नान करते थे।

## मंदिर से दिखती है रांची शहर की मनोरम छवि

यह मंदिर समुद्र तल से 2140 मीटर तथा धरातल से 350 फीट की ऊँचाई पर स्थित है। मंदिर तक पहुंचने के लिए 468 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। मंदिर प्रांगण से पूरी रांची शहर का खुबसूरत नजारा दिखायी देता है। पर्यावरण प्रेमियों के लिए भी यह मंदिर महत्वपूर्ण है क्योंकि पूरी पहाड़ी पर मंदिर परिसर के इर्द-गिर्द विभिन्न प्रकार के हजार से अधिक वृक्ष हैं। साथ ही यहां से सूर्योदय और सूर्यास्त का अनुपम सौंदर्य भी देखा जा सकता है। पहाड़ी मंदिर में भगवान शिव की लिंग रूप में पूजा की जाती है। शिवरात्रि तथा सावन के महीने में यहां शिव भक्तों की विशेष भीड़ रहती है।

**देशभक्तों को यहां दी जाती थी फांसी :** पहाड़ी बाबा मंदिर का पुराना नाम टिरीबुरू था जो आगे चलकर ब्रिटिश हुकूमत के समय फांसी टुंगरी में बदल दिया गया। क्योकि अंग्रेजो के राज.में देश भक्तो और क्रांतिकारियों को यहां फांसी पर लटकाया जाता था। आजादी के बाद रांची में पहला तिरंगा ध्वज यही पर फहराया गया था जिसे रांची के ही एक स्वतंत्रता सेनानी कृष्ण चन्द्र दास से फहराया था। उन्होंने यहां पर शहीद हुए देश भक्तो की याद व सम्मान में तिरंगा फहराया था तथा तभी से यह परम्परा बन गई की स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस को यहाँ पर तिरंगा फहराया जाता है। राष्ट्र ध्वज को धर्म ध्वज से ज्यादा सम्मान देते हुए उसे मंदिर के ध्वज से ज्यादा ऊंचाई पर फहराया जाता है। पहाड़ी बाबा मंदिर में एक शिलालेख लगा है जिसमें 14 अगस्त, 1947 को देश की आजादी संबंधी घोषणा भी अंकित है।

# रामेश्वरम: जहां राम ने की थी शिव की पूजा

प्राचीन काल से ही भारत में तीर्थों की धार्मिक महत्ता रही है। इसी महत्व को बनाए रखने के लिए एवं विशाल भारतवर्ष को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए परम पवित्र चार धामों की स्थापना चार दिशाओं में की गई है। उत्तर दिशा में हिमालय की गोद में बद्रीनाथ, पश्चिम में द्वारकापुरी, पूर्व में जगन्नाथपुरी तथा सुदूर दक्षिणी छोर पर स्थित है रामेश्वरम धाम। भौगोलिक दृष्टि से चार धाम एक परिपूर्ण वर्ग का निर्माण करते हैं, जिसमें बद्रीनाथ और रामेश्वरम एक देशांतर पर पड़ते हैं एवं द्वारका और जगन्नाथपुरी एक ही अक्षांश पर पड़ते हैं। यह हिंदूओं का एक पवित्र धाम भी है।

रामेश्वरम धाम हिन्दुओं के सभी पवित्र तीर्थों में से एक है तथा प्रकृति की सुंदरता के साथ-साथ ही यह तमिलनाडु के रामनाथपुरम ज़िले में स्थित एक विशालकाय और भव्य मंदिर है। इसके अलावा यहां स्थापित शिवलिंग, द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक माना जाता है। भारत के उत्तर मे काशी की जो मान्यता है, वही दक्षिण में रामेश्वरम की है। पुराणों में रामेश्वरम का नाम गंधमादन बताया गया है।

### समुद्र से होकर जाता है रास्ता

रामेश्वरम चेन्नई से लगभग 425 मील दक्षिण-पूर्व में है। यह हिन्द महासागर और बंगाल की खाड़ी से चारों ओर से घिरा हुआ एक सुन्दर शंख के आकार का एक द्वीप है। काफी समय पूर्व यह द्वीप भारत की भूमि से जुड़ा हुआ था, परन्तु बाद में सागर की लहरों ने भारत और द्वीप के भूमि रास्ते को काट डाला, जिससे वह चारों ओर पानी से घिरकर टापू बन गया। रामेश्वरम मंदिर जाने के लिए कंक्रीट के 145 खम्भों पर टिका करीब सौ साल पुराना पुल है। रामेश्वरम जाने वाले लोग इस पुल से होकर गुज़रते हैं। समुद्र के बीच से निकलती ट्रेन का दृश्य बहुत ही रोमांचक होता है। इस पुल के अलावा सड़क मार्ग से जाने के लिए एक और पुल भी बनाया गया है। यहां दर्शन के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु आते हैं। द्रविड़ शैली में बना यह मंदिर निर्माण कला और शिल्प कला की सुंदरता का प्रतीक है। रामेश्वरम मंदिर का गलियारा विश्व का सबसे बड़ा गलियारा है।

### रामायण काल से है जुड़ा शिवलिंग का इतिहास

यहां भगवान राम ने नल एवं नील नामक दो बलशाली वानरों की सहायता से लंका पर चढ़ाई करने से पूर्व एक पत्थरों के सेतु का निर्माण करवाया था, जिसे रामसेतु कहा गया। यह वही रामसेतु है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 'एडेम्स ब्रिज' के नाम से जाना जाता है। नल और नील को एक ऋषि का श्राप था कि तुम दोनों जिस वस्तु को भी पानी में फेकोगे वह नहीं डूबेगी। यही श्राप सेतु बनाते समय भगवान राम के काम आया, इसलिए वह दोनों योद्धा पत्थरों को जल में डालते गए और एक विशाल सेतु का निर्माण हो गया। जिस पर चढ़कर वानर सेना ने लंका पहुंच विजय पाई। बाद में श्री राम ने विभीषण के अनुरोध पर धनुषकोटि नामक स्थान पर यह सेतु तोड़ दिया था। आज भी इस 30 मील (48 कि.मी.) लम्बे सेतु के अवशेष सागर में दिखाई देते हैं। रामेश्वरम मंदिर में ये पत्थर आज भी भक्तों के दर्शन के लिए रखे गए हैं।

### तब श्री राम ने यहां पर शिवलिंग को किया था स्थापित

वाल्मीकि रामायण के अनुसार इस मंदिर में जो शिवलिंग हैं, उसके पीछे मान्यता यह है कि जब मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम सीताजी को रावण से छुड़ाने के लिए लंका जा रहे थे, तब उन्हें रास्ते में प्यास लगी। जब वे पानी पीने लगे तभी उनको याद आया कि उन्होंने भगवान शंकर के दर्शन नहीं किए हैं, ऐसे में वे कैसे जल ग्रहण कर सकते हैं। तब श्री राम ने विजय प्राप्ति के लिए बालू का शिवलिंग स्थापित करके शिव पूजन किया था। भगवान राम ने लखन सहित शिवजी की आराधना की और भगवान शिव प्रसन्न होकर माता पार्वती के साथ प्रकट होकर श्री राम को विजय का आशीर्वाद दिया। भगवान राम ने शिवजी से लोक कल्याण के लिए उसी स्थान पर शिवलिंग के रूप में सदा के लिए निवास करने को कहा जिसे भगवान शिव ने स्वीकार कर लिया।

# सावन में भूलकर न करें ये काम

**हिंदी** पंचांग के सभी बारह महीनों में श्रावण मास का विशेष महत्व माना जाता है, क्योंकि ये शिवजी की भक्ति का महीना है। सावन के नाम से चर्चित श्रावण मास में मान्यता है कि जो लोग इस माह में शिवजी की पूजा करते हैं, उनके सभी दुःख दूर हो जाते हैं। कार्यों में आ रही मुश्किलें खत्म हो जाती हैं और देवी-देवताओं की कृपा प्राप्त होती है। इसी वजह से देशभर के सभी शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रहती है। ये भक्ति का महीना है, इस कारण इन दिनों के लिए शास्त्रों में कुछ ऐसे काम बताए गए हैं जो हमें नहीं करना चाहिए। जो लोग ये काम करते हैं, उन्हें शिवजी की कृपा प्राप्त नहीं हो पाती है और परेशानियां बनी रहती हैं।

**1. शिवलिंग पर हल्दी न चढ़ाएं**

शिवजी की पूजा करते समय ध्यान रखें कि शिवलिंग पर हल्दी नहीं चढ़ानी चाहिए। हल्दी जलाधारी पर चढ़ानी चाहिए। हल्दी स्त्री से संबंधित वस्तु है। शिवलिंग पुरुष तत्व से संबंधित है और ये शिवजी का प्रतीक है। इस कारण शिवलिंग पर नहीं, बल्कि जलाधारी पर हल्दी चढ़ानी चाहिए। जलाधारी स्त्री तत्व से संबंधित है और ये माता पार्वती की प्रतीक है।

**2. दूध के सेवन से रखें परहेज**

सावन में संभव हो तो दूध के सेवन से बचें। यही बात बताने के लिए सावन में शिव जी का दूध से अभिषेक करने की परंपरा शुरू हुई होगी। वैज्ञानिकों के अनुसार इन दिनों दूध वात बढ़ाने का काम करता है। अगर दूध का सेवन करना हो तब खूब उबालकर करें। कच्चे दूध का प्रयोग में नहीं करें। सावन में दूध से दही बनाकर सेवन कर सकते हैं। लेकिन भाद्र मास में दही से परहेज रखना चाहिए क्योंकि भाद्र मास में दही सेहत के लिए हानिकारक होता है।

**3. सावन में हरी पत्तेदार सब्जी-साग खाना है वर्जित है**

स्वास्थ्य की रक्षा के लिए सावन में कुछ चीजों को खाना वर्जित बताया गया है। ऐसी चीजों में पहला नाम साग का आता है। जबकि साग को सेहत के लिए गुणकारी माना गया है, लेकिन सावन में साग में वात बढ़ाने वाले तत्व की मात्रा बढ़ जाती है। इसलिए साग गुणकारी नहीं रह जाता है। यही कारण है कि सावन में साग खाने से मना किया जाता है। दूसरा कारण यह भी है कि इन दिनों कीट पतंगों की संख्या बढ़ जाती है और साग के साथ घास-फूस भी उग आते हैं जो सेहत के लिए हानिकाक होते हैं। साग के साथ मिलकर हानिकारक तत्व हमारे शरीर में नहीं पहुंचे इसलिए सावन में साग खाने की मनाही की गयी है।

**4. सावन में बैंगन खाना भी वर्जित किया गया है**

सावन में महीने में साग के बाद बैंगन भी ऐसी सब्जी है जिसे खाना वर्जित माना गया है। इसका धार्मिक कारण यह है कि बैंगन को शास्त्रों में अशुद्ध कहा गया है। यही वजह है कि कार्तिक महीने में भी कार्तिक मास का व्रत रखने वाले व्यक्ति बैंगन नहीं खाते हैं। वैज्ञानिक कारण यह है कि सावन में बैंगन में कीड़े अधिक लगते हैं। ऐसे में बैंगन का स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए सावन में बैंगन खाने की मनाही है।

**5. बुरे विचारों से बचें**

सावन माह में किसी भी प्रकार के बुरे विचार से बचना चाहिए। बुरे विचार जैसे दूसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए योजना बनाना, अधार्मिक काम करने के लिए सोचना, स्त्रियों के लिए गलत सोचना आदि। इस प्रकार के विचारों से बचना चाहिए, अन्यथा शिवजी की पूजा में मन नहीं लग पायेगा। मन बेकार की बातों में ही उलझा रहेगा। शास्त्रों में स्त्रियों के लिए गलत बातें सोचना महापाप बताया गया है। सावन माह में अच्छे साहित्य या धर्म संबंधी किताबों का अध्ययन करना चाहिए, इससे बुरे विचार दूर हो सकते हैं।

**6. इन लोगों का अपमान न करें**

सावन माह में इस बात का ध्यान रखें कि बुजुर्ग व्यक्ति, गुरु, भाई-बहन, जीवन साथी, माता-पिता, मित्र और ज्ञानी लोगों का अपमान न करें। शिवजी के माह में इस बात का पालन जरूर होना चाहिए, अन्यथा शिवजी की कृपा प्राप्त नहीं हो पाती है। शिवजी ऐसे लोगों से प्रसन्न नहीं होते हैं जो यहां बताये गये लोगों का अपमान करते हैं। ये सभी लोग हर स्थिति में सम्मान के पात्र हैं, हमेशा इनका सम्मान करें।



**7. सुबह देर तक नहीं सोना चाहिए**

पूजा के लिए सुबह-सुबह का समय सबसे अच्छा रहता है, इस कारण यदि आप शिवजी की कृपा पाना चाहते हैं तो सुबह बिस्तर जल्दी छोड़ देना चाहिए। जल्दी जागें और स्नान आदि कार्यों के बाद शिवजी की पूजा करें। यदि देर तक सोते रहेंगे तो इससे आलस्य बढ़ेगा। सुबह जल्दी उठने से वातावरण से स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं। सुबह के समय मन शांत रहता है और इस वजह से पूजा पूरी एकाग्रता से हो पाती है। एकाग्रता से की गई पूजा बहुत जल्दी शुभ फल प्रदान करती है।

**8. मांसाहार से बचें**

सावन माह में मांसाहार यानी नॉनवेज खाने से बचना चाहिए। नॉनवेज खाना बनाने के लिए जीव हत्या की जाती है। जीव हत्या पाप है। मांसाहार को छोड़कर इस पाप से बचें। सावन में वर्षा ऋतु रहती है और आसमान में बादल छाये रहते हैं, इस कारण कई बार सूर्य और चंद्रमा दिखाई नहीं देते हैं। सूर्य और चंद्र की रोशनी हम तक नहीं पहुंचती है तो हमारी पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है। इन दोनों ग्रहों की रोशनी से पाचन शक्ति मजबूत होती है। नॉनवेज खाने को पचाने के लिए पाचन शक्ति मजबूत होना जरूरी है। यदि ये खाना ठीक से पचेगा नहीं तो स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती हैं।

**9. पति-पत्नी ध्यान रखें ये बातें**

अधिकतर परिवारों में पति-पत्नी के बीच वाद-विवाद, छोटी-छोटी लड़ाईयां अक्सर होती रहती हैं। ये आम बात है, लेकिन जब छोटी-छोटी बातें बढ़ जाती हैं तो पूरा घर अशांत हो जाता है। सावन माह में इस बात का विशेष ध्यान रखें कि घर में क्लेश ना हो। जिन घरों में क्लेश होता है, अशांति रहती है, वहां देवी-देवता निवास नहीं करते हैं। सावन माह में शिवजी की कृपा चाहते हैं तो घर में प्रेम बनाए रखें और एक-दूसरे की गलतियों को भूलकर आगे बढ़ें। घर में शांति रहेगी तो जीवन भी सुखद बना रहेगा। मन प्रसन्न रहेगा। प्रसन्न मन से पूजा करेंगे तो मनोकामनाएं भी जल्दी पूरी हो सकती हैं।

**10. क्रोध न करें**

क्रोध से मन की एकाग्रता और सोचने-समझने की शक्ति खत्म हो जाती है। इस आवेश में लिए गए फैसले भी अधिकतर नुकसानदायक ही होते हैं। ये एक बुराई है और इससे बचना चाहिए। शिवजी के कृपा पाने के लिए खुद को शांत रखना बहुत जरूरी है। क्रोध से मन अशांत हो जाता है और ऐसे में पूजा नहीं की जा सकती है।

स्पीड न्यूज



## अब्दुल अलीम साहब हज से सकुशल लौटे

**जमशेदपुर।** कबीर मेमोरियल उर्दु उच्च विद्यालय के सचिव अब्दुल अलीम हज यात्रा से सकुशल लौट आये। विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य मतीनुल हक अंसारी ने उन्हें शौल एवं फूलों की माला भेंट कर विद्यालय में स्वागत किया। स्वागत करने वालों में ट्रस्टी स.शमीम अहमद मदनी, कबीर वेल्फेयर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष ज्याउल मुबीन अंसारी, एकेडमिक ऐडवाईजर रिजवान अहमद, प्रभारी प्राचार्य गुलरेज अय्यूब एवं शिक्षक/शिक्षिकाएं शामिल थीं।

## जेआरडी टाटा की स्मृति में रक्तदान शिविर आज

**जमशेदपुर।** भारत रत्न जेआरडी टाटा की 120वीं जयंती पर साकची स्थित रेड क्रॉस भवन में प्रात: 9 से संध्या 4 बजे तक रक्तदान शिविर टाटा स्टील की कंपनी जेमीपोल के सीएसआर कार्यक्रम के तहत किया जायेगा। रेड क्रॉस सोसाईटी ने रक्तदाताओं से इस विशेष अवसर पर रक्तदान कर इस मौसम में रक्त की बढ़ती जरुरतों को देखते हुए रक्त की कमी को पूरा करने के साथ युवाओं को रक्तदान हेतु प्रेरित करने का आग्रह किया है। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का आह्वान किया है।

## बाराद्वारी में शहनाज अख्तर की भजन संध्या और महाभंडारा आज



**जमशेदपुर।** श्री नीलकंठ महादेव संघ, जमशेदपुर के तत्वावधान में 29 जुलाई को दूसरी सोमवारी को महाभंडारा सह भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को बाराद्वारी सब्जी मैदान में संध्या छह बजे से महा आरती होगी जबकि शाम 7 बजे से भजन गायक लिटिल आर्यन बाबू प्रस्तुति देंगे। भजन गायकी की सुपर स्टार शहनाज अख्तर रात्रि 9 बजे से मंच पर प्रस्तुति देने आयेंगी। दूसरी ओर, महा भंडारा के तहत भोग वितरण रात्रि 8 बजे से होगा।

## एडवोकेट डीसी धर का निधन, अंत्येष्टि आज

**जमशेदुपर।** रविवार की प्रात:5 बजे चाणक्यपुरी में अपने निवास स्थान पर आजादनगर थाना शांति समिति के सदस्य एडवोकेट दिनेश चंद्र धर का देहांत हो गया। उनके देहांत पर आजादनगर थाना शांति समिति के जनरल सेक्रेटरी मुख्तार आलम खान एडवोकेट पार्थो बोस झारखंड हज कमिटी के सदस्य शेख बदरुद्दीन दाईगुट्ट हरिजन बस्ती के राजू गोराई और सुरेंद्र शर्मा परडीह दुर्गा पूजा समिति के कन्वेनर पूर्व पाल राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता सैयद मंजर आमीन कौमी तंजीम के ब्यूरो चीफ शाकिर अजीमाबादी हिंद आईटीआई के डायरेक्टर डॉक्टर ताहिर हुसैन वारिस कॉलोनी के सैयद आलम मदर होम स्कूल के डायरेक्टर मुमताज शारिक चाणक्यपुरी के वीके पांडे और जीतू सिंह परमार ने गहरे गम का इजहार किया है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# शहर में डूरंड कप का रंगारंग आगाज, सैनिकों ने दिखाये हैरतअंगेज करतब

- पहले मैच में जमशेदपुर एफसी ने असम राइफल्स को 3-0 से किया पराजित
- सनन और इमरान के गोल ने जमशेदपुर की सीजन की पहली जीत की सुनिश्चित







1. डूरंड कप के समारोह में किक लगा कर टूर्नामेंट का उद्घाटन करते मंत्री बन्ना गुप्ता। साथ में टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी व अन्य अतिथि। 2. उद्घाटन समारोह में जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स में आसमान से पैरासुट से उतरते सेना के स्काई ड्राइवर्स। 3. गोल का जश्न मनाते सनन व साथी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में असम राइफल्स फुटबॉल टीम के खिलाफ 3-0 की जीत के साथ इंडियन ऑयल डूरंड कप में अपने 2024-25 सीजन की शुरूआत की। यह मैच जमशेदपुर के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था क्योंकि शहर ने पहली बार डूरंड कप की मेजबानी की थी। डुरंड कप का रंगारंग आगाज देख शहर के फुटबॉल प्रेमी रोमांचित थे। इस अवसर पर भारतीय सेना के पारा टूपर्स और जवानों ने एक से बढ़ कर एक हैरत अंगेज करतब दिखाये। झारखंड के स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने फुटबॉल को किक मार कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।

इधर, टूनामेंट की शुरूआत बहुत सारे प्रशंसकों के बीच हुई और फर्नेस में माहौल को और बहतरीन बनाने के लिए एक शानदार उद्घाटन समारोह का आयोजन हुआ। समारोह के बाद, मैच की शुरूआत में घरेलू टीम ने बहुत शानदार खेल दिखाया और कई शुरूआती मौके बनाए। पहले मिनट में लेन ने गोल करने का प्रयास किया, उसके ठीक पाँच मिनट बाद एक और प्रयास किया. जमशेदपुर की आक्रामक क्षमता स्पष्ट थी क्योंकि वे शुरूआती बढ़त हासिल करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे थे। 18वें मिनट में, सनन ने लेन को एक सटीक क्रॉस दिया और एमिल ने इसे लगभग गोल में बदल दिया। दो मिनट बाद, इमरान के क्रॉस ने सनन को निशाना बनाया, लेकिन उनका शॉट बार से दूर चला गया। असम राइफल्स के डिफेंस पर दबाव बढ़ता रहा।

22वें मिनट में सनन के शॉट को असम राइफल्स के गोलकीपर ने डिफ्लेक्ट कर दिया, जिससे गोल नहीं हो सका। इमरान ने 35वें मिनट में फ्री किक ली और आशुतोष का प्रयास पोस्ट से चूक गया। जमशेदपुर के लगातार हमलों ने मेहमानों को चौकन्ना रखा। जब पहला हाफ खत्म होने वाला था, तो 43वें मिनट में एमिल द्वारा लेन को दिया गया क्रॉस एक बार फिर चूक गया। जमशेदपुर के गोलकीपर एल्बिनो ने बॉक्स के किनारे से एक महत्वपूर्ण क्लीयरेंस किया, जिससे असम राइफल्स को गोल करने का कोई मौका नहीं मिला। अतिरिक्त समय में सनन ने आखिरकार 45+2 मिनट में इमरान के कॉर्नर से गोल करके गोल कर दिया, जिससे घरेलू दर्शकों में उत्साह भर गया।

दूसरे हाफ में जमशेदपुर ने अपना दबदबा जारी रखा। हाफटाइम में निखिल बारला की जगह अनिकेत जाधव ने ली, जिससे हमले में नए खिलाड़ी जुड़ गए। प्रतीक ने असम राइफल्स की बढ़त को विफल करने के लिए आवश्यक बचाव किए. 49वें मिनट में अनिकेत का क्रॉस लेन से चूक गया। दो मिनट बाद इमरान द्वारा अनिकेत को दिया गया क्रॉस बार से टकराया। इसके बाद एमिल की जगह सौरव दास ने गेंद को बाहर किया, जिससे मिडफील्ड में नई ऊर्जा आई। 60वें मिनट में अनिकेत के सीधे शॉट को असम राइफल्स के गोलकीपर ने बचा लिया और अगले मिनट में सनन द्वारा लेन को दिया गया।

रिटायर्ड एयर वाइस मार्शल एवं वीरचक्र से अलंकृत सरदार हरबंस परमिंदर सिंह ने शहरवासियों को किया संबोधित, बोले

# देशहित में है अग्निवीर योजना

›› यूरोप अमेरिका में भी काम कर रही है योजना




मंच पर उपस्थित वीर चक्र विजेता रिटायर्ड एयरवाइस मार्शल सरदार हरबंश परमिंदर सिंह व अन्य।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रिटायर्ड एयर वाइस मार्शल एवं वीर चक्र से अलंकृत सरदार हरबंस परमिंदर सिंह ने कहा कि अग्नि वीर योजना देश हित में बनी है। इसका फायदा आने वाले समय में देश को वृहद पैमाने पर मिलेगा। उनके अनुसार पिछले 15 दिनों में कई राज्य सरकारों ने पुलिस में कोटा देने की हामी भरी है। जबकि देशहित में सामान्य नागरिक प्रशासन में अनुशासन प्रिय, कर्तव्य निष्ठ, ईमानदार, राष्ट्र और समाज के लिए प्रतिबद्ध कर्मियों की बड़ी संख्या में जरूरत है।

उनके अनुसार 4 साल की योजना को बढ़ाकर 8 साल तथा 25 प्रतिशत से बढ़कर 50% स्थाई कमीशन की अनुशंसा पूर्व सैनिक के संगठनों की ओर से केंद्र सरकार को की गई है। अर्ध सैनिक बल की नियुक्ति में कोटा निर्धारित करने का आग्रह भी केंद्र सरकार से किया जा चुका है। ग्रेट ब्रिटेन यूएसए सहित विभिन्न देशों में सेना में योगदान अनिवार्य है और सेवा के अनुशासन प्रतिबद्धता का फायदा देश को मिल रहा है। वहां तो कुछ भी आर्थिक लाभ नहीं होता है परंतु केंद्र सरकार यहां बहुत कुछ दे रही है और शहीद होने पर स्थाई सेना की भांति लाभ मिल रहे हैं।

उनके अनुसार देश में लोकतंत्र है और विपक्षी दल स्वाभाविक तौर पर कमियों पर फोकस करेंगे।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि 1991 में तत्कालीन रक्षा राज्य मंत्री अरुण सिंह को सेना की ओर से इससे मिलती-जुलती रिपोर्ट (सुझाव के साथ) सौंपी गई थी क्योंकि सेना में अल्पकालीन सेवा योजना पहले से चल रही थी।

उन्होंने बताया कि आज पाकिस्तान तो छोड़िए चीन भी हमारे सामने खड़ा नहीं हो सकता है। गलवान घाटी के बाद अरुणाचल प्रदेश में हमने उसे रोकदिया है। अब 1962 वाली बात नहीं है और सेवा के पास अद्यतन अमूनिएशन और सुविधाएं हैं कि वह सियाचिन हो या अन्य पहाड़ी इलाकों में चौकस ड्यूटी दे रही है।

उनके अनुसार सेना का लघु प्रशिक्षण देश के सभी नागरिकों के लिए अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए जिससे आपदा और अनहोनी में आम नागरिक भी सैनिक की भांति आपदाओं पर विजय प्राप्त कर सके।

सभा की अध्यक्षता प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज ने की, जबकि संचालन महासचिव विकास श्रीवास्तव ने किया। अतिथियों का स्वागत गुलाब सिंह, बीके ओझा, चंद्रशेखर, निखिल सिन्हा, आकाश ने पुष्प गुच्छ व शॉल ओढ़ाकर किया गया। एयर वाइस मार्शल को स्मृति चिह्न भी प्रदान किया गया।

## संभावित बाढ़ को लेकर जमशेदपुर प्रशासन ने की तैयारी बैठक



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में स्वर्णरेखा एवं खरकई नदी के जलभराव वाले संभावित इलाकों में बाढ़ के संभावित खतरों से निपटने के संदर्भ में समीक्षा करते हुए जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने चिह्नित पंचायत क्षेत्रों एवं नगर परिषद क्षेत्रों में इंसिडेंट कमांड सेंटर स्थापित करने, हेल्पलाइन नंबर सार्वजनिक करने सहित नियमित अंतराल पर साफ सफाई, जरूरी दवाईयों का वितरण, राशन, पेयजल हेतु टैंकर, बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने इमरजेंसी सेवा उपलब्ध कराने वाले विभागों को 24 गुणा 7 अपने कर्मियों को अलर्ट मोड में तैनाती करने एवं उनको आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं एवं सुविधाओं से संसाधनयुक्त करने का भी निर्देश दिया। बैठक में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने सिविल सोसाइटी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, एनडीआरएफ के साथ-साथ पुलिस-प्रशासनिक टीम के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया।

# गांव-गांव तक स्वरोजगार के अवसर पहुंचायेंगी स्वदेशी जागरण मंच: प्रदीप

- मंच का जमशेदपुर महानगर सम्मेलन संपन्न



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रविवार को स्वदेशी जागरण मंच जमशेदपुर महानगर का जिला सम्मेलन तुलसी भवन में सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख दीपक शर्मा प्रदीप एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच के क्षेत्रीय संयोजक अमरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

कार्यक्रम का उद्घाटन भारत मां के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर के हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि दीपक शर्मा प्रदीप जी ने कहा कि भारत का इतिहास 70 हजार वर्ष पूर्व का है और भारत ने पूरी दुनिया को ज्ञान उद्योग जीवन दर्शन अध्यात्म योग और विकास का रास्ता दिया।

परंतु 1991 में भारत में एक बड़ा परिवर्तन आया पश्चिमी देश के कुछ बड़े व्यापारियों ने हमारे उसे समय के सरकार को यह समझने में सफल हो गए की यदि विदेशी टेक्नोलॉजी हमारे देश में आएगी तो हमारे देश का विकास होगा और रोजगार की संभावनाएं बढ़ेगी। परंतु पूरा देश इस बात से अभिज्ञा था की विदेशी विकास का मॉडल देश के लिए विनाशकारी एवं रोजगार विरोधी सिद्ध होगा। भारत में विकास का मॉडल हमेशा से एक अक्षय विकास का मॉडल रहा जिसमें हम सभी का साथ सभी का विकास और सर्वे भवंतु सुखिनः - सर्वे संतु निरामयः आदर्शों के साथ चलते हैं।

## जलाभिषेक के लिए नवयुवक कांवरिया संघ का जत्था बैद्यनाथ धाम को रवाना

›› बाबा बैद्यनाथ सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करे : काले



बाबा धाम जा रहे कांवरियों का हौसला बढ़ाते महंत विद्यानंद सरस्वती और समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सावन माह के अत्यंत पावन अवसर पर बाबा बैद्यनाथ धाम (देवघर) के लिए रविवार को 'नवयुवक कांवरिया संघ भुइंयाडीह, जमशेदपुर' का बड़ा जत्था काली मंदिर, पारडीह से बाबा बैद्यनाथ के जलाअभिषेक के लिए रवाना हुआ। यात्रा को जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत विद्यानंद सरस्वती ने व भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने संयुक्त रूप से रवाना किया। यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए महंत विद्यानंद सरस्वती ने कहा बाबा बैद्यनाथ को जलाभिषेक करने से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है और बाबा का आशीर्वाद हमेशा शिव भक्तों के साथ रहता है। भगवान भोलेनाथ समस्त विश्व का कल्याण करें, सभी कांवड़ियों को अपनी शुभकामनाओं के साथ उनके मंगलमय यात्रा की कामना करता हूं।

## बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में सहस्त्रघट पूजा, गूंजा भोले बाबा का जयकारा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान द्धारा सावन मास के शुभ अवसर पर रविवार को बिष्टुपुर स्थित सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में सहस्त्रघट पूजा का आयोजन धूमधाम से किया गया। पंडित पुरूषोत्तम जोशी के सानिध्य में ग्यारह पंडितों द्वारा, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरे विधि विधान से भोले बाबा की सहस्त्रघट पूजा कराई गई। सुबह 8 बजे से शुरू हुई पूजा में 21 जोडे यजमान शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर महादेव का दुग्धाभिषेक व जलाभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद भगवान महादेव का श्रृगार कर महाआरती उतारी गयी। साथ ही भगवान शिव का भव्य दरबार सजाया गया था। पंडितों ने सावन महीने में शिव पूजा का विशेष महत्व बताया।

# कारगिल दिवस रजत जयंती पर युद्ध वीरों और वीर नारियों का सम्मान



समारोह में अतिथियों संग सम्मानित किये गये युद्ध वीर और वीर नारियां।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 'भारत के कोने कोने से आ रही आवाज है ,कारगिल के जवानों तुम पर भारत को है नाज है' कुछ ऐसी ही ओजस्वी कविताओं व नारों से रविवार को राम मंदिर सभागार गूंज उठा। मौका था विजय दिवस रजत जयंती,यानी कारगिल के जवानों के सम्मान का दिन।कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर के बैनर तले कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया,जिसमें देशभक्तों का जोश देखते ही बन रहा था। शहर के विभिन्न कोने से सभी देशभक्त टेल्को स्थित राम मंदिर सभागार में एकत्रित हुए, इसके बाद कारगिल के 579 वीर शहीदों,युद्धवीरो और उनके माता-पिता को नमन किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ, युद्ध वीरो वीर नारी, विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर हुआ। इसके बाद विशिष्ट अतिथि वीर चक्र,विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एयर वाइस मार्शल एचपी सिंह, झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष कर्नल अखौरी रंजन सिन्हा के साथ मुख्य अतिथि स्टेशन हेडक्वार्टर के एडम कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल राजेश गुप्ता, जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी चाईबासा से कर्नल किशोर सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा,भाजपा किसान मोर्चा के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, टाटा मोटर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, टाटा मोटर्स के जीएम जीवराज संधू, समाजसेवक शिवशंकर सिंह, जोड़ी राइडर्स के परमदीप सिंह, धनुर्धर त्रिपाठी, पूनम रेड्डी, चंद्रेश्वर खां ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वल्लन किया।

## एक नजर में

### स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने 1740 जरूरतमंद लाभुकों के बीच बांटी पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट



**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने रविवार को अपने कदमा स्थित कार्यालय में जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगजनों के बीच सर्वजन पेंशन योजना के तहत पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट वितरित किया। मंत्री ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है कि वे क्षेत्र में घूम-घूम कर ऐसे व्यक्तियों को चिह्नित करें जो इसके हकदार हैं। रविवार को 1740 लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट के साथ स्वच्छता बाल्टी दी गयी। इस दौरान मनोज झा, संजय तिवारी, बबुआ झा, प्रभात ठाकुर, जयप्रकाश साहू, राकेश अग्रवाल, डंपी अग्रवाल, इरशाद हैदर, जितेंद्र सिंह, तुला दा, धनु महतो, माजिद अख्तर, सुकुमारी, दिनेश पोद्दार, संजीव झा, बिशु दा उपस्थित थे।

### अहसेन इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया ग्रैंड पैरेंट्स डे




**जमशेदपुर।** कपाली स्थित अहसेन इंटरनेशनल स्कूल के प्ले ग्राउंड पर बच्चों के अभिभावकों के साथ ग्रैंड पैरेंट्स डे मनाया गया, जहां सभी बच्चों ने भी अपने ग्रैंड पैरेंट्स के लिए अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम में भाग लिया। जैसे शायरी डांस म्यूजिक और भी बहुत सारे खूबसूरत प्रदर्शन दिये। मौके पर स्कूल के चेयरमैन आसिफ महमूद, अनिसुर रहमान, सीमा परवीन, मुफ्ती निषाद साहब खास तौर से माजूद थे। बच्चों ने अपने ग्रैंड पैरेंट्स के साथ बहुत सारे मजेदार खेल भी खेले और बहुत मजा किया। माताओं ने भी इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के संचालन स्कूल की प्रिंसिपल डॉक्टर अर्चना दिवेदी ने किया।

### ब्रह्मानंदम् हॉस्पिटल के चिकित्सकों से सैकड़ों लोगों ने कराया हेल्थ चेकअप



**जमशेदपुर।** बिरसानगर मंडल कांग्रेस के अंतर्गत जोन नंबर-5, आदिवासी भवन में मेगा हेल्थ चेकप कैंप एवं सहायता शिविर जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के निर्देश पर आयोजित किया गया। जिसमें सर्वजन पेंशन योजना के तहत 88 जरूरतमंदों का फॉर्म भरा गया। साथ ही सर्वजन पेंशन के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन भरवाने वालों की तादाद काफी रही। स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न रोगों से संबंधित चिकित्सकों सहित सपोर्टिंग स्टाफ के दल के देखरेख में सहायता शिविर में 283 लोगों की जांच कर दवा दी गयी। कैंप में लोगों ने हृदय रोग, दांत, कान, नाक, सांस, ऑर्थो, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज सहित विभिन्न बीमारियों से संबंधित चेकअप के साथ दवा एवं सलाह भी लोगों ने लिया। टीम में किडनी के डॉ सुजीत कुमार, डॉ नवीन लोधा हड्डी, शिशु रोग के डॉ वैष्णवी, डॉ एम खान फिजिशियन, डॉ हीना गायनिक विशेषज्ञ, डॉ विनायक अग्रवाल चेस्ट रोग विशेषज्ञ, डॉ रश्मि वर्मा गायनिक, डॉ जेबा काजमी, मेडिकल को ऑडिनेटर आशीष राय ने योगदान प्रदान किया। यह शिविर में ब्रह्मानंदम् हास्पिटल सोनारी के सहयोग से संपन्न हुआ।

### विधायक सरयू राय पूर्वी सिंहभूम जिला खो-खो एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय को पूर्वी सिंहभूम जिला खो खो एसोसिएशन का आम सहमति से नया अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। उनका निर्वाचन रविवार को सिदगोड़ा के सोन मंडप में आयोजित वार्षिक आम सभा एवं कार्यकारिणी समिति चुनाव में किया गया। श्री राय के अलावा वरीय उपाध्यक्ष एमपी सिंह, खेल अधिकारी विवेक कुमार और संजीव कुमार, उपाध्यक्ष पवन कुमार, रामनाथ सिंह, उषा बाखला और बलदेव सिंह नेहरा चुने गये। सचिव विक्टर विजय समड, संयुक्त सचिव मुकेश कुमार, श्रवण कुमार, राधा वर्मा, खुशबू विश्वकर्मा और दयाल सिंह मेहरा चुने गये। कार्यालय सचिव एसके शर्मा तो कोषाध्यक्ष श्याम शर्मा, तकनीकी निदेशक सुबोल चटर्जी चयनित हुए। कार्यकारिणी सदस्य में शंभू मुखी डुमरी, एम अरशद, राजकुमार सिंह, गोमिया सुंडी, सिद्धू किस्कू, विवेकानंद, चीफ कुमार, गंधर्व कुमार, विशाल कुमार, अमृतलाल मिंज, आरती विश्वकर्मा, सिम्मी कुमारी, अनीता महतो, शिवाजी तिवारी, सुदीप कुमार, नितिन कुमार, बलराम, उपेंद्र बानरा, लल्लन सिंह यादव, कमलेश कुमार और नरेंद्र कुमार का निर्वाचन हुआ।

### जेआरडी टाटा की स्मृति में 20 नेत्र रोगियों का ऑपरेशन



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम ने महान उद्योगपति भारत रत्न जेआरडी टाटा की जयंती के उपलक्ष्य में टाटा स्टील समूह की कंपनी जेमीपोल के सहयोग से कंपनी ने सीएसआर कार्यक्रम से बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में 3 दिवसीय 730वां नेत्र ज्योति यज्ञ (नेत्र ऑपरेशन शिविर) दूसरे दिन 20 नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण जाने माने नेत्र चिकित्सक टाटा मेन हॉस्पिटल के पूर्व नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ बीपी सिंह, टीएमएच की नेत्र चिकित्सक डॉ पूनम सिंह नेत्र चिकित्सक डॉ विवेक केडिया एवं सहयोगी चिकित्सीय टीम करेगी। 29 जुलाई को भारत रत्न जेआरडी टाटा की 120वीं जयंती पर ऑपरेशन कराये नेत्र रोगियों के आंखों की पट्टी खोलकर चिकित्सीय टीम ने जांच के बाद उन्हें रोशनी की दुनिया में वापस लाकर चश्मा एवं दवा देकर विदा किया जायेगा। जांच सत्र में रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय सिंह, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के अध्यक्ष बालमुकुंद गोयल, अशोक घोषाल, अशोक सिंह आदि थे।



# मनु भाकर ने ओलंपिक में भारत का खाता खोला

## भारत के मैच, 29 जुलाई का पूरा शेड्यूल

**पेरिस।** महज 22 साल की शूट मनु भाकर ने पेरिस ओलिंपिक 2024 में भारत का पहला मेडल दिला दिया। 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में मनु भाकर ने गोल्ड/सिल्वर मेडल जीतते हुए इतिहास रच दिया। वह शूटिंग में ओलिंपिक मेडल जीतने वाली देश की पहली महिला एथलीट बन चुकीं हैं। अब तीसरे दिन यानी 29 जुलाई को भी भारतीय दल से ऐसे ही चमत्कारिक प्रदर्शन की उम्मीद होगी। 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्सड इवेंट में एकबार फिर मनु भाकर मेडल की रेस में होंगी। रमिता जिंदल और अर्जुन बबुता से 10 मीटर एयर राइफल में तो मेंस आर्चर इवेंट में गोल्ड मेडल की आस होगी।

**तीरंदाजी**

**पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल:** तरुणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा, प्रवीण जाधव – शाम 6:30 बजे।

**बैडमिंटन**

**पुरुष युगल (ग्रुप चरण):** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बनाम मार्क लैम्सफस और मार्विन सीडेल (जर्मनी) – दोपहर 12 बजे।
**महिला युगल (ग्रुप चरण):** अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो बनाम नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा (जापान) – दोपहर 12:50 बजे
**पुरुष एकल (ग्रुप चरण):** लक्ष्य सेन बनाम जूलियन कैरेगी (बेल्जियम) – शाम 5:30 बजे

**निशानेबाजी**

**10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन:** मनु भाकर और सरबजोत सिंह, रिदम सांगवान और अर्जुन सिंह चीमा – दोपहर 12:45 बजे
**पुरुष ट्रैप क्वालीफिकेशन:** पृथ्वीराज तोंडईमान– दोपहर 1:00 बजे
**10 मीटर एयर राइफल महिला फाइनल:** रमिता जिंदल– दोपहर 1:00 बजे
**10 मीटर एयर राइफल पुरुष फाइनल:** अर्जुन बबूता – दोपहर 3:30 बजे

**हॉकी**

पुरुष पूल बी मैच: भारत बनाम अर्जेन्टीना– शाम 4:15 बजे

**टेबल टेनिस**

महिला एकल (राउंड ऑफ 32): श्रीजा अकुला बनाम जियान जेंग (सिंगापुर)– रात 11:30 बजे

## जरीन प्री-क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह

**एजेंसी**



**पेरिस (फ्रांस)।** दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन ने पेरिस ओलंपिक 2024 में धमाकेदार जीत के साथ आगाज किया है। रविवार को जर्मनी की मैक्सी करीना क्लोएत्जर को कड़ी टक्कर देते हुए जरीन ने ओलंपिक के महिला 50 किग्रा प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। 28 वर्षीय गैरवरीयता प्राप्त मुक्केबाज ने यहां नॉर्थ पेरिस एरिना में 32 राउंड के मुकाबले में जर्मन मुक्केबाज को 5-0 से सर्वसम्मति से हराया। ओलंपिक में पदार्पण कर रही जरीन की शुरूआत अच्छी नहीं रही, क्योंकि उनकी जर्मन प्रतिद्वंद्वी ने उन पर आक्रामक हमला किया। लेकिन, भारतीय मुक्केबाज ने रिंग के बीच में जगह बनाई और अपनी प्रतिद्वंद्वी पर कुछ वार किये। जरीन को ऊंचाई का फायदा था, लेकिन क्लोएत्जर ने अपने जैब का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया और 3-2 के विभाजित फैसले के जरिए पहला राउंड जीत लिया। 28 वर्षीय भारतीय मुक्केबाज ने दूसरे राउंड में अपनी लय हासिल की और कुछ घातक हुक लगाए और अपनी क्षमता भी दिखाई। दोनों मुक्केबाज जजों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन जरीन बेहतर दिखीं। क्लोजर को मुकाबले में अपना सिर नीचे रखने के लिए एक अंक काटा गया, लेकिन भारतीय मुक्केबाज ने जल्द ही वह बढ़त खो दी क्योंकि उसे कुछ सेकंड बाद सिर नीचे रखने के लिए दंडित किया गया। भारतीय मुक्केबाज ने फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और सटीक मुक्के मारे, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी थकी हुई दिख रही थी। इस प्रकार, वह अंत में विजयी हुई और प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की।

### गुरुवार को होगा अगला मुकाबला

निकहत जरीन का अब अगला मुकाबला गुरुवार को एशियाई खेलों की शीर्ष वरीयता प्राप्त और मौजूदा फ्लाईवेट विश्व चैंपियन चीन की वू यू से होगा, जिन्हें पहले राउंड में बाई मिली है।

## डेब्यू कर रहे प्रणय ने जीत से की शुरूआत



**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के स्टार शटलर एचएस प्रणय ने पुरुष सिंगल के ग्रुप स्टेज मुकाबले में धमाकेदार जीत के साथ शुरूआत की है। उन्होंने रविवार को यहां खेले गए मुकाबले में जर्मनी के कम रैंकिंग वाले फेबियन रोथ रहा दिया। प्रणय ने रोथ के खिलाफ सीधे सेटों में जीत दर्ज की और अपने ओलंपिक अभियान की शुरूआत की हैं। प्रणय ने जर्मनी के फेबियन रोथ के साथ खेल गए मैच में शुरूआत से ही आक्रमक तैवर दिखाए। प्रणय पेरिस ओलंपिक गेम्स के शुरू होने से दो सप्ताह पहले चिकनगुनिया से पीड़ित थे। उन्होंने अपने पहले ही मैच में रोथ को 21-18 और 21-12 से हरा दिया। अब उनका दूसरे ग्रुप मैच में वियतनाम के ले डुक फाट से बुधवार को मुकाबला होगा।

### नागल पहले में राउंड में हारकर ओलंपिक से बाहर

पेरिस ओलंपिक का दूसरा दिन भारत के लिए एक बुरी खबर लेकर आया है। भारत के टेनिस स्टार सुमित नागल हारकर पेरिस ओलंपिक 2024 से बाहर हो गए हैं। सुमित नागल मेन्स सिंगल्स के पहले राउंड में हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए हैं। उन्हें मेजबान देश के खिलाड़ी कॉरेंटिन माउटेट के हाथों 2-6, 6-2, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा है. इसके साथ ही टेनिस सिंगल्स में भारत का अभियान खत्म हो गया है।

## ओलंपिक में भारतीय तैराकी का अभियान खत्म

**नैनटेरे (फ्रांस)।** पेरिस ओलंपिक में भारत का तैराकी अभियान समाप्त हो गया है। श्रीहरि नटराज और धीनिधि देसिंघु रविवार को अपने-अपने इवेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने में विफल रहे हैं। नटराज धीमी हीट में 55.01 सेकंड के समय के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन 23 वर्षीय तैराक 100 मीटर पुरुष बैकस्ट्रोक इवेंट के लिए समग्र स्टैंडिंग में 33वें स्थान पर रहे। हीट से 16 सबसे तेज तैराक सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। यह प्रदर्शन नटराज के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 53.77 सेकंड से काफी दूर था और यह उनके सीजन के सर्वश्रेष्ठ समय 54.68 सेकंड से काफी धीमा था।

## सुदर्शन पटनायक ने खास अंदाज में दी मनु भाकर को बधाई, रेत पर बनाई उनकी शानदार सैंडआर्ट




**नयी दिल्ली।** भारत की महिला निशानेबाज मनु भाकर के पेरिस ओलंपिक 2024 में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने पर पूरे भारत में जश्न मनाया गया। इस मौके पर जाने-माने सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने भी अपनी सैंड आर्ट के जरिए मनु भाकर को बधाई दी है। इसके साथ ही यहां नीलाद्री बीच की रेत पर मनु की प्रतिकृति के साथ 10 फुट की राइफल और ओलंपिक पदक और तिरंगा मूर्ति बनाई है।

## मनिका ने आसान जीत से राउंड ऑफ 32 में बनाई जगह, ग्रेट ब्रिटेन की हर्सी को हराया



**पेरिस (फ्रांस)।** भारत की अनुभवी पैडलर मनिका बत्रा ने पेरिस ओलंपिक 2024 के टेबल टेनिस महिला एकल राउंड ऑफ 32 में जगह बनायी। 18वीं वरीयता प्राप्त भारतीय स्टार ने रविवार को टेबल टेनिस राउंड ऑफ 64 के मैच में ग्रेट ब्रिटेन की हर्सी अन्ना पर शानदार जीत हासिल की। बत्रा ने अधिकांश रैलियों पर अपना दबदबा बनाए रखा और 41 मिनट तक चले मैच में गैरवरीय प्रतिद्वंद्वी हर्सी को 4-0 से मात दी। भारतीय स्टार मनिका ने मैच में अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया और पूरे मैच में प्रतिद्वंद्वी को खेल का पीछा करते हुए 4 सीधे सेटों से जीत हासिल की।

## सिंधु ने शानदार जीत के साथ किया आगाज



**पेरिस (फ्रांस)।** 140 करोड़ भारतीयों की ओलंपिक पदक की उम्मीद भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने आसान जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की है। सिंधु ने यहां रविवार को खेले गए बैडमिंटन महिला एकल मुकाबले में मालदीव की खिलाड़ी अब्दुल रज्जाक को सीधे सेटो में 21–9, 21–6 से हराया। भारत को ओलंपिक में कांस्य और रजत पदक दिला चुकी सिंधु से इस बार सभी को स्वर्ण पदक की आस है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने पहले सेट में अपनी सर्विस पर 14 अंक बनाए जबकि दूसरे सेट में 18 प्वाइंट्स बनाए। बता दें कि, सिंधु की मालदीव की प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ दो मैचों में यह दूसरी जीत है, इससे पहले उन्होंने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में भी सीधे सेटों में जीत हासिल की थी। भारत की शीर्ष शटलर पीवी सिंधु दूसरे सेट में जबरदस्त फॉर्म में नजर आई। सिंधु के गोली की रफ्तार जैसै स्मेश का वर्ल्ड रैंकिंग में 99 स्थान की खिलाड़ी मालदीव की अब्दुल रज्जाक के पास कोई जवाब नहीं था। सिंधु ने दूसरा सेट 21–6 से अपने नाम किया। पूरे गेम के दौरान सिंधु ने कुछ गलतियों को छोड़कर सिंधु ने शानदार प्रदर्शन किया।

## टेबल टेनिस में शरत कमल का अभियान समाप्त

**एजेंसी**



**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक के दूसरे दिन भारत को पुरुष टेबल टेनिस में बड़ा झटका लगा है। भारत के स्टार पेडलर शरत कमल को स्लोवेनिया के खिलाफ पुरुष एकल मुकाबले में कोजुल डेनी से हार का सामना करना पड़ा। स्लोवेनिया के डेनी ने शरत को 49 मिनट में 4-2 से हरा दिया। इस हार के साथ ही उनका पेरिस ओलंपिक का सफर समाप्त हो गया है। पहला सेट जीतने के बाद शरत लगातार तीन सेट हार गए, पहले सेट में शरत ने 12-10 से जीत हासिल की। उसके बाद वह लगातार तीन सेट हार गये। दूसरे सेट में विरोधी खिलाड़ी स्लोवेनिया के कोजुल डेनी ने उनको 11-9 से हरा दिया जिसके लिए उन्होंने सिर्फ 8 मिनट लिये। उसके बाद तीसरे सेट में उन्होंने 8 मिनट लेकर 11-6 से और चौथे सेट में 11-7 से जील हासिल की.पांचवें सेट में शरत कमल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी जीत की उम्मीदों को जिंदा रखा। जहां, उन्होंने डेनी को 11-8 से हरा दिया। छठे सेट में शरत कमाल का प्रदर्शन करते हुए बढ़त बना लिए थे उसके बाद फिर से डेनी ने वापसी की और क्लोज मुकाबले में 12-10 से हरा दिया। जिससे शरत कमल का पेरिस ओलंपिक का अभियान यहीं समाप्त हो गया।

## बलराज पंवार ने रचा इतिहास, पुरुष एकल स्कल्स क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने

**पेरिस (फ्रांस)।** पेरिस ओलंपिक 2024 में रोइंग में बलराज पंवार ने रविवार को यहां इतिहास रच दिया है। वह पुरुष एकल स्कल्स क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। पेरिस 2024 में भारत के एकमात्र रोवर बलराज पंवार ने रविवार को पुरुषों की सिंगल स्कल्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। 25 वर्षीय आर्मी मैन ने मोनाको के क्वेंटिन एंटोगनेली के बाद 7:12.41 का समय लेकर रेपेचेज 2 में दूसरा स्थान हासिल किया। उनके रेपेचेज ग्रुप के अन्य 3 प्रतिभागी सेमीफाइनल ई/एफ में पहुंचे। अपना डेब्यू ओलंपिक खेल रहे बलराज पंवार अब पुरुष एकल स्कल्स इवेंट के क्वार्टर फाइनल में एक्शन में होंगे. यह मुकाबला मंगलवार 30 जुलाई को भारतीय समयानुसार दोपहर 1:40 बजे से खेला जाएगा।

### बलराज के पास इतिहास बनाने का मौका

बता दें कि, बलराज के पास मंगलवार को ओलंपिक इतिहास में किसी भी ओलंपिक रोइंग इवेंट में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज करने का मौका होगा. यह रिकॉर्ड वर्तमान में अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह की पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स जोड़ी के नाम है, जिन्होंने टोक्यो 2020 में अपने इवेंट में 11वां स्थान हासिल किया था।

## श्रीजा टेबल टेनिस के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं



**पेरिस (फ्रांस)।** भारत की स्टार पैडलर श्रीजा अकुला ने शानदार जीत के साथ महिला एकल टेबल टेनिस के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रविवार को खेले गए मुकाबले में 16वीं वरीयता प्राप्त अकुला ने साउथ पेरिस एरिना में 30 मिनट में दुनिया की 58वें नंबर की खिलाड़ी कलबर्ग के खिलाफ 11-4, 11-9, 11-7, 11-8 से जीत दर्ज की। मैच में अकुला ने शानदार शुरूआत की और पहले गेम में अपना दबदबा बनाया और 11-4 से जीत दर्ज की। भारतीय पैडलर अपने फोरहैंड से काफी तेज थी और उसने स्वीडन की क्रिस्टीना कल्बर्ग पर दबदबा बनाया। दूसरा गेम काफी करीबी रहा क्योंकि स्वीडिश पैडलर ने अपने स्ट्रोकप्ले में सुधार किया। दूसरा गेम काफी रोमांचक रहा लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने फिर से अपनी प्रतिद्वंद्वी को 11-9 से मात दी।

## रमिता 10 मीटर एयर राइफल के फाइनल में पहुंचीं

**एजेंसी**



**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक की 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग स्पर्धा में भारतीय निशानेबाज रमिता जिंदल फाइनल में पहुंच गई हैं। वहीं एलावेनिल 10वें स्थान पर रहने के कारण इस इवेंट से बाहर हो गई। क्योंकि, क्वालिफिकेशन राउंड में टॉप-8 शूटर ने क्वालीफाई किया है। रमिता ने आखिरी सीरीज में अपना 5वां स्थान बरकरार रखा। क्वालिफिकेशन राउंड में दोनों निशानेबाजों ने पहली सीरीज में अच्छी शुरूआत की, लेकिन रमिता अपनी लय बरकरार नहीं रख पाईं और पहली सीरीज के आखिरी चरणों में कुछ मौकों पर लक्ष्य से चूक गईं। एलावेनिल शुरू में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही थी और पहली सीरीज के दौरान अपना संयम बनाए रखा। रमिता 104.3 के स्कोर के साथ 22वें स्थान पर थीं, जबकि एलावेनिल पहली सीरीज के अंत तक 105.8 के कुल स्कोर के साथ चौथे स्थान पर थीं। दूसरी सीरीज में रमिता ने वापसी करते हुए कुल 106 अंक बनाए और 210 के कुल स्कोर के साथ आठवें स्थान पर पहुंच गई। एलावेनिल ने दूसरी सीरीज में भी शानदार प्रदर्शन किया और 106.1 अंक बनाए और उनका कुल स्कोर 211.9 रहा। अगली सीरीज में, रमिता सीरीज 3 में कुल 104.9 अंक हासिल करने में सफल रहीं और इसके परिणामस्वरूप दो स्थान नीचे खिसक गयी। एलावेनिल ने 104.4 के स्कोर के साथ सीरीज समाप्त की, लेकिन तीसरे स्थान पर खिसक गयी। अगले सेट की स्पधाओं में एक मोड़ आया और रमिता ने बाकी स्पधाओं में वापसी की। एलावेनिल, जो पहले मजबूत प्रदर्शन कर रही थीं, स्पर्धा के बाद के चरणों में लड़खड़ा गईं। वह अपने आखिरी पांच शॉट्स में केवल एक बार 10.5 से अधिक का स्कोर बना पायी। साथ ही, उनकी आखिरी सीरीज में उनका सबसे कम स्कोर रहा, क्योंकि उन्होंने 103.8 का स्कोर बनाया। रमिता के स्कोर 105.3, 105.3 और 105.7 रहे।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 10 विकेट से हराया



**बर्मिंघम (इंग्लैंड)।** बेन स्टोक्स के अपने देश के लिए सबसे तेज अर्धशतक और मार्क वुड के पांच विकेट से इंग्लैंड ने रविवार को यहां तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन वेस्टइंडीज को 10 विकेट से हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की। इंग्लैंड के कप्तान ने अपना अर्धशतक पूरा करने के लिए सिर्फ 24 गेंद खेली। उन्होंने 28 गेंद में 57 रन बनाए और क्रेग ब्रैथवेट की गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई।बेन डकेट ने 16 गेंद में 25 रन का योगदान दिया। इस सलामी जोड़ी ने लगभग 12 के रन रेट से रन जुटाए जिससे इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 7.2 ओवर में बिना विकेट गंवाए 87 रन बनाकर जीत हासिल की। वेस्टइंडीज ने दो विकेट पर 33 रन से खेलना शुरू किया लेकिन वुड की गेंदबाजी के सामने पूरी टीम 175 रन पर ढेर हो गई जिन्होंने 40 रन देकर 5 विकेट झटके। इससे इंग्लैंड को जीत के लिए 82 रन का लक्ष्य मिला। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट पारी और 114 रन से और दूसरा टेस्ट 241 रन से जीता था।

## श्रीलंका ने जीता महिला एशिया कप का खिताब

**एजेंसी।**




**दांबुला।** हर्षिता समाराविक्रमा नाबाद (69) और चमारी अट्टापटू (61) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत श्रीलंका ने रविवार को महिला एशिया कप के फाइनल मुकाबले में भारत को आठ विकेट से हराकर खिताब जीत लिया। 166 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरूआत अच्छी नहीं है। दूसरे ओवर में विश्मी गुणारत्ने (1) को रनआउट हुई। इसके बाद हर्षिता समाराविक्रमा और कप्तान चमारी अट्टापटू ने पारी को संभालते हुए तेजी से साथ रन बटोरे। 12वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने अट्टापटू को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। अट्टापटू ने 43 गेंदों में (61) रन बनाये। हर्षिता समाराविक्रमा ने 51 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद (69) रनों की पारी खेली। कविशा दिलहारी 16 गेंदों में (30) रन बनाकर नाबाद रही। श्रीलंका ने 18.4 ओवर में दो विकेट पार 167 रन बनाकर खिताबी मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया।

## भारतीय महिला तीरंदाजी का टीम खराब प्रदर्शन क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड ने हराया

**एजेंसी**

पेरिस (फ्रांस)। भारतीय महिला तीरंदाजी टीम को रविवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में तीरंदाजी टीम स्पर्धा में नीदरलैंड के खिलाफ दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले में अंकिता भक्त, भजन कौर और दीपिका कुमारी ने बहुत खराब प्रदर्शन किया। भारतीय महिला तीरंदाजी टीम क्वार्टर फाइनल मैच में नीदरलैंड के खिलाफ 6-0 से हार गयी। चौथी वरीयता प्राप्त भारत ने तीन सेटों में केवल 51, 49 और 48 प्वाइंट्स बनाए, जिसमें से पांच बार 10 अंक बनाये वहीं, ओलंपिक पदक विजेता गैबी श्लोसेर की अगुवाई वाली नीदरलैंड की टीम ने जवाब में केवल तीन 10 अंक बनाए, वे लेस इनवैलिड्स में लगातार 9 अंक बना रहे थे। भारतीय टीम मुकाबले में नीदरलैंड के सामने टिक नहीं पाई और हार गयी।

## वर्षा बाधित मैच में भारत ने श्रीलंका को सात विकेट से हराया

- भारत ने 39 गेंदों में ही जीता मैच, सीरीज में 2-1 की अजेय बढ़त
- यशस्वी, सूर्या और हार्दिक ने खेलीं विस्फोटक पारियां
- तीन विकेट लेने वाले रवि बिश्नोई बने मैन ऑफ द मैच

**एजेंसी**



**पल्लेकेले।** वर्षाप्रभावित दूसरे टी-20 इंटरनेशनल में भारत ने श्रीलंका को सात विकेट से हराते हुए तीन मैच की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। अब 30 जुलाई को होने वाले तीसरे मैच में श्रीलंकाई टीम अपनी इज्जत बचाने उतरेगी। भारत ने 27 जुलाई को हुए पहले मैच में 43 रन से मैदान मारा था। आज के मैच की बात करें तो भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए श्रीलंका को नौ विकेट पर 161 रन पर रोक दिया। बाद में जब लक्ष्य का पीछा करने उतरा तो तीन गेंद बाद ही तेज बारिश के चलते मैच रोकना पड़ा। मौसम ठीक होने और मैदान सूखने के बाद जब मुकाबला दोबारा शुरू हुआ तो भारत को 45 गेंदों पर 72 रन का संशोधित लक्ष्य मिला, जिसे हासिल करने में भारत को ज्यादा मुश्किल नहीं हुई।

### संजू पहली ही गेंद पर क्लीन बोल्ड

72 रन के छोटे से लेकिन चैलेंजिंग टोटल के जवाब में भारत ने तेज शुरूआत की। यशस्वी जायसवाल ने पहले ओवर में पेसर दासुन शनाका के खिलाफ कुल 12 रन बनाए। श्रीलंका ने दूसरे ओवर में ही स्पिनर को अटैक पर लगाया। मिस्ट्री स्पिनर महीश तीक्षणा ने पहली ही गेंद पर कैरम बॉल फेंकी और संजू सैमसन बिना खाता खोले क्लीन बोल्ड हो गए। इंजर्ड शुभमन गिल की जगह संजू को खेलने का मौका मिला था, लेकिन वो इसका फायदा नहीं उठा पाए। इस विकेट के बाद भारत ने काउंटर अटैक किया। सूर्या और हार्दिक ने स्विप शॉट्स से खूब बाउंड्री बटोरी। ऋषभ पंत दो गेंद में दो रन बनाकर नाबाद रहे।

### भारत ने श्रीलंका को नौ विकेट पर 161 रन पर रोका

शनिवार को पहले मैच में श्रीलंका ने आखिरी आठ विकेट 21 रन के भीतर गंवा दिए थे और रविवार को आखिरी छह विकेट 31 रन के भीतर गंवाए। पहले 10 ओवर में 80 रन बनाने के बावजूद श्रीलंकाई टीम बड़ा स्कोर नहीं बना सकी और आखिरी 10 ओवर में 81 रन ही बन सकी। हार्दिक पंड्या ने दो ओवर में 23 रन देकर दो और रवि बिश्नोई ने चार ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट लिए। श्रीलंका के लिए पाथुम निसंका ने 24 गेंद में 32 रन बनाए जबकि कुसल परेरा ने 34 गेंद में 54 रन की पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिये छह ओवर में 54 रन जोड़े।

# शिक्षा विभाग की लापरवाही, शिक्षकों के गायब प्रमाण-पत्र कूड़े में मिले

एजेंसी



**किशनगंज।** जिले में शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आयी है। नियोजित शिक्षकों को जिस दस्तावेज के आधार पर राज्यकर्मी का दर्जा मिलना है, वो दस्तावेज शिक्षा विभाग के कूड़े से बरामद हुआ। दरअसल, जिले के ठाकुरगंज प्रखंड के नियोजित शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा के सैकड़ों मूल प्रवेश पत्र गायब थे, जो रोलबाग मोहल्ला स्थित जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना वन के कार्यालय के पुराने भवन के कूड़े में पड़ा मिला। खोजबीन के क्रम में 550 से अधिक नियोजित शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा का मूल प्रवेश पत्र बरामद हुआ। उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग ने फरवरी में सक्षमता परीक्षा का आयोजन किया था। परीक्षा में सफल हुए नियोजित शिक्षकों का मार्च माह में वेरिफिकेशन के दौरान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना वन के कार्यालय में सक्षमता परीक्षा का मूल प्रवेश पत्र बीआरसी के लिपिकों के माध्यम से जमा लिया गया था, जो जांच के बाद शिक्षकों को वापस किया जाना था। यह प्रवेश पत्र इसलिए अहम माना जा रहा है, क्योंकि इस दस्तावेज के माध्यम से नियोजित शिक्षकों का नये ज़िलों में पदस्थापन होगा और इसके बाद उनको राज्यकर्मी का दर्जा मिलेगा। एक अगस्त से सक्षमता परीक्षा में उत्तीर्ण नियोजित शिक्षकों के लिये जिले में काउंसिलिंग होना है। नियोजित शिक्षकों को काउंसिलिंग में मूल प्रमाण-पत्र के साथ सक्षमता परीक्षा का मूल प्रवेश-पत्र लाना भी अनिवार्य है।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना वन कार्यालय में जमा शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा के मूल प्रवेश पत्रों को 20-22 जुलाई के बीच नियोजित शिक्षकों को वापस कर दिया गया लेकिन ठाकुरगंज प्रखंड के शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा का प्रवेश पत्र वितरण नहीं किया गया।

क्योंकि, उनलोगों का प्रवेश पत्र कार्यालय से गायब था। इसके बाद जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नूपुर कुमारी ने आनन-फानन में ठाकुरगंज प्रखंड संसाधन केंद्र के लेखा सहायक सुमित कुमार और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना वन कार्यालय के लिपिक साकेत सुमन के खिलाफ नोटिस जारी कर कार्यालय से गायब हुए प्रमाण-पत्रो को अविलंब उपलब्ध करवाने का आदेश दिया। नोटिस में उन दोनों लिपिकों के विरुद्ध एफआईआर तक करवाने की धमकी दी गई। नोटिस के बाद जब विभाग के रोलबाग स्थित पुराने कार्यालय में खोजबीन शुरू की गई तो कार्यालय में पड़े रद्दी कागजों और कूड़े से सैकड़ों मूल प्रमाण पत्र बरामद हुए।

बताया जा रहा है कि ठाकुरगंज के नियोजित शिक्षकों के लगभग 700 मूल प्रवेश प्रमाण पत्रों में से लगभग 630 प्रमाण-पत्र मिले हैं जबकि अब भी 70 से अधिक प्रमाणपत्र गायब हैं।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नूपुर कुमारी ने बताया कि एक प्रखंड का फाइल कार्यालय से गायब था। जब उनके द्वारा नोटिस जारी किया गया तो फाइल मिल गया। उन्होंने बताया कि फिलहाल शिक्षकों को उसका प्रमाण-पत्र वितरित किया जा रहा है। लापरवाह क्लर्क के खिलाफ नोटिस भी जारी किया गया है, आगे जो भी विधि सम्मत कार्रवाई होगी की जायेगी।

## स्पीड न्यूज

### नाबालिग का शव घर से बरामद

**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र के सलगा पंचायत के कौवाखोह गांव निवासी दीपक सिंह की 14 वर्षीया पुत्री नवीं की छात्रा काजल कुमारी का शव उसके खपड़ैल घर के एक रुम से दुपट्टा के सहारे फांसी के फंदे से झुलते संदेहास्पद स्थिति में देखा गया। इसकी सूचना रविवार की सुबह पुलिस को दी गई। पुलिस पहुंचकर छानबीन करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। इस संबंध में प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार युवती का शव घर के लकड़ी के मोटे वली से दुपट्टा के सहारे शव उसके चारपाई पर बैठने की स्थिति में पैर जमीन से स्पर्श करते हुए सटा हुआ था। लोगों ने कहा कि सच कहा जाए तो स्थिति को देखते हुए युवती का शव पुलिस ने संदेहात्मक स्थिति में कब्जे में करते हुए दुपट्टे को खोला। मृतका की मां रीता देवी ने बताई की मेरे पति दीपक सिंह मजदूरी करने के लिए पिछले महीने से ही दूसरे प्रदेश में गए हुए हैं। घर में पुत्री काजल कुमारी एवं दो पुत्र के साथ रहते हैं। जो मेरे साथ 6 वर्षीय पुत्र रंजन सिंह एवं चार वर्षीय पुत्र निरंजन सिंह दूसरे कमरे में सोए हुए थे।

### सुगौली में छह अष्टधातु की मूर्ति हुई चोरी

**पूर्वी चंपारण।** जिले के सुगौली थाना क्षेत्र में बीती रात एक प्राचीन मंदिर से चोरो ने अष्टधातु से निर्मित राम जानकी की मूर्ति चोरी कर ले गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना सुगौली के भटहां टिकुलिया रामजानकी मठ की है। मठ के महंत ने रविवार को बताया कि वह मंदिर के बाहर सो रहे थे। सुबह में जब मंदिर में पूजा करने के लिए गए तो देखा कि सभी भगवान का मूर्ति गायब है। मंदिर के बाहर के गेट में ताला बंद था, चोर छत पर बाहर से चढ़ सीढ़ी के गेट में लगी ताला तोड़कर अंदर घुसे और चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

### पीपरा में दिनदहाड़े व्यवसायी की गोली मार कर हत्या

**पूर्वी चंपारण।** जिले के पिपरा थाना क्षेत्र में बाइक सवार अपराधियो ने दिनदहाड़े एक व्यवसायी की गोली मार कर हत्या कर दी।बताया जा रहा है,कि व्यवसायी अपने भतीजा के साथ स्कूटी पर सवार होकर बाजार जा रहे थे। घटना में उसका भतीजा बाल बाल बचा है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना पिपरा थाना क्षेत्र के बेदीबन मधुबन गांव में घटित हुआ है।मृतक रामायण साह नेपाल की राजधानी काठमांडू में हार्डवेयर का बड़ा व्यवसायी था।

### 350 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**किशनगंज।** जिले के महानंदा पुल के पास गुप्त सूचना के आधार पर ठाकुरगंज पुलिस और एसएसबी 19वीं वाहिनी ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 350 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ टू मंगलेश कुमार सिंह ने आज बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पुल के पास ब्राउन के कारोबारी मौजूद है। इसके बाद तत्काल एक टीम को गठित किया गया और एसएसबी 19वीं वाहिनी के साथ मिलकर आरोपियों को पकड़ लिया गया।

### तेज रफ्तार बाइक घुसा चाय दुकान में, एक की मौत

किशनगंज। जिले के डेरामारी हाट के समीप एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर राहगीर को ठोकर मारते हुए चाय की दुकान में घुस गईं, जिससे मौके पर दुकान में बैठे एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच व्यक्ति घायल हो गए। घायलों में बाइक चालक व उस पर बैठे एक व्यक्ति के अलावा चाय दुकानदार व दो अन्य ग्राहक शामिल है। पुलिस व ग्रामीणों के द्वारा घायलों को इलाज के लिए किशनगंज सदर अस्पताल भेजा गया। मृतक डेरामारी पंचायत के ग्वालडांगी निवासी अजय लाल सिंह है। वह घर से डेरामारी हाट आया था और चाय पीने के लिए डेरामारी हाट स्थित लखना पोद्दार की दुकान में बैठा हुआ था। वहीं घायलों की पहचान डेरामारी निवासी चाय दुकानदार लखना पोद्दार, शोभा लाल सिंह, मो. गुलाम, एवं बहादुरगंज प्रखंड के बांसबाड़ी निवासी बाइक चालक एवं बाइक सवार के रूप में की गई है।

## पांकी विधायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करायेगा कुम्हार समन्वय समिति: योगेन्द्र

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते योगेंद्र प्रजापति

**गढ़वा।** झारखंड कुम्हार समन्वय समिति जिला इकाई गढ़वा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र प्रजापति ने कहा है कि पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता गत तीन जुलाई को मेदिनीनगर टीवी टावर निवासी रविन्द्र प्रजापति के दुकान सह मकान में अपने सैन्य दल बल के साथ जबरन घुस कर चोरी का आरोप लगाते हुए घर की महिला सदस्यों से मारपीट एवं दुर्व्यवहार करते पुरुष सदस्य को बेरहमी से पीटते हुए थाना ले गये। इस मामले का पलामू जिले के थानों में मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तब वे अपने प्रभाव वाले थाना रांची जिला के ओरमांझी थाना में अपनी बेटी सिम्मी मेहता से मुकदमा दर्ज करवा कर हवालात में भेज दिया। होटवार जेल में रविन्द्र प्रजापति का बेटा बंद है। इस घटना की झारखंड कुम्हार समन्वय समिति जिला इकाई गढ़वा कड़ी निंदा करती है। योगेन्द्र ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार के लोग न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं। इस मामले में झारखंड कुम्हार समन्वय समिति गढ़वा कोर कमिटी के साथ बैठक कर पांकी विधायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर न्याय मिलने तक संगठन आंदोलन करने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि समिति ने झारखंड सरकार से इस झूठे आरोप का सरकारी एजेंसी से जांच कराकर विधायक के अपराधिक चरित्र का पदार्फाश करने की मांग की है। साथ ही गरीब रविन्द्र प्रजापति व परिवार को सुरक्षा दिलाने की भी मांग की है।

श्री प्रजापति ने कहा कि समन्वय समिति पांकी विधायक के कृत्यों का जिक्र सदन में कर उनकी विधानसभा सदस्यता खारिज करवाने की भी मांग करेंगे। यदि जिला प्रशासन मुकदमा दर्ज नहीं करती है तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मौके पर अनूप प्रजापति, देवेंद्र प्रजापति, मनोज प्रजापति, विकास प्रजापति, विष्णु देव प्रजापति सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सोमवारी को लेकर कांवरिया शिवालयों के लिए हुए रवाना



एजेंसी

**भागलपुर।** सावन की दूसरी सोमवारी को लेकर रविवार को जिले के विभिन्न गंगा घाटों में कांवरियों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुल्तानगंज अजगैबीनाथ धाम के पवित्र उत्तरवाहिनी गंगा सहित भागलपुर के विभिन्न गंगा घाटों में आस्था की डुबकी लगाकर कांवर में जल भरकर श्रद्धालु बासुकीनाथ धाम, गोड्डा, धनकुंड, गोनूबाबा धाम सहित विभिन्न शिवालयों में भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए रवाना हुए। चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी में भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हो रहा है। गंगा घाट हो या फिर कच्ची कच्ची काँवरिया पथ चारों तरफ सिर्फ और सिर्फ हर हर महादेव की गूंज सुनाई पड़ रही है। बोल बम और हर हर महादेव के जयकारे के साथ कांवरिया पथ से बोल बम के नारे के साथ शिव के भक्त लगातार भोलेनाथ की नगरी की ओर बढ़े चले जा रहे हैं।

## 2500 सीएफटी अवैध बालू और ट्रैक्टर जप्त



जप्त ट्रैक्टर

**धुरकी।** धुरकी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम रक्सी से एक अवैध बालू लोड ट्रैक्टर एवं रक्सी कदवा सिमाना के समीप करीब 2500 सीएफटी अवैध बालू को जप्त कर किया है। साथ ही घघरी निवासी बब्लू बैठा उर्फ बिशुनदेव बैठा पिता रामकुमार बैठा तथा ट्रैक्टर के मालिक एवं चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए धुरकी थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि रात्रि में कनहर नदी से बबलू बैठा के द्वारा बालू चोरी कर ग्राम रक्सी कदवा के सिमाना के पास रखा जाता है। जहां अभी करीब 2500 सीएफटी बालू रखा हुआ है। जिसके बाद पुलिस ने छापामारी की। पुलिस ने रक्सी से एक बालू लोड ट्रैक्टर को पकड़कर थाना ले गई। साथ ही 2500 सीएफटी बालू को जप्त कर बबलू बैठा और ट्रैक्टर के मालिक एवं चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार धुरकी पुलिस थाना क्षेत्र में लगातार छापामारी की जा रही है। अवैध बालू का कारोबार किसी भी कीमत में चलने नही दिया जायेगा। छापामारी दल में सब इंस्पेक्टर बीकु कुमार रजक, एएसआई शैलेंद्र कुमार यादव एवं जवान शामिल थे।

## बीपी डीएवी में प्रतियोगिता संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता




विजेता खिलाड़ी

**गढ़वा।** शहर के बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित डीएवी नेषनल स्पोर्ट्स अंतर्गत कलस्टर लेबर दो दिवसीय प्रतियोगिता का समापन हो गया। इस दौरान खो-खो, एरोबिक्स एवं चेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बाबू दिनेश सिंह विश्विद्यालय के चान्सलर दिनेश सिंह, डीएवी गढ़वा के प्राचार्य अजय कुमार चौबे एवं बीएन्टी सन्त मैरी स्कूल के प्राचार्य अमित तिवारी ने सभी विजेता दलों, खिलाड़ियों को मेडल एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य श्री चौबे ने कहा कि कलस्टर लेबल के सभी विजेता दल, खिलाड़ी स्टेट लेबल खेलने जायेंगे तथा स्टेट लेबल के विजेता नेशनल लेबल खेलने जाएंगे। उन्होंने कहा कि छात्रों के सम्पूर्ण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी आवश्यक है। मानव के शारीरिक व मानसिक विकास में खेल-कूद की अहम भूमिका होती है। खेलों से मानसिक थकावट दूर होती है। शरीर तंदुरुस्त एवं जीवन परिश्रमी बनता है। उन्होंने विभिन्न डीएवी विद्यालयों के सभी टीम मैनेजर, कोच, सभी खेलों के ऑफिसियल्स एवं विगत तीन दिनों से व्यवस्था में लगे विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए विजेताओं को स्टेट लेबल खेलने के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्य अथिति दिनेश सिंह ने कहा कि देशभर में फैले 1000 से अधिक डीएवी विद्यालयों के बच्चों के बीच इस तरह की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता कराना देश मे खेलकूद को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से हमारे गढ़वा के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा को देश स्तर पर निखारने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका ममता तिवारी तथा धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के शिक्षक सह सीसीए एवं मीडिया प्रभारी शम्भु कुमार तिवारी ने किया। मौके पर विद्यालय के मैनेजर नानक चन्द, चेयरमैन गिरिनाथ सिंह, डीएवी पब्लिक स्कूल झारखण्ड जोन आई के असिस्टेंट रिजिनल ऑफिसर डॉ गोलाम नबी खान आदि उपस्थित थे।

## ओबीसी एकता अधिकार सह न्याय रथ का कांडी में स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते अधिकार मंच के सदस्य

**कांडी।** प्रखंड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत अधौरा गांव में शनिवार को देर शाम ओबीसी एकता अधिकार सह न्याय रथ पहुंचा। जिसका लोगों ने भव्य स्वागत किया। उप स्वास्थ्य केन्द्र के नजदीक एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए अधिकार मंच के वरिष्ठ कार्यकर्ता पिंटू यादव ने कहा कि अपना हक व अधिकार लेने के लिए यह यात्रा शुरू हुआ है, जो पूरे झारखंड में घूम घूम कर लोगों को जगाने का काम कर रहे हैं। ओबीसी में 52 विभिन्न जातियां हैं जिसे मात्र 14 प्रतिशत ही आरक्षण सरकार दे रही है। आप सभी से निवेदन है कि मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद (बीडी प्रसाद) के हाथों को मजबूत करें। ओमप्रकाश कुमार ने कहा कि सोंच को बदलो सितारे बदल जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में हमारी जनसंख्या 65 प्रतिशत है लेकिन मुझे आरक्षण 14 प्रतिशत हीं प्राप्त है। जो गलत है। आगामी 30 जुलाई को अपने हक और अधिकार के लिए 11 सूत्री मांगों को लेकर रांची में विधान सभा का घेराव कार्यक्रम निर्धारित है। आप सभी से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में उक्त कार्यक्रम में भाग लेने रांची चलें। मौके पर अमर कुमार, जगरनाथ साह, उस्मान अंसारी, केशव गुप्ता, प्रिय कुमार गुप्ता, कृपा निधान गुप्ता, संजीत कुमार गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

### अधौरा गांव में कमिटि का गठन

इस अवसर पर अधौरा गांव में एक कमिटि का भी गठन किया गया। जिसमें इसराइल अंसारी को अध्यक्ष, रमेश प्रसाद गुप्ता को उपाध्यक्ष, संजय प्रसाद गुप्ता को सचिव बनाया गया। जबकि गुड्डू कुमार को युवा मंच अध्यक्ष, रंजन कुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष, अनूप कुमार चौधरी को सचिव बनाया गया। साथ ही अफरोज अंसारी, अमरजीत कुमार, अरुण कुमार गुप्ता, नाजिर अंसारी सहित दस को सदस्य बनाया गया।

## खबर एक नजर में

### प्रताड़ना को लेकर बेटी और दामाद गिरफ्तार

**भागलपुर।** जिले के इशाकचक थाना क्षेत्र के बरहपूरा मोहल्ले में रविवार को प्रताड़ना के मामले को लेकर पुलिस ने बेटी और दामाद को हिरासत में ले लिया है। दमाद और बेटी अपने ससुर के साथ वर्षों से रह रहे हैं। इस दौरान बेटी और दामाद ससुर के पैसे पर ही ऐश मौथ किया करते थे। उसके बावजूद ससुर के साथ मारपीट करने का वीडियो जब वायरल हुआ तो मोहल्ले वालों के द्वारा मामले की सूचना स्थानीय थाने को दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची इशाकचक की पुलिस ने बेटी और दामाद को हिरासत में लेकर थाने ले गई। दामाद के द्वारा अपने साले को भी मारपीट कर घर से भगा दिया गया। इसमें उसकी पत्नी भी उसके साथ थे। वहीं साले ने आरोप लगाया है कि मेरी बहन और जीजा के द्वारा हम लोगों को पागल करने का पूरा प्लान किया गया था। जमीन भी अपने नाम करवा लिया है।

### प्रतिबंधित पदार्थ जब्त

**किशनगंज।** सदर थाना पुलिस ने धरमपुर रोड के समीप एक ट्रक पर लदा प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को एक ट्रक में प्रतिबंधित पदार्थ ले जाये जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया। इसके बाद ट्रक की जांच की गई तो ट्रक में प्रतिबंधित पदार्थ था। ट्रक को जब्त कर थाना लाया गया। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार प्रतिबंधित पदार्थ का परिवहन अपराध की श्रेणी में आता है। बताया जाता है की इसे बंगाल की ओर से लाया जा रहा था, जिसे आगे कही ले जाया जाना था। वही जब्त प्रतिबंधित पदार्थ को पुलिस की मौजूदगी में विनष्ट किये जाने की प्रक्रिया जारी थी। इधर पुलिस मामले की जांच कर रही है।जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगी। जब ये प्रतिबंधित है तो कहां से आया। किसके संरक्षण में यह कार्य चल रहा था। कही पहले भी तो इसका परिवहन नहीं किया जा रहा था। ये सब भी पुलिस के द्वारा आगे की जांच में ही स्पष्ट हो पाएगा।

### अलग मिथिला राज्य को लेकर धरना-प्रदर्शन कर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री को ज्ञापन सौपा

**सहरसा।** अखिल भारतीय मिथिला राज्य संघर्ष समिति और मिथिला वासी के तरफ से अलग मिथिला राज्य निर्माण की मांग को लेकर जंतर मंतर नई दिल्ली पर धरना प्रदर्शन आयोजन किया गया।प्रदर्शन का नेतृत्व प्रोफेसर अमरेंद्र कुमार झा ने की, जिसमें हजारों मैथिलों ने हिस्सा लिया।बाद में धरना की अध्यक्षता सुनहरी लाल झा और संचालन ईंजीनीयर शिशिर कुमार झा ने की।दूरभाष पर सम्बोधित करते हुये राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर बैद्यनाथ चौधरी बैजू ने कहा कि सनातनी मिथिला को राज्य की मांग करते हुए 100 बरस से ऊपर हो गया।इस भौगोलिक क्षेत्र में बंगाल से बिहार, उड़ीसा और झारखंड राज्य बन गया।वही मिथिला क्षेत्र लगातार बिहार से अलग होने की मांग कर रहा है । राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी ईंजीनीयर शिशिर कुमार झा ने कहा कि मैथिलों के लिए बिहारी शब्द मिथिला के नैतिक पहचान ,नैतिक मूल्य ,सभ्यता –संस्कृति, भाषा एवं विकास में बाधक है।बिहार में मैथिलों की पहचान लुप्त होती जा रही है। एम्स सरकारी उपेक्षा के कारण 7 वर्षो से अधर में लटका हुआ है। मिथिला राज्य अभियानी पंडित रविन्द्र मिश्र,पंडित कृष्णानंद झा,पंडित सदानंद ठाकुर, एडवोकेट प्रदीप झा,श्रीमति सबिताजी,पंडित यंत्रनाथ झा एवं विनोद राज झा ने कहा कि मिथिला सरकारी उपेक्षा के कारण गति एवं दिशाहीन हो गया है।शिक्षा और स्वास्थ्य के स्तर में तीव्र पतन हो रहा है।अपने भाषण में सभा अध्यक्ष ने कहा कि 75 वर्षों में बेरोजगारी और पलायन में बेहताशा वृद्धि हुई है।सभी मिल,उद्योग– धंधे प्राय: बंद हो गए हैं ।

### पिकअप पर लदे 841 लीटर विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार, दो बाइक जब्त

**सहरसा।** सदर थाना ने गुप्त सूचना के आधार पर सदर थाना क्षेत्र के हकपाड़ा मोहल्ला स्थित रेल लाइन के निकट एक उजले रंग के बोलोरो पिकअप से भारी मात्रा में शराब उतारते हुए पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देख एक शराब कारोबारी भागने में सफल हुए लेकिन पुलिस ने खदेड़ कर एक शराब कारोबारी सदर थाना क्षेत्र के गोबर गड्ढा गांव वार्ड नंबर 2 निवासी रामविलास यादव के पुत्र संजीत कुमार को गिरफ्त में लिया, जिसके बाद पिकअप की जांच पड़ताल की गई तो पिकअप से कुल 841.650 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुए। रविवार को सदर थाना में प्रेस वार्ता आयोजित करते साइबर थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर सदर थाना और जिला आसूचना इकाई की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए हकपाड़ा रेल लाइन के पास से एक उजले रंग के पिकअप को जब्त किया गया।

## पेज एक का शेष

### भारत को नशामुक्त ...

चराइदेव मोईदाम विश्व विरासत स्थल में : मोदी ने कहा कि असम के चराइदेव मोईदाम को विश्व यूनेस्को विरासत स्थल में शामिल किया जा रहा है। यह हमारे लिए गौर की बात है। इस लिस्ट में यह भारत की 43वीं, लेकिन पूर्वोत्तर की पहली चीज है जिसे शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि चराइदेव का मतलब है पहाड़ियों पर चमकता शहर, यानी पहाड़ी पर एक चमकता शहर होता है। यह अहोम राजवंश की पहली राजधानी थी। अहोम राजवंश के लोग अपने पूर्वजों के शव और उनकी कीमती चीजों को पारंपरिक रूप से मैदाम में रखते थे।

**70 प्रतिशत बाघ भारत में :** पीएम मोदी ने कहा कि भारत में बाघों के संरक्षण के लिए इस समय अभूतपूर्व प्रयास चल रहे हैं और देश में प्रति वर्ष इस वन्य प्राणी की संख्या बढ़ रही है। मन की बात में कहा कि विश्व में 70 प्रतिशत बाघ भारत में पाए जाते हैं और और यह प्राणी भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहा है और देश में वनों के आस पास के गावों में लोगों को पता रहता है कि बाघों के साथ ताल मेल बिठा कर कैसे रहना है। उन्होंने इस संदर्भ में बाघ मित्र कार्यक्रम का विशेष रूप से उल्लेख किया। भारत में तो बाघ, हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहा है। जंगल के आसपास के गाँव में तो हर किसी को पता होता है कि बाघ के साथ तालमेल बिठाकर कैसे रहना है। उन्होंने कहा, आपको ये जानकर खुशी और गर्व का अनुभव होगा कि दुनियाभर में जितने बाघ हैं ,उनमें से 70 प्रतिशत बाघ हमारे देश में हैं और देश के अलग-अलग हिस्सों में कई बाघ अभयारण्य हैं।

### पीएम ने जो ...

बरेली की जनता का आभार, जिसने मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता पर लगातार भरोसा जताया। लगातार अटूट विश्वास और प्यार बनाए रखा। श्री गंगवार बरेली लोकसभा सीट से आठ बार सांसद रह चुके हैं। वे अटल बिहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी सभाओं के दौरान कहा था कि उन्हें कुछ अलग से स्थान दिया जायेगा, उनकी बात सच हो गयी। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को उन्हें बधाई दी है। सीएम ने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम पर ट्वीट करते हुए कहा कि संतोष गंगवार जी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। झारखंड की महान और वीर भूमि पर हार्दिक स्वागत और अभिनंदन है।

### खोजे नहीं मिल रहे...

इस स्कीम के तहत वैट के समय के फंसे पैसे की उगाही की जा रही थी। इससे सरकार का रेवन्यू भी बढ़ था। एक बार फिर विभागीय मंत्री ओटीएस स्कीम को एक्सटेंशन देने के मुड में हैं।

**6 हजार में 5100 करोड़ की वसूली :** वर्ष 24-25 के पहले तिमाही में छह हजार करोड़ राजस्व उगाही का लक्ष्य रखा गया था। परंतु विभाग इस लक्ष्य पूरा नहीं कर सका। कुछेक अधिकारियों के प्रयास से 6 हजार में 5100 करोड़ की वसूली ही हो सकी है। बताया जा रहा है कि यह रेवन्यू लक्ष्य का 89 प्रतिशत है। इधर अधिकारी भी 24 हजार करोड़ रुपये का पीछा करते आगे भागना चाहते हैं। परंतु कमिश्नर के नहीं रहने से उन्हें भी निर्णय लेने में परेशानी हो रही है।

स्पीड न्यूज

### सभी के लिए टैक्स क्लियरेंस प्रमाणपत्र जरूरी नहीं: सीबीडीटी

**नयी दिल्ली।** आयकर विभाग ने स्पष्ट किया है कि वित्त विधेयक में प्रस्तावित संशोधनों के मद्देनजर सभी लोगों को विभाग से कर भुगतान प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है बल्कि कालाधन अधिनियम 2015 में किये गये प्रावधानों के दायरे में आने वालो को यह प्रमाण पत्र हासिल करना होगा। इसको लेकर मीडिया और सोशल मीडिया पर आ रही खबरों के बीच केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने रविवार को एक स्पष्टीकरण जारी करते हुये कहा कि आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 230 के अनुसार, प्रत्येक व्यक्ति को टैक्स क्लियरेंस प्रमाणपत्र प्राप्त करना आवश्यक नहीं है। केवल कुछ व्यक्तियों के मामले में, जिनके संबंध में ऐसी परिस्थितियां मौजूद हैं जो कर क्लियरेंस प्रमाणपत्र प्राप्त करना आवश्यक बनाती हैं, उन्हें ऐसा प्रमाणपत्र प्राप्त करने की आवश्यकता होगी।

### चीन में भूस्खलन से 12 मरे, छह घायल

**बीजिंग।** मध्य चीन के हुनान प्रांत में भारी बारिश के बाद भूस्खलन के कारण 12 लोगों की मौत हो गयी और छह अन्य घायल हो गये। सरकारी चाइना सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) ने बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार रविवार सुबह 08:13 बजे हेंगयांग जिले के यूलिन गांव में हुई। एक गेस्ट हाउस बाढ़ के कारण हुए भूस्खलन की चपेट में आ गया, जिसके मलबे में 18 लोग फंस गये। बचावकर्मियों ने मलबे से 18 लोगों को निकाला, जिनमें से 12 की मौत हो चुकी थी और छह अन्य घायल थे।

### पाकिस्तान में मुठभेड़ चार आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के टैंक जिले में एक अभियान में चार आतंकवादियों को मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से शनिवार देर रात जारी एक बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना पर संयुक्त अभियान चलाया। आईएसपीआर के अनुसार, अभियान के दौरान भीषण गोलीबारी हुई, जिसमें चार आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकियों के पास से हथियार व गोला-बारूद बरामद किये गये हैं।

### उप्र विधानमंडल का मानूसन सत्र आज से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र सोमवार (29 जुलाई) से शुरू होकर 02 अगस्त तक चलेगा। इससे पहले रविवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। उन्होंने सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी दलों से सहयोग किए जाने की अपील की। विधान सभा अध्यक्ष ने नेताओं से कहा कि वे सदन में अपनी बात शालीनता एवं संसदीय मयार्दा के साथ रखें और प्रेमपूर्ण वातावरण में सदन में बहस करें। उन्होंने कहा कि संसदीय व्यवस्था में संवाद और सकारात्मक चर्चा-परिचर्चा के जरिए लोकतंत्र मजबूत होता है।

### यूपी : नेता प्रतिपक्ष बने माता प्रसाद पांडेय

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता एवं दो बार विधानसभा अध्यक्ष रहे तथा सात बार विधानसभा का चुनाव जीतने वाले माता प्रसाद पांडेय को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। गरीब परिवार में जन्म लेने वाले श्री पांडेय हमेशा गरीबों व नौजवानों के लिए लड़ते रहते हैं। वे 1980 तथा 1985 व 1989 में लगातार तीन बार इटवा विधानसभा से विधायक चुने गए,जबकि वे लगातार तीन बार विधानसभा का चुनाव भी हारे। श्री पांडेय 2022 में सातवीं बार इटवा विधानसभा से विधायक चुने गये।

# इजरायल में फुटबॉल मैदान पर मिसाइल से हमला, 12 की मौत

## हिज्बुल्लाह को इसकी बड़ी कीमत चुकानी होगी : नेतन्याहू

- हमास के साथ समझौते पर मध्यस्थता के लिए इजरायल का प्रतिनिधिमंडल रोम रवाना

एजेंसी

**तेल अवीव।** इजराइल के नियंत्रण वाले गोलान हाइट्स पर किए गए मिसाइल हमले में 12 युवाओं की मौत हो गई। हमला एक फुटबॉल मैदान पर किया गया, जहां ये नौजवान फुटबॉल खेलते समय इसकी चपेट में आ गए। यह हमला हिज्बुल्लाह की तरफ से किये जाने का आरोप है। इस खबर के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपनी अमेरिका यात्रा अधूरी छोड़ कर वापस लौटे। उन्होंने चेतावनी दी है कि हमलावर को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि इजराइल इस हमले पर चुप नहीं बैठेगा।



हिज्बुल्लाह को इसकी बड़ी कीमत चुकानी होगी और वह कीमत ऐसी होगी, जो हिज्बुल्लाह ने कभी नहीं चुकाई होगी। इजराइल का दावा है कि हमले के पीछे हिज्बुल्लाह का हाथ है।

हिज्बुल्लाह ने हमले की जिम्मेदारी से इनकार किया है। खास बात यह है कि यह हमला दक्षिणी लेबनान पर इजराइली हवाई हमले में हिज्बुल्लाह समूह के तीन सदस्यों के मारे जाने के कुछ घंटों के बाद हुआ है।

इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि यह हमला हिज्बुल्लाह का असली चेहरा दिखाता है, जो आतंकी संगठन है। उसने शनिवार शाम को फुटबॉल खेल रहे बच्चों को निशाना बनाया और उनकी हत्या की। हमले के बाद इजराइल और हिज्बुल्लाह में सीधी जंग छिड़ने की आशंका बनी हुई है। पिछले साल अक्टूबर में इसराइल-गजा युद्ध छिड़ने के बाद इजराइल और हिज्बुल्लाह के बीच लगातार गोलीबारी हो रही है।

इजरायल ने हमास के साथ युद्ध समाप्त करने के एक अन्य प्रयास के तहत कतर, मिस्त्र और अमेरिकी मध्यस्थों के साथ बैठक के लिए अपनी खुफिया एजेंसी मोसाड के निदेशक डेविड बार्निया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल को रविवार को रोम रवाना किया।

इजरायल सरकार के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बैठक में अमेरिकी केंद्रीय खुफिया एजेंसी के निदेशक विलियम बर्न्स, कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल-थानी और मिस्त्र के खुफिया प्रमुख अब्बास कामेल शामिल होंगे।

## दिल्ली कोचिंग सेंटर में हादसे पर उपराज्यपाल सख्त, कहा

# दोषियों को दी जायेगी सजा

- कोचिंग सेंटर के मालिक अभिषेक गुप्ता व समन्वयक देशपाल सिंह गिरफ्तार
- राउज आइएएस कोचिंग सेंटर की बेसमेंट में बारिश का पानी भरने से शनिवार को तीन छात्रों की हुयी थी मौत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने राजेन्द्र नगर के एक कोचिंग संस्थान में हुए हादसे पर दुख जताते हुए भरोसा दिलाया है कि जिनके कारण तीन कीमती जाने गईं हैं, उनकी जिम्मेदारी तय की जाएगी और दोषियों को सजा दी जाएगी। वहीं पुलिस ने कोचिंग सेंटर के मालिक अभिषेक गुप्ता और समन्वयक देशपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उपराज्यपाल सक्सेना ने एक्स पर कहा कि प्रशासन की उदासीनता और कोचिंग संस्थान चलाने वालों के आपराधिक कदाचार के कारण खोए हुए अनमोल युवा जीवन को कोई भी वापस नहीं ला सकता है। लेकिन जिन लोगों के कारण जान गई है, उनकी जिम्मेदारी तय की जाएगी और दोषियों को सजा दी जाएगी। उन्होंने हादसे को दुखद और अक्षम्य बताते हुए कहा कि ऐसे मुद्दों को अब और अधिक नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि संभागीय आयुक्त से मंगलवार तक दुखद घटना के हर पहलू को कवर करते हुए एक रिपोर्ट सौंपने को कहा है। उपराज्यपाल ने शनिवार को हुई तीन मौतों के अलावा पिछले दिनों में एक छात्र की करंट लगने से पटेल नगर में हुई मौत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत की राजधानी में ऐसा होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य है।




दिल्ली के राजेन्द्र नगर इलाके में स्थित राउज आईएएस स्टडी सर्किल कोचिंग सेंटर में तीन छात्रों की बेसमेंट में बारिश का पानी भरने से दर्दनाक मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कोचिंग सेंटर, बिल्डिंग के मैनेजमेंट और ड्रेनेज सिस्टम की देखभाल करने वाले और अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। साथ ही पुलिस ने कोचिंग सेंटर के मालिक अभिषेक गुप्ता और समन्वयक देशपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले पूर्व दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष एवं सांसद स्वाति मालीवाल ने हादसे में हुई मौतों के लिए दिल्ली सरकार और एमसीडी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मामले में मंत्री और मेयर को अपने आलीशान घर और एसी कमरों से निकल करके इन बच्चों से आकर माफी माँगनी चाहिए। पीड़ित परिवारों को 1-1 करोड़ की सहयोग राशि देनी चाहिये। उन्होंने सुबह राजेंद्र नगर में यूपीएससी छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि छात्रों के मन में बहुत गुस्सा है कि अभी तक दिल्ली सरकार के मंत्री और मेयर उनसे मिलने नहीं आये। इनका गुस्सा बिलकुल जायज है क्योंकि ये आपदा नहीं हत्या है। स्वाति ने राजेंद्र नगर की घटना में जान गँवाने वाली दोनों बेटियों के परिवार से आरएमएल अस्पताल में मुलाकात की।

### मृत छात्रों की हुयी पहचान

हादसे में मृत एक छात्र और दो छात्राओं की पहचान हो गई है। इनकी पहचान श्रेया यादव (अंबेडकर नगर, यू.पी.), तान्या सोनी (तेलंगाना) और नवीन डालविन (केरल, एर्नाकुलम) के रूप में की गई है।



नयी दिल्ली में रविवार को प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुनते भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री।



टोक्यो के एडोगावा में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण करते विदेश मंत्री एस. जयशंकर

### राम मंदिर का निर्माण 31 दिसंबर तक होगा पूरा : नृपेंद्र मिश्रा

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहा है कि राम मंदिर का निर्माण कार्य 31 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। मंदिर निर्माण समिति की बैठक में भाग लेने के लिए रविवार को अयोध्या पहुंचे नृपेंद्र मिश्रा ने मीडियाकर्मियों से कहा कि राम मंदिर के प्रथम तल पर जो भी व्यवस्थाएं हैं उसको सुनिश्चित करना है। प्रथम तल पर इस तरह की रेलिंग लगाई जाए ताकि कोई बालक पहुंचता है तो उसके गिरने की संभावना न हो। वहां पर वर्टिकल बाड़ लगाया जाए या फिर जाली लगाई जाए, इसका निर्णय होना है। मिश्रा ने कहा कि शेषावतार मंदिर का निर्माण शुरू हो चुका है। शेषावतार मंदिर की नई ड्राइंग के अनुसार उसका निर्माण कार्य हो रहा है। शेषावतार लक्ष्मण जी के अवतार से जुड़ा है।

# जल्द सेना को परीक्षण के लिए मिलेगा टैंक जोरावर

- उच्च ऊंचाई वाले युद्ध क्षेत्रों में तैनात किये जायेंगे
- परीक्षण के बाद 2027 तक सेना के बेड़े में होगा शामिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चीन की सीमा पर पहाड़ी इलाकों के लिए उपयुक्त तेज बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों की तलाश पूरी हो गई है। लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने डीआरडीओ के सहयोग से ढाई साल के भीतर स्वदेशी लाइट टैंक जोरावर का पहला प्रोटोटाइप तैयार कर लिया है। दो साल तक परीक्षण होने के बाद 2027 तक इसे सेना में शामिल कर लिया जाएगा। लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में उच्च ऊंचाई वाले युद्ध क्षेत्रों के साथ-साथ कच्छ के रण जैसे नदी क्षेत्रों में भी इन हल्के टैंकों को तेजी से तैनात किया जा सकता है। पूर्वी लद्दाख में टकराव के बाद भारतीय सेना ने चीन को चौतरफा घेरने के लिए एलएसी पर 40 से 50 टन वजन वाले रूसी मूल के भीष्म टी-90, टी-72 अजय और मुख्य युद्धक टैंक अर्जुन भी तैनात कर रखे हैं। लद्दाख के ऊंचाई वाले युद्ध क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए सेना के जवानों को कई दर्रों से गुजरना पड़ता है। ऐसी स्थिति में ऑपरेशन के दौरान आवश्यकता पड़ने पर टी-72 और अन्य भारी टैंक उस स्थान तक नहीं पहुंच सकते हैं। इसलिए उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए हल्के वजन वाले टैंकों की



जरूरत महसूस की गई, ताकि इन्हें 8 से 10 हजार फीट की ऊंचाई पर ले जाया जा सके। इसके बाद भारत ने खुद प्रोजेक्ट जोरावर के तहत 25 टन से कम वजन वाले 354 टैंकों का निर्माण करने का फैसला लिया। सैद्धांतिक रूप से डीआरडीओ को 2021 के अंत तक 354 टैंकों की आवश्यकता में से 59 का निर्माण करने के लिए हरी झंडी दे दी गई थी। इसके बाद डीआरडीओ ने हल्के टैंकों को विकसित किया और एलएंडटी को इसके निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई। डीआरडीओ और एलएंडटी ने टैंक की डिजाइन तैयार की है, के-9 वज्र सेल्फ प्रोपेल्ड आर्टी 155 मिमी. की चेसिस पर आधारित है। एलएंडटी ने ही गुजरात के हजीरा में एलएंडटी के प्लांट में के-9 वज्र टैंक तैयार किया है। अब एलएंडटी ने डीआरडीओ के सहयोग से ढाई साल के भीतर स्वदेशी लाइट टैंक जोरावर का पहला प्रोटोटाइप तैयार कर लिया है, जिसका अनावरण 6 जुलाई को किया गया था। लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में उच्च ऊंचाई वाले युद्ध क्षेत्रों के साथ-साथ कच्छ के रण जैसे नदी क्षेत्रों में भी इन हल्के टैंकों को तेजी से तैनात किया जा सकता है। ये सभी टैंक हल्के होने के साथ-साथ बेहतर मारक क्षमता और सुरक्षा प्रदान करने वाले होंगे। डीआरडीओ प्रमुख डॉ. कामत ने कहा कि पहला प्रोटोटाइप अगले छह महीनों में विकास परीक्षणों से गुजरेगा और फिर भारतीय सेना को दिसंबर तक उपयोगकर्ता परीक्षण के लिए सौंप दिया जाएगा। परीक्षण पूरे होने में संभवतः दो साल लगेंगे और इसके बाद 2027 तक इसे सेना के बेड़े में शामिल कर लिया जाएगा।

# छह कंपनियों का मार्केट कैप 1.85 लाख करोड़ बढ़ा

एजेंसी

शेयर समीक्षा

- सबसे अधिक लाभ में एलआईसी व इन्फोसिस

**नयी दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,85,186.51 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और इन्फोसिस रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 728.07 अंक या 0.90 प्रतिशत चढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 44,907.49 करोड़ रुपये बढ़कर 7,46,602.73 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 35,665.92 करोड़ रुपये बढ़कर 7,80,062.35 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 35,363.32 करोड़ रुपये बढ़कर 6,28,042.62 करोड़ रुपये रहा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मूल्यांकन में 30,826.1 करोड़ रुपये का उछाल आया और यह 15,87,598.71 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 30,282.99 करोड़ रुपये बढ़कर 8,62,211.38 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 8,140.69 करोड़ रुपये बढ़कर 12,30,842.03 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 62,008.68 करोड़ रुपये घटकर 20,41,821.06 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक के मूल्यांकन में 28,511.07 करोड़



रुपये की गिरावट आई और यह 8,50,020.53 करोड़ रुपये पर आ गया। एसबीआई की बाजार हैसियत 23,427.1 करोड़ रुपये घटकर 7,70,149.39 करोड़ रुपये रह गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 3,500.89 करोड़ रुपये घटकर 6,37,150.41 करोड़ रुपये पर आ गया। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी और आईटीसी का स्थान रहा।

### फेडरल के निर्णय का बाजार पर रहेगा असर

अगले सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक में ब्याज दर में कटौती को लेकर होने वाले निर्णय के साथ ही घरेलू स्तर पर वाहन बिक्री, औद्योगिक उत्पादन के आने वाले आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे का असर रहेगा। अगले सप्ताह 30-31 जुलाई को अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक होने वाली है। इस बैठक के नतीजे पर बाजार की नजर रहेगी। फेडरल रिजर्व से व्यापक रूप से उम्मीद की जा रही है कि वे अगले बुधवार को होने वाली बैठक में केंद्रीय बैंक की प्रमुख ब्याज दर को स्थिर रखेंगे। कुछ अर्थशास्त्रियों का मानना है कि जुलाई में कटौती करने का सही समय है।

### मेरा धैर्य गिफ्ट कार्ड की तरह है : काजोल



**मुंबई।** काजोल आए दिन सोशल मीडिया पर अपने निजी जीवन से लेकर कई तरह की पोस्ट करती रहती हैं। अभिनेत्री ने अपने विचार शेयर करते हुए कहा कि उनका धैर्य एक गिफ्ट कार्ड की तरह है और उन्हें निश्चित तौर पर पता नहीं है कि इसमें कितना बचा है। काजोल ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक विचार शेयर करते हुए कहा कि मेरा धैर्य मूल रूप से एक गिफ्ट कार्ड की तरह है। निश्चित नहीं है कि इसमें कितना बचा है, लेकिन हम इसे आजमा सकते हैं। काजोल को पिछली बार लस्ट स्टोरीज 2 में देवयानी के रूप में और वेब सीरीज द ट्रायल में नोयोनिका सेनगुप्ता के रूप में देखा गया था।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !